CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :22°C
न्यूनतम : 07°C

नई दिल्ली, शनिवार 6 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 245 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश में एसआईआर के आंकड़े जारी करे आयोग : अखिलेश यादव पेज 2



शेफाली वर्मा नवम्बर के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ के नामितों में खेल टाइम्स



इतिहास का जख्म: बाबरी विध्वंस सम्पादकीय



तीनों सेनाओं के चीफ बने आसिम मुनीर नियुक्ति को राष्ट्रपति जरदारी ने दी मंजूरी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने अनिल अंबानी समूह की कंपनियों की 1,120 करोड़ की सम्पत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** ईडी ने प्रसिद्ध उद्योगपति अनिल अंबानी की रिलायंस समूह की 18 संपत्तियों, फिक्स्ड डिपॉजिट, बैंक में जमा राशि और असूचीबद्ध निवेश में उनकी शेयरधारिता को जब्त किया है, जिनकी कीमत 1,120 करोड़ रुपये है। ईडी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और यस बैंक फ्रॉड केस के सिलसिले में की गई है। ईडी अधिकारी ने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की सात सम्पत्ति, रिलायंस पावर लिमिटेड की दो सम्पत्ति, रिलायंस वैल्यू सर्विस प्राइवेट लिमिटेड की नौ सम्पत्ति, रिलायंस वैल्यू सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, फी मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, आधार प्रोपर्टी कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड, गेम्स इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर फिक्स्ड डिपॉजिट और रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड और फी मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा असूचीबद्ध निवेश में किए गए निवेश भी शामिल हैं।

### हिमाचल-उत्तराखंड में बर्फबारी का अलर्ट

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं ने मध्य प्रदेश में सर्दी बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में शुक्रवार को बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल के ऊंचे क्षेत्रों में गुरुवार को कोल्ड वेव और कोहरा छाया रहा। लाहौल स्पीति के ताबो में गुरुवार को न्यूनतम तापमान माइनस 9.8 डिग्री तक पहुंच गया। जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में गुरुवार को पारा शून्य से नीचे चला गया। इससे नदी और झरने जम गए हैं। श्रीनगर में तापमान माइनस 4 डिग्री दर्ज किया गया। पुलवामा में माइनस 5.6 डिग्री, काजीगुंड में माइनस 3.6 डिग्री, कुपवाड़ा में माइनस 3.2 डिग्री तापमान रहा। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 17 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे है। सुबह के समय कई जिलों में कोहरा छा रहा है। राजस्थान में तापमान तेजी से गिर रहा है। सीकर, चूरू और जयपुर सहित कई शहरों में गुरुवार को सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। सीकर में न्यूनतम तापमान 1 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। इससे ओस की बूंदें जम गईं।

### पान मसाला व सिगरेट पर नया टैक्स लगेगा

**नई दिल्ली।** सिगरेट-पान मसाला जैसे प्रोडक्ट पर सरकार अब एक्स्ट्रा टैक्स लगाएगी। एक्स्ट्रा टैक्स से आने वाले पैसे को नेशनल सिक्योरिटी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी। लोकसभा में शुक्रवार को हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास हो गया। इस बिल के पास होने के बाद पान मसाला जैसी चीजें महंगी हो जाएंगी। बिल पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कारगिल लड़ाई तैयारी की कमी की वजह से हुई।

## दोनों देशों ने लिया संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प

# भारत-रूस के बीच आर्थिक सहयोग का पंचवर्षीय करार

**द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के सभी पहलुओं पर चर्चा, 2030 तक के लिए आर्थिक सहयोग का विस्तृत कार्यक्रम तय किया गया**


**श्रम, स्वास्थ्य सेवा एवं स्वास्थ्य शिक्षा, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के साथ नए ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए, दोस्ती की तुलना ध्रुव तारे से की**

**वार्षिक शिखर बैठक में रूस ने भारत को ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग व तेल आपूर्ति में निरंतरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत और रूस ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के सभी पहलुओं पर चर्चा करते हुए आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने का संकल्प लिया है और 2030 तक के लिए आर्थिक सहयोग का विस्तृत कार्यक्रम तय किया है।

दोनों देशों ने श्रम, स्वास्थ्य सेवा एवं स्वास्थ्य शिक्षा, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के साथ नए ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। रूस ने भारत को ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग करने और तेल आपूर्ति में निरंतरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां 23वीं भारत-रूस वार्षिक शिखर बैठक के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने वक्तव्य में दोनों देशों की दोस्ती की तुलना ध्रुव तारे से की और कहा कि यह दोस्ती मजबूत भरोसे की बुनियाद पर खड़ी है और समय की कसौटी पर खरी उतरी है। श्री मोदी ने कहा कि भारत और रूस के



बीच पांच वर्ष के आर्थिक सहयोग कार्यक्रम से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश में विविधता आएगी और सहयोग के नए अवसर खुलेंगे। श्री पुतिन ने कहा कि भारत और रूस के बीच सालाना व्यापार इस समय 64 अरब डॉलर के बराबर है जिसे 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुचांने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि शिखर बैठक के दौरान प्रतिनिधि स्तर की वार्ताओं के बाद जो विस्तृत दस्तावेज तैयार हुआ है उससे आर्थिक , व्यापारिक, प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक क्षेत्र में सहयोग को नए आयाम मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और रूस आपसी व्यापार -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत-रूस कृषि सहयोग को बढ़ाने पर सहमत, आलू, अनार के निर्यात का मसला सुलझा

**नई दिल्ली।** भारत और रूस ने कृषि वस्तुओं के व्यापार को बढ़ाने, खाद्यान्न और बागवानी उत्पादों के निर्यात की नई संभावनाओं का पता लगाने पर सहमति जताई है। केंद्रीय कृषि मंत्री, शिवराज सिंह चौहान ने रूस की कृषि मंत्री ओक्साना लुट के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक में आपसी सहयोग पर चर्चा की और भविष्य में साझेदारी के क्षेत्रों का उल्लेख किया। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि भारत-रूस संबंध विश्वास, दोस्ती और आपसी सहयोग पर आधारित हैं। दोनों देश कृषि व्यापार, उर्वरक, बीज, बाज़ार पहुंच और संयुक्त शोध में सहयोग को गहरा करने पर सहमत हुए। उन्होंने दोनों देशों के किसानों को लाभ पहुंचाने और नवाचार को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।

### पुतिन ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्री पुतिन ने बापू की समाधि पर सिर झुकाया और परिक्रमा की। उन्होंने एक पुष्प चक्र चढ़ाया और बापू के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने राजघाट पर रखी स्मारिका में रूसी भाषा में लिखा कि महात्मा गांधी ने अहिंसा और सच्चाई के जरिये हमारी धरती पर शांति के लिए एक अनमोल योगदान दिया, जिसका प्रभाव आज भी कायम है। महात्मा गांधी ने एक नई, ज्यादा निष्पक्ष, बहुध्रुवीय दुनिया की व्यवस्था का रास्ता दिखाया, जो अब बन रही है। समानता, आपसी सम्मान और सहयोग पर अपनी शिक्षाओं में, आज भारत - दुनिया के लोगों के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर इन्हीं सिद्धांतों और मूल्यों की रक्षा करता है।

### पुतिन के डिनर में राहुल-खड़गे को न्योता नहीं, शशि थरूर को बुलाया

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में शुक्रवार रात राष्ट्रपति भवन में डिनर आयोजित होना है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को निमंत्रण नहीं दिया गया है। वहीं कांग्रेस के ही सांसद शशि थरूर को बुलाया गया है। इससे पहले राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि सरकार, विदेश से आने वाले शीर्ष नेताओं (दिग्निटरीज) से मिलने नहीं देती। उनसे कहती है कि वे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) से न मिलें। इसका कारण सरकार की असुरक्षा है। राहुल ने कहा था कि विपक्ष भारत का प्रतिनिधित्व करता है और उनका दृष्टिकोण जानना भी जरूरी होता है, लेकिन सरकार नहीं चाहती कि विपक्षी नेताओं की विदेश नेताओं से मुलाकात हो।

## एमएसपी पर चंद्रशेखर ने निजी विधेयक पेश किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद सदस्य और आजाद समाज पार्टी (आसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद एडवोकेट ने किसानों को उसकी कृषि उपज के लिए न्यूनतम मूल्य प्राप्त करने और उससे संबंधित विषयों का उपबंध बनाए जाने के लिए लोकसभा में किसान कृषि उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्ति अधिकार विधेयक 2024 प्रस्तुत किया।

विधेयक में कहा गया है कि केन्द्रीय कृषि एवं किसान मंत्रालय द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) किसानों को खुले बाजार में कीमतों में गिरावट की स्थिति में घोषित मूल्य पर उपज बेचने का अधिकार देता है, ताकि उन्हें वित्तीय नुकसान से बचाया जा सके। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में एमएसपी की प्रभावशीलता में गिरावट आई है, क्योंकि अधिकांश किसानों को घोषित एमएसपी नहीं मिलता। जो कुछ मुठ्ठी भर राज्यों तक सीमित रह गई है। विधेयक में कहा गया है कि ऐसी



**नगीना में एम्स की स्थापना व एससी/एसटी पर अत्याचारों के मुद्दे को लेकर भी आसपा प्रमुख ने बिल पेश किए**

स्थिति में हमारे कृषि उत्पादों के एक बड़े हिस्से के लिए गारंटीकृत एमएसपी घोषित किए जाने की आवश्यकता है, चाहे वो सरकारी स्रोत से प्राप्त हों या अन्य स्रोतों से। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने एक अन्य बिल में उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के नगीना में एक 'एम्स' की स्थापना तथा अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों के प्रति अत्याचार और जातिगत भेदभाव के मामलों का पता लगाने व रिपोर्टिंग के लिए भी बिल पेश किया।

### इंडिगो एयरलाइंस 15 दिसम्बर तक के टिकट रद्द कराने पर देगी पूरा रिफंड

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करने से प्रभावित लोगों और हवाई अड्डे पर फंसे यात्रियों से माफी मांगते हुए 15 दिसम्बर तक के टिकट रद्द कराने पर पूरा पैसा वापस करने का आश्वासन दिया है। एयरलाइंस ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में यात्रियों से माफी मांगते हुए कहा कि 5 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक की यात्रा के टिकट रद्द कराने पर पूरा रिफंड दिया जाएगा और कोई कटौती नहीं की जाएगी। यात्रियों को भुगतान उसी खाते में किया जाएगा, जिससे भुगतान किया गया था। इसके साथ ही यात्रा की तारीख और समय में बदलाव के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उसने कहा कि हवाई अड्डों पर फंसे यात्रियों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था की है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए वेटिंग लॉन्ज की व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को देश भर में इंडिगो की सैकड़ों उड़ानें रद्द रही हैं।

## हम नहीं चाहते एआई न्यायिक प्रक्रिया पर हावी हो: सीजेआई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को न्यायपालिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) के बेहिसाब इस्तेमाल पर रोक लगाने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि हमें न्यायपालिका में एआई और एमएल टूल्स के बुरे असर की जानकारी है, लेकिन इन मुद्दों को न्यायिक निर्देशों के बजाय प्रशासनिक स्तर पर निपटाया जा सकता है। याचिका कार्तिकेय रावल ने दाखिल की। उन्होंने एआई जनरेटेड कंटेंट और न्यायिक प्रोसेस में इसके गलत उपयोग से होने वाले खतरों से सुरक्षा की मांग की थी। याचिकाकर्ता ने कहा कि एआई टूल्स ऐसी न्यायिक मिसाल या फैसले बनाते हैं, जो असल में मौजूद नहीं होते और न्यायिक घोषणाओं का हिस्सा बन जाते हैं। सीजेआई ने कहा कि यह बार और जजों दोनों के लिए एक सबक है। यह चिंताजनक है। यह वकीलों-जजों -शेष पृष्ठ दो पर

**ज्यूडीशियरी में एआई का इस्तेमाल रोकने की याचिका खारिज, बेंच ने कहा: हम सावधान हैं**



### मंदिर का चढ़ावा भगवान की संपत्तिः कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि मंदिर में चढ़ा हर एक रुपया भगवान की संपत्ति है और इसका उपयोग किसी को-ऑपरेटिव बैंक की आर्थिक हालत सुधारने के लिए नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट केरल के को-ऑपरेटिव बैंकों की याचिकाओं की सुनवाई कर रहा था, जिसमें बैंकों ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने ये याचिकाएं खारिज कर दीं। हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि बैंक तिरुनेल्ली मंदिर देवस्वम् को एफडी की रकम दो महीने के भीतर लौटाएं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने सुनवाई की। सीजेआई ने बैंकों के वकीलों से पूछा कि क्या आप मंदिर का पैसा बैंक बचाने के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं? कोर्ट ने कहा कि यह धन सुरक्षित और भरोसेमंद राष्ट्रीयकृत बैंक में रखा जाना चाहिए।

### हाईकोर्ट का मुर्शिदाबाद बाबरी मस्जिद विवाद पर दखल से इन्कार

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मुर्शिदाबाद में बनने वाली बाबरी मस्जिद की आधारशिला कार्यक्रम पर दखल देने से इन्कार कर दिया। साथ ही कहा कि इस दौरान शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। हाईकोर्ट उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें 6 दिसम्बर को निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर के कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग की गई थी। हुमायूं ने कहा कि कोर्ट के फैसले से याचिकाकर्ताओं को उचित जवाब मिला। बाबरी मस्जिद बनाने का ऐलान करने की वजह से टीएमसी ने गुरुवार को हुमायूं को सस्पेंड कर दिया था। इस बीच शुक्रवार को हुमायूं अपने समर्थकों के साथ मुर्शिदाबाद के बेलडांगा ब्लॉक -1 पहुंचे। यहां शनिवार (आज) मस्जिद का शिलान्यास होना है। दरअसल, मुर्शिदाबाद में 28 नवम्बर को कई जगहों पर बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के पोस्टर लगाए गए थे।

## लोन सस्ते होंगे, RBI ने ब्याज दर 0.25% घटाई

मुंबई, वार्ता

**भारतीय रिजर्व बैंक** (आरबीआई) ने कैलेंडर वर्ष 2025 में चौथी बार रेपो दर घटाकर अपना घर और वाहन के लिए ऋण चाहने वालों को नए साल से पहले बेहतरीन तोहफा दिया है।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की शुक्रवार को समाप्त तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में सभी छह सदस्यों ने सर्वसम्मति से रेपो दर में तत्काल प्रभाव से 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 5.25 प्रतिशत करने का फैसला किया। साथ ही अन्य दरों में भी चौथाई फीसदी की कमी की गई है। स्टैंडिंग डिपोजिट फैसिलिटी रेट अब पांच प्रतिशत और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी रेट तथा बैंक रेट 5.50 प्रतिशत हो गए हैं। रेपो दर वह दर होती है, जिस पर केंद्रीय बैंक, वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है। इससे पहले आरबीआई ने इस साल फरवरी में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत, अप्रैल में 0.25 प्रतिशत और जून में 0.50 प्रतिशत की कटौती की थी। अगस्त और अक्टूबर में रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया गया था। दिसम्बर की कटौती के बाद इस साल की गई कुल कटौती 1.25 प्रतिशत हो गई है।



**अपना घर और वाहन के लिए ऋण चाहने वालों को नए साल से पहले बेहतरीन तोहफा**

### आरबीआई ने 2025-26 का विकास अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत किया

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दूसरी तिमाही के मजबूत आंकड़ों को देखते हुए वित्त वर्ष 2025.26 के लिए विकास अनुमान को बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत जबकि खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि घरेलू स्तर पर कृषि पैदावार के आसार अच्छे बने हुए हैं, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों का लाभ जारी है, मुद्रास्फीति कम स्तर पर बनी हुई है, कंपनियों और बैंकों की बैलेंसशीट मजबूत है और विकास के आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। बाहरी कारकों के बारे में उन्होंने कहा कि सेवा क्षेत्र का निर्यात मजबूत बने रहने की संभावना है, हालांकि वस्तु निर्यात को लेकर बाधाएं बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन कारकों को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## चार दिन में 1700 फ्लाइट रद्द, सरकार बैकफुट पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की पिछले 4 दिनों में 1700 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने के बाद केंद्र सरकार शुक्रवार को बैकफुट पर आ गई है।

नागरिक उड्डयन महा निदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया। इधर दूसरी एयरलाइन के किराए में उछाल देखने को मिला है। यात्रियों को आप्शनल फ्लाइट्स की तलाश में सामान्य से दोगुनी कीमत पर टिकट खरीदने पड़ रहे हैं। बुकिंग साइट मेक माई ट्रिप के अनुसार, 6 दिसम्बर को दिल्ली से बेंगलुरु की सबसे सस्ती फ्लाइट का किराया 40,000 रुपये से ज्यादा है, जबकि कुछ फ्लाइट्स का किराया 80,000 रुपये तक हैं।

**पायलट का वीकली रेस्ट नियम वापस, एयरपोर्ट्स पर मारपीट के हालात**

## संक्षिप्त समाचार

### कफ सिरप मामले में पुलिस की एसआईटी वाराणसी पहुंची

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में शुक्रवार को सोनभद्र पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) वाराणसी पहुंची और अन्नपूर्णा इंक्लेवकॉलोनी स्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु कुमार अग्रवाल के कार्यालय पर जांच शुरू की। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले इस मामले के मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के पिता भोला प्रसाद जायसवाल को सोनभद्र पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में भोला प्रसाद ने चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु कुमार अग्रवाल का नाम लिया और बताया कि फर्म के सभी वित्तीय लेन-देन की जानकारी उनके पास है। इधर, मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर खुद को निर्दोष बताया है।

### आरबीआई 11 और 18 को खरीदेगा सरकारी प्रतिभूतियां

**मुंबई।** बैंकिंग तंत्र में तरलता यानी नकदी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 11 और 18 दिसम्बर को दो बार में एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा में मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद जारी बयान में इसकी घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि इसके अलावा केंद्रीय बैंक डॉलर/रुपया खरीद/बिक्री स्वैप के तहत वाणिज्यिक बैंकों से तीन साल के लिए पांच अरब डॉलर खरीदेगा। केंद्रीय बैंक ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह 11 दिसम्बर को 50,000 करोड़ रुपये और 18 दिसम्बर को 50,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूति खरीदेगा। उसने बताया कि डॉलर/रुपया स्वैप 16 दिसम्बर को किया जाएगा।

# एकाधिकार नीति का नतीजा है देश में हवाई सेवा का संकटः राहुल गांधी

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने देश के विभिन्न हिस्सों से उड़ानों के रद्द होने तथा देरी के कारण हवाई यात्रियों की परेशानी और इंडिगो एयरलाइंस की विफलता को सरकार की एकाधिकार नीति का परिणाम बताया है।

उन्होंने कहा कि इस संकट के बुनियाद सरकार की एकाधिकार की नीति में है और सरकार की इस नीति को अपनाने ने के कारण ही इंडिगो के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इंडिगो की विफलता मोदी सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है। एक बार फिर इसकी कीमत आम भारतीयों को चुकानी पड़ रही है, जिसके कारण विमान सेवाओं में देरी हो रही है और उड़ानें एक के बाद एक करके रद्द की जा रही हैं। उन्होंने विमान यात्रियों की इस लाचारी के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि भारत हर क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हकदार है। मैच फिक्सिंग करने वाली एकाधिकार की नीति ठीक नहीं है।

### मनरेगा के तहत कराए पक्के कार्यों का नहीं हुआ भुगतान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत गांवों में कराए गए पक्के निर्माण कार्यों का भुगतान 2023 से अब तक नहीं हुआ है। ग्राम प्रधान संगठन (उत्तर प्रदेश) के मुताबिक मनरेगा के अंतर्गत पक्के निर्माण कार्यों के मद में पूरे प्रदेश में 3500 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। ऐसे में आने वाले समय मे पंचायत चुनाव को देखते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय ने मुख्यमंत्री सहित मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जल्द भुगतान कराने की मांग की है। शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत गांवों में पक्के निर्माण कार्यों में स्कूल की चहारदीवारी, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों की मरम्मत जैसे कई कार्य कराए गए हैं।

# एसआईआर को लेकर विधायकों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)के फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 11 दिसंबर हैं। इस बीच पूरे एक सप्ताह तक भारतीय जनता पार्टी और संगठन का पूरा फोकस एसआईआर पर ही होगा, जिसे लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विधायकों के साथ वर्चुअल बैठक की, जिसमें उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं।

सीएम योगी ने वर्चुअल बैठक में सभी विधायकों से संवाद करते हुए एसआईआर को प्राथमिकता दिए जाने और गंभीरता से इस पर काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कड़ा संदेश दिया कि इसे लेकर कोई बहाना नहीं चलेगा, अगले एक



**एक्शन में सीएम योगी, एक हफ्ते रहेगा पूरा फोकस**

हफ्ते जो भी काम हैं उन्हें स्थगित कर दिया जाए और एसआईआर पर पूरा फोकस किया जाए। सीएम ने विधायकों का साफ निर्देश दिए कि एसआईआर की प्रक्रिया को धरातल पर उतारने के लिए काम करें। पार्टी के कार्यकर्ता बीएलओ के साथ घर-घर जाकर एसआईआर के गणना प्रपत्र भरवाने का काम करें। एसआईआर में कहीं पर भी एक भी नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए।

लखनऊ, वाराणसी, आगरा और मेरठ में एसआईआर में पिछड़ने की सूचना पर संगठन ने भी चिंता जताई है। बीते दिनों लखनऊ में सरकार, संगठन और संघ की समन्वय बैठक में भी इस मुद्दे को ज़ोर-शोर से उठाया गया था। संघ ने बताया कि भाजपा के कार्यकर्ता एसआईआर को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, पार्टी के द्वारा इसमें लापरवाही बरती जा रही है, जिसके बाद से सीएम योगी इसे लेकर एक्शन में नजर आ रहे है।

### उत्तर प्रदेश में एसआईआर के आंकड़े जारी करे आयोगः अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रहे एसआईआर कार्यक्रम को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग व राज्य प्रशासन से मांग की है कि प्रदेश में अब तक जितना भी एसआईआर हुआ है, उसके आंकड़े आज प्रकाशित किया जाए। यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- उप्र में कितने प्रतिशत एसआईआर हुआ है, इसका आंकड़ा आज प्रकाशित किया जाए। उन्होंने कहा कि बीएलओ पर जानलेवा दबाव हटाकर अतिरिक्त अधिकृत लोगों को समयावधि के अनुरूप इस काम पर लगाया जाए। इस बात की पक्की जांच-पड़ताल हो कि हर विधानसभा में पीडीए समाज के कितने लोगों को वोटर लिस्ट से हटाने की साजिश की जा रही है, हर हाल में इसे होने से रोका जाए।

## ड्रोन कैमरों से भी रखी जा रही नजर, धार्मिक स्थलों पर पुलिस की तैनाती

# यूपी में छह दिसम्बर को लेकर हाई अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा/अयोध्या।** प्रदेश के कई शहरों में अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को हुई घटना को लेकर हाई अलर्ट घोषित किया गया है। मथुरा के श्रीकृष्ण जन्म स्थान और शाही ईदगाह मस्जिद के पास बैरिकेडिंग की गई है। यहां पुलिस की तैनाती की गई है, दोनों इलाकों को 2 जोन, 4 सुपर जोन और 8 सेक्टरों में बांटा गया है। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है, वहीं रामनगरी अयोध्या में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

गुरुवार की देर रात वरिष्ठ अधिकारी और सुरक्षा एजेंसियों ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर समेत अन्य मंदिरों की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस मंदि. रों के आसपास चेकिंग अभियान चला रही है। होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट में चेकिंग की गई।



**मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद के पास बैरिकेडिंग, अयोध्या में चेकिंग**

आगरा-अलीगढ़ रेंज के पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। पीएसी और आरएएफ की टीमें भी मुस्तैद हैं। सभी बड़े मंदिरों और मस्जिदों के पास सादे कपड़ों में पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। विश्व हिंदू परिषद महानगर अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल ने ऐलान किया है कि हम 7 दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में भव्य शोभा यात्रा और वाहन रैली निकालेंगे। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि शोभायात्रा में हजारों की संख्या में विहिप और हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता शामिल होंगे। शोभायात्रा विभिन्न रास्तों से होकर निकाली जाएगी। प्रशासन से 6 दिसंबर को इस कार्यक्रम की अनुमति न मिलने के कारण 7 दिसंबर को आयोजन का निर्णय लेना पड़ा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया

> **एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि एटीएस कमांडो, एसएसबी के साथ हम लोग लगातार जांच कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। अयोध्या की सुरक्षा में एटीएस कमांडो, एसएसएफ, सीआरपीएफ, पीएसी और सिविल पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है।**

कि संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है।

इसके अलावा होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और धर्मशालाओं की चे. कंग कराई जा रही है। जिले के सीमावर्ती इलाकों में चेकिंग की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। बता दें कि अयोध्या में 6 दिसंबर 1992 को विवादित मस्जिद को ढहा दिया गया था। दो समुदायों के लोग अपने-अपने स्तर से इस दिन को याद करते हैं। कोई अनहोनी न हो, इसलिए हर साल इस मौके पर पूरे सूबे में हाई अलर्ट घोषित कर दिया जाता है। अयोध्या में भी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। सभी प्रवेश मार्गों पर चेकिंग के बाद ही अयोध्या में प्रवेश दिया जा रहा है। राम जन्मभूमि परिसर से सटे क्षेत्रों में खुफिया एजेंसियां सीसीटीवी कैमरे से निगरानी कर रहीं हैं।

लता चौक, टेढ़ी बाजार चौराहा, राम मंदिर का मुख्य द्वार, हनुमान गढ़ी, कनक भवन समेत लगभग 12 से अधिक स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आईजी, एसएसपी, एसपी सिटी, एसपी सुरक्षा समेत कई अफसर संवे. दनशील स्थानों का भ्रमण कर रहे हैं।

# आजम खां का बेटा अब्दुल्ला दोषी करार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** सपा नेता आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को दो पासपोर्ट मामले में रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम को दोषी मानते हुए अधि. कतम 7 साल की सजा और 50,000 रुपये जुर्माना लगाया है।

कोर्ट ने अब्दुल्ला को दो पासपोर्ट मामले में आरोप सिद्ध होने यह दंड निर्धारित किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की ओर से पेश साक्ष्य और बहस सुनने के बाद उन्हें दोषी करार दिया। फैसले के दौरान कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। कोर्ट इस इस फैसले के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई हैं। ये मामला साल 2019 का है, जब स्थानीय बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना ने इस संबंध में सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आजम खान के बेटे



**दो पासपोर्ट मामले में कोर्ट ने सुनाई सात साल की सजा**

अब्दुल्ला आजम ने कूट रचित दस्तावेजों और विवरण के आधार पर दो पासपोर्ट बनवाए है और वो इनका इस्तेमाल कर रहे हैं। अब्दुल्ला आजम ने अलग-अलग जन्मतिथि का उपयोग कर दो पासपोर्ट बनवाए और असत्य दस्तावेजों का प्रयोग किया है, जिसका वोटिंग, बैंकिंग व अन्य संवेदनशील कामों में गलत इस्तेमाल किया जा सकता है, जो समाज या देश के लिए खतरनाक हो सकता है। सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम पहले ही पैन कार्ड मामले में रामपुर की जेल में ही बंद है।



**सेंसेक्स** 85712.37
**निफ्टी** 26146.45



**सोना रु.** 128578
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 179025
प्रति किलो




# रेपो दर में कटौती से उछला शेयर बाजार, सेंसेक्स 447 अंक चढ़ा

**मुंबई, वार्ता**

रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के रिजर्व बैंक (आरबीआई) के फैसले के बाद शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी देखी गई और सेंसेक्स 447 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे तत्काल प्रभाव से 5.25 प्रतिशत कर दिया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति के फैसलों की जानकारी दी।

शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, लेकिन रेपो दर कम करने की घोषणा के बाद प्रमुख सूचकांक हरे निशान में चले गए। सेंसेक्स 447.05 अंक



(0.52 प्रतिशत) की बढ़त में 85,712.37 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचक. ांक भी गिरावट में खुलने के बाद 152.70 अंक यानी (0.59 प्रतिशत) चढ़कर 26,186.45 अंक पर पहुंच गया। मझौली कंपनियों में भी लिवाली हावी रही, जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा। बैंकिंग तंत्र में नकदी उपलब्धता बढ़ाने के उपायों की घोषणा के बाद बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। आईटी, ऑटो, धातु और रियलिटी समूहों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और फार्मा समूहों के सूचकांक गिरावट में रहे। सेंसेक्स में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर ढाई प्रतिशत के आसपास चढ़ा। बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस में करीब दो प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एलएंडटी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और इंफोसिस के शेयरों में भी एक फीसदी के अधिक की तेजी रही। हिदुस्तान यूनीलिवर में सबसे अधिक साढ़े तीन प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, सनफार्मा और ट्रेंट के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए।

# चांदी ऑलटाइम हाई पर, सोना के भाव भी बढ़े

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को चांदी के दाम अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी का दाम 2,400 रुपए बढ़कर 1,79,025 रुपए हो गया है। इससे पहले चांदी की कीमत 1,76,625 रुपए प्रति किलोग्राम थी।10 ग्राम सोना 733 रुपए महंगा होकर 1,28,578 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोना 1,27,845 रुपए का था।

आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेर्. कंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। इस साल अब तक सोने की कीमत 52,416 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,28,578 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 90,003 रुपए बढ़ गया है।

31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,79,025 रुपए प्रति किलो हो गई है। दुनियाभर के बड़े बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। इसलिए वे अपने खजाने में सोने का हिस्सा लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। जब बड़े बैंक लगातार खरीदते हैं तो बाजार में सोने की मांग बनी रहती है और कीमत ऊपर जाती है। क्रिप्टो में उतार-चढ़ाव और सख्त नियमों के डर से निवेशक पैसा सोने में लगा रहे हैं। पिछले कुछ समय के दौरान भारत में शेयर बाजार से कम रिटर्न ने भी सोने को आकर्षक बना दिया।

# विदेशी निवेश को रफ्तार देने की कवायद सीएम योगी ने की इन्वेस्ट यूपी की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश में विदेशी निवेश को नई रफ्तार देने के लिए चल रहे प्रयासों की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए साफ कहा कि उत्तर प्रदेश अब सिर्फ निवेश की संभावना नहीं, बल्कि निवेश के भरोसे का राज्य बन गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर निवेशक के साथ संवाद लगातार बना रहना चाहिए और किसी भी स्तर पर देरी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के सितम्बर 2025 तक की अवधि में उत्तर प्रदेश को 683 मिलियन अमेरिकी डॉलर का विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है और राज्य का कुल संचई विदेशी निवेश अक्टूबर 2019 से अब 2,754 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि चालू अवधि में प्रदेश को 5,963 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश प्रवाह मिला है, जो पिछले वर्षों की तुलना में तेज वृद्धि को दर्शाता है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि एफडीआई- एफसीआई-फॉर्च्यून 500 नीति-2023 के तहत अब तक 11 निवेश आवेदकों ने 13,610 करोड़ रुपये के प्रस्ताव दिए हैं। इसके अलावा 22 आवेदनों के माध्यम से 17,810 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और 56 हजार करोड़ रुपये के निवेश से जुड़े 29 आवेदन पाइपला. इन में हैं। उन्होंने ललितपुर फार्मा पार्क को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए कि इससे जुड़े अवसंरचना कार्यों में और तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि कई बड़ी दवा कंपनियों ने यहां निवेश में रुचि दिखाई है, ऐसे में उनसे लगातार संवाद बनाए रखा जाए और भूमि, बिजली, पानी जैसी सुविधाएं समय पर सुनिश्चित हों। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सभी विदेशी डेस्क द्वारा नियमित अंतराल पर राउंड टेबल बैठकें होती रहनी चाहिए। उन्होंने इन्वेस्ट यूपी की टीम से कहा कि हर निवेशक के साथ एकल संपर्क बिदु तय हो, ताकि उसे प्रणाली में भटकना न पड़े। योगी ने उद्योगों को गति देने के लिए 'प्लग एंड प्ले' मॉडल पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि निवेशक को पहले दिन से तैयार अवसंरचना मिलेगी, तो वह तेजी से काम शुरू कर सकेगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत-रूस...** एवं भुगतान के लिए धीरे-धीरे अपनी मुद्राओं के इस्तेमाल की दिशा में बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भुगतान की चुनौतियों को देखते हुए भारत और रूस के बीच बैंकिंग प्रणाली के इस्तेमाल की एक विशेष व्यवस्था की जा रही है। रूस पर पश्चिमी देशों की प्रतिबंधों को देखते हुए रूसी राष्ट्रपति का यह बयान महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि रूस ऊर्जा का एक बड़ा स्रोत है और वह भारत को तेल की आपूर्ति निरंतर जारी रखने को तैयार है। पुतिन ने कहा कि उनका देश भारत के साथ सैन्य साजो सामान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। प्रधानमंत्री और श्री पुतिन के बीच यूक्रेन सहित क्षेत्री और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी चर्चा हुई। श्री मोदी ने पहलगाम और क्रोकस सिटी में हाल में हुए आतंकवादी हमलों का उल्लेख करते हुए आतंकवाद को मानवता के मूल्यों पर सीधा प्रहार बताया। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ वैश्विक एकता ही सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले आठ दशकों में विश्व में अनेक उतार चढ़ाव आए हैं और मानवता को अनेक चुनौतियों और संकटों से गुजरना पड़ा है। इन सबके बीच भी भारत-रूस मित्रता एक ध्रुव तारे की तरह बनी रही है। उन्होंने कहा कि परस्पर सम्मान और गहरे विश्वास पर टिके ये संबंध समय की हर कसौटी पर हमेशा खरे उतरे हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज हमने इस नींव को और मजबूत करने के लिए सहयोग के सभी पहलुओं पर चर्चा की। आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाना हमारी साझा प्राथमिकता है। इसे साकार करने के लिए आज हमने 2030 तक के लिए एक सहयोग कार्यक्रम प्रोग्राम पर सहमति बनाई है। इससे हमारा व्यापार और निवेश विविधतापूर्ण, संतुलित और स्वस्थ बनेगा और सहयोग के क्षेत्रों में नए आयाम भी जुड़ेंगे। उन्होंने भारत रूस व्यावसायिक फोरम में श्री पुतिन के साथ शामिल होने के कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि यह मंच दोनों देशों के बीच व्यावसायिक संबंधों को नई ताकत देगा। इससे निर्यात, मिल कर उत्पादन और नवाचार के नए दरवाजे भी खुलेंगे।

**हम नहीं ...** पर एआई के बनाए केस को वेरिफाई करने की जिम्मेदारी डालता है। इसे न्यायिक एकेडमी और बार काउंसिल के न्यायिक अधिकारियों और वकीलों को ट्रेनिंग देकर निपटाया जा सकता है। हम इसका इस्तेमाल बहुत ज्यादा सावधानी से करते हैं। हम नहीं चाहते कि यह हमारे न्यायिक फैसले लेने की प्रक्रिया पर हावी हो। हालांकि एआई न्यायिक कामों में मदद कर सकता है, लेकिन यह न्यायिक तर्क की जगह नहीं ले सकता, उसे प्रभावित नहीं कर सकता। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि निचली अदालतों ने सुप्रीम कोर्ट के ऐसे उदाहरणों का हवाला देना शुरू कर दिया है जो असल में मौजूद नहीं हैं। ऐसे में यह सुप्रीम कोर्ट से रेगुलेटरी निर्देशों की जरूरत को सही ठहराता है। सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका को इन खतरों की जानकारी है। उन्हें न्यायिक ट्रेनिंग के जरिये निपटाया जा रहा है। जजों को क्रॉस-चेक करना चाहिए। यह न्यायिक अकादमी के सिलेबस का हिस्सा है, इसका ध्यान रखा जाता है। समय के साथ बार भी सीखेगा और हम भी सीखेंगे। अदालत को न्यायिक हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं दिखती। चीफ जस्टिस ने दोहराया कि चिंताएं सही हैं लेकिन न्यायिक रूप से कार्रवाई योग्य नहीं हैं और याचिकाकर्ता को प्रशासनिक स्तर पर सुप्रीम कोर्ट को सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया। अच्छी नीयत वाला कोई भी व्यक्ति हमें सुझाव देने के लिए स्वागत है। आप हमें उन्हें मेल कर सकते हैं। याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने की इजाजत मांगी, कोर्ट ने इसकी इजाजत दी।

# लोकसभा में दूषित भू-जल से पीड़ित ग्रामीणों को बीमारियों से बचाने की मांग

**नई दिल्ली, वार्ता**

लोकसभा में दूषित भू-जल से होने वाली कैंसर और अन्य बीमारियों की चपेट में आ रहे नागरिकों को बचाने के लिए सरकार से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की गई है। कांग्रेस कुमारी सैलजा ने शून्यकाल में यह मामला उठाया और कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में प्रवाहित होने वाली झज्जर नदी के अत्यंत प्रदूषण के कारण नदी तटों के आसपास रहने वाले गांवों के लोगों को दूषित भूजल पीने को बाध्य होना पड़ रहा है। इस जल के इस्तेमाल से लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होना पड़ रहा है और बड़ी संख्या में लोगों को फेफड़े से जुड़ी बीमारियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार को झज्जर नदी के संरक्षण की पहल करानी चाहिए और राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत निधि उपलब्ध कराई जानी चाहिए ताकि स्थानीय लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। तृणमूल कांग्रेस की प्रतिमा मंडल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जल जीवन मिशन के तहत पर्याप्त पैसा केंद्र से उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिसके कारण शुद्ध पेयजल योजनाओं को पूरा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र में लोगों को जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की सुविधा नहीं मिल पा रही है और इसकी वजह केंद्र से जल जीवन के लिए निधि नहीं मिलना है। उन्होंने केंद्र सरकार से तत्काल जल जीवन मिशन का पैसा राज्य सरकार को उपलब्ध कराने की मांग की है।

### अवैध बालू खनन पर रोक लगाने की मांग लोकसभा में उठी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को अवैध बालू खनन से होने वाले नुकसान को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की गई। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के सांसद सुदामा प्रसाद ने शून्यकाल में बिहार में चल रह अवैध बालू खनन का मुद्दा उठाते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से बालू खनन के कारण मध्य बिहार के पांच छह जिलों में नदियों के किनारे बसे गांवों पानी का जलस्तर नीचे चला गया है और हैंडपंप काम नहीं कर रहा है जिससे लोगों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रेखा गुप्ता ने मेट्रो को धूल नियंत्रण व सफाई के दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) को सख्त निर्देश दिए हैं कि वह अपने विभिन्न निर्माण स्थलों पर प्रभावी धूल नियंत्रण उपाय अनिवार्य रूप से लागू करे। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी कीमत पर निर्माण गतिविधियों से प्रदूषण न फैले। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश जारी किए हैं कि मेट्रो अपने एलिवेटेड रूट के नीचे कूड़ा-कचरा हटाकर वहां नियमित सफाई की व्यवस्था करे। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना है कि प्रदूषण के खिलाफ सरकार और उसके विभिन्न विभाग युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं, इसलिए प्रदूषण फैलाने वाले किसी भी विभाग की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जल्द ही मेट्रो के निर्माणाधीन स्थलों का दौरा करेंगी और वहां प्रदूषण को लेकर लापरवाही पाई गई तो मेट्रो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली मेट्रो रेल निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

बैठक में सरकार के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, मुख्य सचिव राजीव वर्मा, दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने इस बात पर नाराजगी जताई कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि मेट्रो के अधिकांश निर्माणाधीन स्थलों पर धूल उड़ रही है और वहां धूल से बचाव के प्रभावी प्रयास नहीं किए गए हैं। लोग यह भी शिकायत कर रहे हैं कि जहां मेट्रो का कार्य पूरा हो गया है, वहां सड़कों-फुटपाथ आदि को ठीक नहीं किया जा रहा है, जिस कारण प्रदूषण फैल रहा है, साथ ही यातायात भी बाधित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वयं भी देखा है कि मेट्रो के एलिवेटेड रूट के नीचे गंदगी और कूड़े के ढेर नजर आ रहे हैं, वहां साफ-सफाई को लेकर लापरवाही बरती जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा लगता है कि मेट्रो एलिवेटेड रोड का प्रयोग विज्ञापनों के लिए ही कर रहा है और वहां सफाई नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री ने ऐसे एलिवेटेड रोड के उदाहरण भी दिए और कहा इस तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मेट्रो अधिकारियों ने जानकारी दी कि निर्माणाधीन स्थलों पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है और वहां धूल आदि को रोकने के उपाय किए जा रहे हैं। मेट्रो अधिकारियों ने यह भी कहा कि मेट्रो एलिवेटेड रूट के नीचे की सफाई शुरू कर दी गई है।

## दो लाख रुपये की रिश्वत की पहली किश्त लेते पकड़ी महिला सब इंस्पेक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विजिलेंस ने संगम विहार थाने में तैनात महिला सब इंस्पेक्टर नमिता को डेढ हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बीते वीरवार को संगम विहार में रहने वाली महिला शिकायतकर्ता ने विजिलेंस सेल से संपर्क किया था। आरोप लगाया कि सब इंस्पेक्टर नमिता, जो उसके द्वारा दर्ज किए गए एक मामले में इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर है, ने उससे दो लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी और धमकी दी थी कि अगर रिश्वत नहीं दी तो केस कमजोर कर दिया जाएगा।

विजिलेंस की टीम ने संग विहार इलाके में घेराबंदी की। शिकायतकर्ता तय समय पर सब इंस्पेक्टर नमिता के ऑफिस गई और मांग पर, मांगी गई रिश्वत की पहली किस्त के तौर पर डेढ हजार रुपये दिए। सब इंस्पेक्टर नमिता ने शिकायतकर्ता को पैसे अपनी टेबल पर रखी एक फाइल के अंदर रखने का निर्देश दिया। विजिलेंस टीम ने तुरंत सब इंस्पेक्टर नमिता को पकड़ लिया और उसके पास से रिश्वत की रकम बरामद कर ली।

# डीटीसी के वित्तीय स्थिति में हुआ सुधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में हुए नुकसान से खुद को उबारते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में अपने आय स्रोतों में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की है। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व और मार्गदर्शन में दिल्ली परिवहन निगम अपने पुराने गौरव को वापस पाने की दिशा में लगातार तेज गति से काम कर रहा है।

हमारी सरकार की यह शानदार उपलब्धि डीटीसी की पारदर्शी, सार्वजनिक धन के जिम्मेदारी से उपयोग और सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को और बेहतर बनाकर डीटीसी की बस सेवा को लास्ट माइल कनेक्टिविटी प्रदान करने की प्रतिबद्धता को और ज्यादा मजबूत करती है। डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल 2025 से लेकर अक्टूबर 2025 के बीच दिल्ली परिवहन निगम के वित्तीय स्थिति में तेजी से सुधार किया है, जिससे डीटीसी की औसत मासिक आय 93.96 करोड़ रुपए पर पहुंच गई है, जबकि बीते वित्त वर्ष 2024-25 में यह औसत मासिक आय सिर्फ 68.54 करोड़ रुपए ही था। डीटीसी की औसत मासिक आय में हो रही तेजी से वृद्धि से साफ है कि हमारी सरकार सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को आधुनिक और मजबूत करने के साथ ही अपने संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन के जरिए डीटीसी को रेवेन्यू सरपल्स वाला संस्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मंत्री ने कहा कि अप्रैल से लेकर अक्टूबर 2025 के बीच डीटीसी को बस टिकट से होने वाली कमाई 220.33 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। पिंक टिकट सब्सिडी से अबतक 235.56 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है, जो महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना की सफलता को दर्शाता है और राजधानी दिल्ली में महिला सशक्तीकरण को भी बढ़ावा मिला है साथ ही महिलाओं के मुफ्त यात्रा से आर्थिक आत्मनिर्भरता भी बढ़ रही है।

परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि इस अवधि में स्पेशल हायर के अंतर्गत डीटीसी को होने वाली कमाई बढ़कर 63.40 करोड़ रुपये हो गई, जबकि बस पास की बिक्री से 36.38 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। इसी अवधि के दौरान डीटीसी को अन्य श्रोत (स्क्रैप की बिक्री, थ्व से ब्याज, विज्ञापन शुल्क, किराया प्राप्ति, पेनल्टी आदि) से हासिल होने वाली आय 102.04 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। दिल्ली परिवहन निगम के समग्र प्रदर्शन में तेजी से सुधार होने से अप्रैल से अक्टूबर तक कुल आय 658 करोड़ दर्ज की गई, जो डीटीसी की लगातार बेहतर होती आर्थिक प्रगति को दर्शाता है।

परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि ये आंकड़े दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के हमारी सरकार के निरंतर प्रयासों का परिणाम हैं। डीटीसी की बढ़ती आय और पारदर्शी कार्यप्रणाली हमारी इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि हम दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सुरक्षित, विश्वसनीय और बेहद किफायती परिवहन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम डीटीसी को और आधुनिक बनाने की दिशा में लगातार कार्य करते रहेंगे, ताकि दिल्ली वासियों को और बेहतर सार्वजनिक परिवहन की सुविधा मिले।

# विकसित दिल्ली लक्ष्य पूरा होने में दिव्यांगों की होगी महत्वपूर्ण भूमिका: इन्द्राज

**नई दिल्ली।** प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है कि, देश जब 2047 में अपनी आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मना रहा होगा तब उस विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होने में दिव्यांगों के कौशल का भी महत्वपूर्ण योगदान होगा, दिल्ली सरकार दिव्यांगों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की इसी दिशा में कार्य कर रही है। यह बात अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस को लेकर हुए कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कही। इस अवसर पर 208 दिव्यांगों को 356 उच्च गुणवत्ता वाले सहायक उपकरणों का वितरण भी किया गया। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांग की जगह दिव्यांग शब्द के प्रयोग की पहल कर दिव्यांगों को उनकी शक्ति का अहसास दिलाया। 'सुगम्य भारत अभियान' और दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 के जरिये दिव्यांगों का जीवन गरिमामय और सशक्त बनाया जा रहा है।

भारत अब विश्व के सबसे प्रगतिशील दिव्यांग अधिकार देशों में आता है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि 21 वीं सदी में देश के विकास में दिव्यांगों के कौशल की भागीदारी अधिक से अधिक हो, इस दिशा में दिल्ली सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विगत नौ महीनों में दिल्ली सरकार और समाज कल्याण विभाग ने भी विकसित दिल्ली लक्ष्य की दिशा में दिव्यांगजनों के जीवन को अधिक सुगम, सम्मानजनक और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों को सहयोग प्रदान करने हेतु 6000 मासिक 'अटेंडेंट अलाउंस' उपलब्ध कराया। ओलंपिक के साथ पैरालंपिक में भी स्वर्ण पदक के लिए 7 करोड़, रजत के लिए 5 करोड़ और कांस्य के लिए विजेताओं को 3 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। साथ ही एशियाई और पैरा एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक के लिए 3 करोड़, रजत पदक के लिए 2 करोड़ और कांस्य पदक के लिए 1 करोड़ रुपये देने की भी घोषणा की गई है।



अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस को लेकर हुए कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज।

## एक नजर

### 351 सड़कों का लैंड यूज बदले सरकार व्यापारियों को मिले राहत: सांसद बिधूड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने संसद में मांग की है कि दिल्ली नगर निगम द्वारा अनुमोदित 351 सड़कों के लैंड यूज परिवर्तन के प्रस्ताव को दिल्ली सरकार तुरंत स्वीकार करे। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान 2021 के अनुसार जिन सड़कों पर 70% से अधिक दुकानें हैं, उन्हें कमर्शियल रोड और जिन पर 50% से अधिक दुकानें हैं, उन्हें मिक्स्ड लैंड यूज रोड घोषित किया जाना चाहिए। बिधूड़ी ने कहा कि निगम ने वर्षों पहले 351 सड़कों का सर्वे कर उनकी सूची सरकार को भेजी थी, लेकिन अब तक उनका लैंड यूज बदला नहीं गया है, जिससे व्यापारी सीलिंग के भय में काम करने को मजबूर हैं। सांसद ने जोर देकर कहा कि लैंड यूज बदलने से दुकानदार कनवर्जन चार्ज जमा कर नियमों के तहत व्यापार कर सकेंगे, जिससे न केवल 13 हजार से अधिक सील दुकानें, जिनमें डिफेंस कॉलोनी जैसी मार्केट भी शामिल हैं, डिसील होंगी, बल्कि सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये का रेवेन्यू भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि लैंड यूज परिवर्तन से व्यापारिक गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी, रोजगार पैदा होगा और कर संग्रह में भी वृद्धि होगी, जिससे दिल्ली की अर्थव्यवस्था को सीधा लाभ मिलेगा।

### वीडीए हैंडबुक जारी की

**नई दिल्ली।** कॉइनस्विच ने वर्चुअल डिजिटल एसेट्स डिकोडेड नामक हैंडबुक लॉन्च करने की घोषणा की। यह देश की पहली व्यापक मार्गदर्शिका है, जिसे भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों, साइबरक्राइम इकाइयों और नीति-निर्माताओं की मदद के लिए तैयार किया गया है ताकि वे तेजी से विकसित हो रहे वीडीए इकोसिस्टम को बेहतर ढंग से समझ और संचालित कर सकें। लॉन्च पर प्रतिक्रिया देते हुए, कॉइनस्विच के सह-संस्थापक और सीईओ आशीष सिंघल ने कहा" भारत जमीनी स्तर पर क्रिप्टो अपनाने में एक वैश्विक अग्रणी के रूप में उभरा है और वर्ष 2025 में लगातार तीसरे साल ग्लोबल क्रिप्टो एडॉप्शन इंडेक्स में पहला स्थान हासिल किया है।

### ट्रांसजेंडर मॉडल्स के साथ फैशन शो होस्ट किया



**नई दिल्ली।** डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर ने मशहूर डिजाइनर रोजी अहलूवालिया के साथ मिलकर खादी दिखाते हुए एक ऐतिहासिक फैशन कल्चरल शो को सफलतापूर्वक होस्ट किया, जिसमें सबको साथ लेकर चलने, पहचान और भारत की रिच टेक्सटाइल विरासत का जश्न मनाया गया। मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट के सपोर्ट से और डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर के डायरेक्टर कर्नल आकाश पाटिल की लीडरशिप में ऑर्गनाइज किए गए इस इवेंट की दमदार थीम थी: "वी द पीपल।" कर्नल पाटिल के गाइडेंस और सोशली प्रोग्रेसिव इनिशिएटिव्स के प्रति कमिटमेंट ने यह पक्का किया कि यह शोकेस रिप्रेजेंटेशन, एम्पावरमेंट और कल्चरल प्राइड के लिए एक मीनिंगफुल प्लेटफॉर्म बने। उनके हौसले ने इस ऐतिहासिक इवेंट के लिए स्टेकहोल्डर्स, डिजाइनर्स और कम्युनिटी की आवाजों को एक साथ लाने में अहम भूमिका निभाई।

### दिल्ली सरकार करेगी पूरे रिंग रोड की धुलाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि शनिवार को दिल्ली सरकार पूरे रिंग रोड की धुलाई करने जा रही है। यह अभियान सुबह 8 बजे शुरू होगा, जिसमें सड़क, फुटपाथ, सेंट्रल वर्ज तो साफ किया ही जाएगा, साथ ही पूरे रिंग रोड के दोनों तरफ के पेड़ों, झाड़ियों आदि की धुलाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कहा कि यह ऐतिहासिक अभियान है। इससे पहले कभी भी पूरे रिंग रोड की एक साथ सफाई व धुलाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि इस अभियान के लिए आधुनिक मशीनों का प्रयोग किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य पूरे रिंग रोड को धूल से नियंत्रित करना और वायु गुणवत्ता में सुधार लाना है।

## मेडिकल इनोवेशन सेंटर का किया लोकार्पण

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में मेडिकल इनोवेशन सेंटर का लोकार्पण किया। इसके साथ ही मंत्री ने 5 से 7 दिसंबर तक चलने वाले MedTechX का भी उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर एमएएमसी की डीन डॉक्टर मुनीषा अग्रवाल, MIC की डायरेक्टर डॉक्टर सविता मिश्रा, डॉक्टर अनुराग मिश्रा, लोक नायक अस्पताल के निदेशक डॉक्टर बीएल चौधरी समेत सैकड़ों डॉक्टर्स, प्रोफेसर, मेडिकल के छात्र मौजूद रहे। एमएएमसी में मेडिकल इना. वेशन सेंटर के उद्घाटन के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि मौलाना आजाद में खोला गया सेंटर देश के सरकारी मेडिकल कॉलेज में अपनी तरह का पहला इनोवेशन सेंटर है।

# सौमेन दत्ता की जामा मस्जिद यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एक अत्यंत वरिष्ठ दृश्य कलाकार, सौमेन दत्ता, पिछले 25 वर्षों से दिल्ली की स्थापत्य विरासत को कैप्चर कर रहे हैं और उनकी कलाकृतियाँ मुख्य रूप से पेन स्केच और पेन रेंडरिंग की अनूठी शैली में बनी होती हैं, जिनमें पुरानी और नई दिल्ली दोनों की प्रतिष्ठित वास्तुशिल्प इमारतों को चित्रित किया गया है।



हाल ही में, उन्होंने दिल्ली की जामा मस्जिद को अलग-अलग नजरिए से कैप्चर किया है। जामा मस्जिद ए ट्रिप्टीक ऑफ पर्सपेक्टिव्स नामक यह श्रृंखला तीन अलग- अलग स्याही स्केचों के माध्यम से पुरानी दिल्ली की इस मुगल शिल्प का एक आकर्षक दृश्य वर्णन पेश करती है। इसकी पहली कृति, 'द लिविंग सिटी', मस्जिद को शाहजहानाबाद की जीवंत वास्तविकता में स्थापित करती है, जहाँ इसकी मीनारें व्यस्त बाजार के पीछे एक शानदार पृष्ठभूमि/बैकग्राउंड के रूप में नजर आती हैं। 'द मॉन्यूमेंटल थ्रेसहोल्ड' में मस्जिद के मुख्य दरवाजे और चौड़ी सीढ़ियों की बिल्कुल बराबर/ समरूप और भव्य बनावट को दिखाया गया है। यह चित्र मस्जिद को एक मजबूत, भारी और साहसी दिखने वाले 'विश्वास के किले' जैसा बनाता है। अंत में, 'द आर्किटेक्चरल सिल्हूट' एक शांत विहंगम दृश्य को दिखाता है, इसमें आसमान के सामने मेहराबों की पंक्तियों और संगमरमर के गुंबदों की सुंदर लय और खूबसूरती का जश्न मनाया गया है।

# पार्षद फंड की व्यवस्था नहीं करना निराशजनक: गोयल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के नेता एवं दिल्ली नगर निगम में निगम पार्षद मुकेश गोयल ने निगम आयुक्त द्वारा शुक्रवार को पेश किये गये बजट को आधा-अधूरा बताया है। उन्होंने आगे कहा कि इस बजट में अभी बहुत सी खामियां हैं और स्टेंडिंग कमेटी और सदन की बैठकों में चर्चा के दौरान दिल्ली के विकास का रास्ता तय किया जायेगा। मुकेश गोयल ने कहा कि निगम आयुक्त द्वारा किसी भी टैक्स की दर में बढ़ोतरी नहीं किया जाना और कोई नया टैक्स नहीं लगाना स्वागत योग्य कदम है। परंतु निगम पार्षदों के क्षेत्र के विकास के लिए बजट में कोई व्यवस्था नहीं किया जाना बेहद निराशा. जनक है। बजट में निगम पार्षदों के वार्डस में विकास कार्यों के लिए फंड की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। पिछले तीन वर्षों से एमसीडी की ओर से विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। सफाई और सड़कों का बुरा हाल है। ऐसे में निगम आयुक्त का यह बजट आधा-अधूरा ही है।

मुकेश गोयल ने आगे कहा कि इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी और हमारे सभी निगम पार्षद दिल्ली के विकास के लिए कटिबद्ध हैं और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। अब स्टेंडिंग कमेटी और सदन में बजट पर चर्चा होनी है। इस चर्चा के दौरान आईवीपी के सभी निगम पार्षद क्षेत्रीय विकास के लिए पार्षद फंड की व्यवस्था किये जाने पर जोर देंगे।




स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में मेडिकल इनोवेशन सेंटर का लोकार्पण करते।

# जलकल्याण के प्रयासों को मजबूत करता समाज हित में काम करने वालों का सम्मान: दिनेश गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी में 13 दिसंबर को कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित होने वाले फेस नेशनल हेल्थ अवॉर्ड और 'स्वास्थ्य जागरूकता-बेहतर कल की ओर' कार्यक्रम की तैयारियाँ तेजी से आगे बढ़ रही हैं।



इसी क्रम में फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी ने ट्रैफिक जोन के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार गुप्ता (आईपीएस) से मुलाकात कर उन्हें समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस प्रतिनिधिमंडल में फेस ग्रुप की ओर से शबाना अजीम, करण मेहरा, ललित गर्ग और मोहित गर्ग शामिल रहे। बैठक के दौरान समारोह के उद्देश्य, उसके सामाजिक महत्व तथा स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित करने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुई। डा. मुश्ताक अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह राष्ट्रीय स्तर का आयोजन डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों और स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवा देने वाले संस्थानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। आमंत्रण स्वीकार करते हुए दिनेश कुमार गुप्ता ने फेस ग्रुप की पहल की सराहना की और कहा कि समाजहित में काम कर रहे लोगों को सम्मानित करना सेवा भावना को बढ़ाता है तथा जनकल्याण के प्रयासों को मजबूत करता है। फेस ग्रुप पिछले तीन दशकों से शिक्षा, संस्कृति और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है और विभिन्न सामा. जिक अभियानों के माध्यम से समाज में जागरूकता तथा सकारात्मक सोच का वातावरण निर्मित करता रहा है। 13 दिसंबर को होने वाला यह राष्ट्रीय समारोह देशभर से आए प्रेरक व्यक्तित्वों के सम्मान का महत्वपूर्ण मंच बनने जा रहा है।

## प्रदूषण से निपटने को रेखा गुप्ता सरकार के प्रयास सराहनीय: रीना महेश्वरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अशोक नगर वार्ड की निगम पार्षद रीना महेश्वरी ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण कोई नई समस्या नहीं है, बल्कि हर साल सर्दियों में यह गंभीर रूप ले लेता है। उन्होंने बताया कि पिछली सरकारों ने प्रदूषण रोकने के लिए कोई स्थायी समाधान नहीं निक. ाला, जिसके कारण स्थिति और खराब हुई। वहीं आम आदमी पार्टी की सरकार ने 11 वर्षों में कोई ठोस योजना नहीं बनाई, जिससे समस्या और विकराल हो गई। रीना महेश्वरी के अनुसार रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार प्रदूषण को लेकर बेहद गंभीर है और ट्रिपल इंजन सरकार ने कई प्रभावी योजनाएँ लागू की हैं। कृत्रिम बारिश जैसी पहल भी की गई, हालांकि मौसम ने अपेक्षित साथ नहीं दिया। इसके बावजूद सरकार गड्ढे भरने, धूल नियंत्रण, प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों पर कार्रवाई और सड़कों पर नियमित छिड़काव जैसे कदम तेजी से उठा रही है।

# एआई युग में मैनेजमेंट शिक्षा को रूपांतरित करने की दृष्टि प्रस्तुत की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नोएडा ने अपने परिसर में एक विशेष मीडिया राउंडटेबल का आयोजन किया, जिसमें वरिष्ठ नेतृत्व और मीडिया प्रतिनिधियों ने डिजिटल युग में प्रबंधन शिक्षा के भविष्य पर विस्तृत और सारगर्भित चर्चा की।



कार्यक्रम का विषय भविष्य के लिए तैयार प्रबंधन शिक्षा: कैसे जयपुरिया नोएडा डिजिटल-फर्स्ट एआई दुनिया के लिए दक्ष पेशेवर तैयार कर रहा है। इस दौरान संस्थान ने भारत के पहले एआई-नेटिव बिजनेस स्कूल के रूप में अपनी अग्रणी भूमिका और तेजी से विकसित होते कारोबारी परिदृश्य के अनुरूप विद्यार्थियों को तैयार करने के अपने उद्देश्यपूर्ण प्रयासों को रेखांकित किया। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नोएडा के निदेशक डॉ. सुभाज्योति रे ने कहा जयपुरिया नोएडा में हम ऐसे प्रतिभागियों को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो डिजिटल-फर्स्ट अर्थ व्यवस्था में सफलता प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र हुआ, जिसके बाद संस्थान के अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और समग्र छात्र विकास के लिए निर्मित सुविधाओं का कैंपस टूर भी आयोजित किया गया।

# कलाकारों ने बताए ठंड में त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे सर्दी बढ़ती है, ठंडी हवा और आरामदायक शामों के साथ एक आम समस्या भी सामने आती हैख़्रसूखी, पपड़ीदार और थकी हुई त्वचा। शूटिंग के लंबे घंटे, भारी मेकअप, और बाहर-अंदर के बदलते तापमान के कारण टीवी कलाकारों के लिए स्किनकेयर और भी जरूरी हो जाता है, क्योंकि उनकी रोजमर्रा की दिनचर्या कैमरा-रेडी, हेल्दी स्किन पर निर्भर करती है। इस सीजन में, सोनी सब के प्रिय कलाकार दीक्षा जोशी, अक्षया हिंदालकर, श्रेनु पारिख बता रहे हैं वे कौन-से सावधानीपूर्ण रूटीन, आसान आदतें और सुकून देने वाली विंटर स्किनकेयर टिप्स अपनाते हैं, जो उन्हें ठंड में भी ग्लो बनाए रखने में मदद करती हैं। पुष्पा इम्पॉसिबल में दीप्ति की भूमिका निभा रही दीक्षा जोशी ने बताया, "जब आप रोज शूट करते हैं, तो मौसम और तनाव का असर सबसे पहले स्किन पर दिखता है। सर्दियों में मैं स्किनकेयर को एक छोटी-सी रिचुअल की तरह लेती हूँ, न कि किसी जल्दी में किए गए काम की तरह। मैं एक जेंटल क्लेंजर से शुरुआत करती हूँ, फिर हाइड्रेटिंग सीरम लगाती हूँ और उसके बाद एक रिच मॉइस्चराइजर से सब कुछ सील कर देती हूँ ताकि मेकअप के नीचे त्वचा टाइट न लगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

### फर्जी जीएसटी इनवॉइस रैकेट का हुआ पर्दाफाश

# 73.70 करोड़ का अवैध आईटीसी हड़पने वाला आरोपी दबोचा



**गाजियाबाद।** सीजीएसटी गाजियाबाद आयुक्तालय के अधिकारियों ने एक बार फिर एक बड़े फर्जी इनवॉइस रैकेट का पर्दाफाश किया है, जिसमें 410 करोड़ रुपए के फर्जी जीएसटी इनवॉइस जारी किए गए थे। इस संगठित फर्जीवाड़े के जरिए 73.70 करोड़ रुपए का अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया गया।

इस बड़े कर-चोरी नेटवर्क को 40 से अधिक फर्जी फर्मों के माध्यम से चलाया जा रहा था, जिसे मुख्य आरोपी श्री विनय सिंह, जो पेशे से अधिवक्ता हैं, की ओर से संचालित किया जा रहा था। आरोपी ने व्यक्तियों के ज़ल्व दस्तावेजों का दुरुपयोग करके खुद को अधिकृत प्रति. निधि के रूप में गलत तरीके से पंजीकृत कर लिया था।

वह सभी फर्जी फर्मों के GST पोर्टल, ई-वे बिल पोर्टल, TDS पोर्टल और व्यक्तिगत ईमेल खातों के यूजरनेम, पासवर्ड और OTP अपने मोबाइल नंबर पर प्राप्त कर अकेले ही पूरा रैकेट चला रहा था।

विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर, सीजीएसटी गाजियाबाद के एंटी-इवैजन प्रकोष्ठ ने कार्रवाई शुरू की, जिसमें यह उजागर हुआ कि आरोपी केवल फर्जी GST इनवॉइस जारी करने के उद्देश्य से, बिना किसी वस्तु या सेवा की वास्तविक आपूर्ति के, इन फर्जी कंपनियों का संचालन कर रहा था। यह पूरा जाल सरकारी राजस्व को चूना लगाने की एक सुनियोजित कोशिश थी, जिसके तहत 410 करोड़ रुपए के संरं. चत फर्जी लेन-देन के इनवॉइस बनाये गए, और 73.70 करोड़ रुपए का फर्जी आईटीसी उपयोग किया गया।

आरोपी को शुक्रवार (05 दिसंबर, 2025) को CGST Act, 2017 की धारा 69 के तहत गिरफ्तार किया गया है और उस पर धारा 132 के तहत दंडनीय अपराधों के आरोप लगाए गए हैं। उसे न्यायिक हिरासत के लिए सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

अधिकारियों का कहना है कि मामले की आगे की जांच जारी है। पुलिस इस फर्जी मामले को लेकर आगे की जांच कर रही है और इस फर्जीवाडे से जुड़े अन्य लोगों के होने की आशंका की पड़ताल कर रही है।

# विधायक ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भनेड़ा में आज दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण एवं उद्घाटन विधायक डॉ. मंजू शिवाच द्वारा फीता काटकर किया गया। यह दोनों कार्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने हेतु अत्यंत आवश्यक थे और अब इनके पूर्ण हो जाने से ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा।

**उद्घाटन किए गए कार्य इस प्रकार हैं-**

1) जयचंद के मकान से निरंकार के मकान तक नाली एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य। अनुमानित लागत 6.05 लाख है।

2) भुल्लन के मकान से डुबाना के रास्ते तक इंटरलॉकिंग तथा नाली निर्माण कार्य। जिसकी अनुमानित लागत 8.53 लाख है। ये दोनों निर्माण कार्य विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि (वर्ष 2025-26) के अंतर्गत पूर्ण किए गए हैं।

विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि गांवों का समग्र विकास सरकार की प्राथमिकता है और आधुनिक सुविधाओं का विस्तार तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में विकास कार्य की गति निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रेनबो पब्लिक स्कूल में बच्चों ने किया प्रदर्शनी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** वैशाली कामना स्थित रेनबो पब्लिक स्कूल में बच्चों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य किरण राणा द्वारा वह आए सभी सम्मानित नागरिकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया बच्चों द्वारा राम मंदिर का मॉडल चंद्रयान ऑपरेशन सिंदूर वेदास ज्वालामुखी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पाइथागोरस एवं मिसाइल लॉन्च के मॉडल बनाए गए। इस अवसर पर कौशांबी चौकी से अजय कुमार वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार पुंडीर फाउंडेशन से वरुण पुंडीर काउंसलर नीलू सिंह राखी अग्रवाल सोनिया प्रियंका राकेश सिंह श्वेता द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया इस कार्य में समा. जसेवी का विमला भट्ट का भी योगदान रहा स्कूल की तरफ से अध्यापक एवं अध्यापिका शिवांगी राहुल पार्वती नेगी पिंकी सिंह शालिनी रजनी रावत मनजीत शाह उर्मिला सुलोचना किरन रावत रश्मि रश्मि आर्या रचना तुली जूही सिंह उपस्थिति रही बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों बच्चों ने इसमें भाग लिया।

# नेहरु वर्ल्ड स्कूल में बास्केटबॉल चैम्पियनशिप का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** 64 वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनशिप नेहरु वर्ल्ड स्कूल में आगाज किया गया। आपको बता दें कि नेहरु वर्ल्ड स्कूल की मेजबानी में 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनशिप की शुरूआत होगी। जिसमें उत्तर प्रदेश की कुल 44 टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यकम का उद्घाटन मैच दोपहर 3 बजे आगरा व जौनपुर के बीच खेला जाएगा। इस 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों गोरखपुर, कानपुर, वाराणसी, लखनउ, आगरा, अलीगढ़, कासगंज, हाथरस, सोनभद्र, बलिया, मेरठ, जौनपुर, पीलीभीत, फर्रुखाबाद, अयोध्या,



एटा, मैनपुरी, अमरोहा, बिजनौर, गाजियाबाद, सहारनपुर, मुरादाबाद, उन्नाव, झांसी, बागपत, बुलंदशहर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, गौतमबुद्ध नगर, बहराइच, मथुरा, आजमगढ़, मिर्जापुर व शहाजहाँनपुर जिलों की टीमें इस प्रतियोगिता में एक दूसरे को चुनौती देंगे। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश पुलिस, बनारस हिंदू विश्व. विद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्व. विद्यालय, बनारस लाकोमोटिव वर्क्स, उत्तर पूर्वी रेलवे, सशक्त सीमा बल, आरडीएसओ व ट्रिपल टैंक अकादमी गाजियाबाद की टीमें भी प्रतियोगिता में होंगी।

खेले जाने वाले मैचों का ब्योरा निम्न है- आगरा व जौनपुर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय व हाथरस झाँसी व वाराणसी कासगंज व उन्नाव अमरोहा व गाजियाबाद अयोध्या व गौतमबुद्ध नगर मैनपुरी व लखनऊ विश्व. विद्यालय मिर्जापुर व इलाहाबाद विश्वविद्यालय आजमगढ व फर्रुखाबाद प्रतिभाग करेंगी।

## छात्रों ने दी विकसित भारत 2047 पर आधारित प्रस्तुतियां

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम के शक्ति खंड दो स्थित सेंट टेरेसा पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विकसित भारत विषय पर आधारित वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा प्रथम और द्वितीय के छात्रों ने विकसित भारत को दर्शाने वाली विभिन्न प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम नोएडा बच्चू सिंह सरस्वती वंदना कर किया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण विकसित भारत 2047 पर आधारित प्रस्तुतियां रहीं। बच्चों ने नृत्य, गीत और मंचन के माध्यम से भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्पना पेश की।

## टेंडर घोटाले में सीबीआई कोर्ट में सुनवाई हुई

**गाजियाबाद।** नोएडा प्राधिकरण में हुए टेंडर घोटाले के मामले में शुक्रवार को विशेष सीबीआई कोर्ट में सुनवाई हुई। प्राधिकरण के अधिकारी ने अदालत में उपस्थित होकर अपने बयान दर्ज कराए। जिसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 10 दिसंबर की तारीख नियत कर दी। सीबीआई से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2011 में नोएडा टेंडर घोटाला हुआ था। घोटाले की जानकारी मिलने पर सीबीआई ने मामले की जांच की थी। जांच में सीबीआई ने घोटाला होना पाया। आरोप है कि यादव सिंह ने अपनी चहेती फर्म को बिना टेंडर हुए ही काम दे दिया था। जिसमें अरबों का घोटाला होना पाया गया।

# एसआरएम में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली- एनसीआर कैंपस के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसीई ) विभाग द्वारा 9वीं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऑन माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजी. नियरिंग (आई सी एम ई टी ई 2025) का सफल आयोजन 4-5 दिसंबर 2025 को किया गया। यह सम्मेलन विभागाध्यक्ष डॉ. रुपाली सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकम्यूनिकेशन, स्मार्ट डिवाइसेज, एआई-एमएल, आइओटी , वीएलएसई , सिग्नल एवं इमेज प्रोसेसिंग तथा उभरती तकनीकों पर नवीन शोध को साझा करना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसके उपरांत सम्मेलन के संयोजक डॉ. आर. पी. महापात्रा ने स्वागत भाषण दिया और निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन ने



प्रतिभागियों को संबोधित किया।

सम्मेलन में विश्वभर से आए मुख्य वक्ताओं ने अपनी विशिष्ट विशेषज्ञता साझा की। जर्मनी के यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रेमेन से प्रोफेसर और निदेशक डॉ. रॉल्फ ड्रेक्सलर ने माइक्रो- इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन के वैश्विक रुझानों पर बात करते हुए शोध में नवाचार के महत्व को रेखांकित किया तथा छात्रों को अनुसंधान में गहराई से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास, ऑस्टिन के मिनीमैक्स लैब के डायरेक्टर डॉ. फांगझो झिया ने स्मार्ट रोबोटिक्स और नेक्स्ट- जेनरेशन कंट्रोल सिस्टम्स पर चर्चा की और बताया कि एआई और माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स किस प्रकार भविष्य की तकनीकों को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं। चीन की जियांगशान लेबोरेटरी के निद. ेशक डॉ. रवि कुमार आर्या ने उन्नत वायरलेस संचार तकनीकों, 6जी और क्वांटम कम्युनिकेशन के भविष्य पर विस्तृत जानक. ारी दी तथा वैश्विक संचार संरचना में हो रहे तीव्र बदलावों पर प्रकाश डाला। सिंगापुर के आई स्क्वायर आर, ए-स्टार' के प्रिंसिपल साइंटिस्ट व गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. नसीमुद्दीन ने हाई-फ्रीक्वेंसी कम्युनिकेशन, एंटीना सिस्टम डिजाइन और उद्योग-अकादमिक सहयोग की उपयोगिता पर चर्चा की तथा इस दिशा में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. महेश चन्द्र गोविल, निदेशक एन आई टी सिक्किम ने अपने उद्घाटन संबोधन में तकनीकी अनुसंधान को देश की प्रगति का आधार बताते हुए शोधार्थियों को नवाचार की ओर प्रेरित किया और वे सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन भी किया। दो दिनों के दौरान विभिन्न तकनीकी ट्रैक्स में कुल 43 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें कंप्यूटर साइंस एवं इंटेलिजेंट सिस्टम, एआई-एमएल, बिग डेटा, क्लाउड, आइओटी, एंबेडेड सिस्टम, स्मार्ट डिवाइसेज, माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स, वीएलएसई डिजाइन, स्मार्ट ग्रिड और ऊर्जा आधारित तकनीकों जैसे विविध विषय शामिल रहे।

# शिवशक्ति धाम डासना में हुई महाकाली वाहिनी की स्थापना

**गाजियाबाद।** शिव शक्ति धाम डासना में शुक्रवार को महाकाली वाहिनी की स्थापना की गई। संस्था के संस्थापकों का कहना है कि महाकाली वाहिनी हिंदू लड़कियों के विरुद्ध हो रहे जिहादी षड्यंत्रों के खिलाफ लडेगी। यह संस्था पूरे विश्व की महिलाओं को जागरूक करेगी। संस्था की समन्वयक डॉ. उदिता त्यागी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य विश्व की हर हिंदू नारी में महाकाली तत्व को जगाना है, जिससे कि हमारी महिलाएं महाकाली बनकर अपने घर, बेटी और परिवार की रक्षा कर सके। उन्होंने बताया कि महाकाली वाहिनी एक गैर राजनैतिक संगठन है जो हर हिंदू महिला को जिहाद के सच से अवगत कराएगा। इस संगठन का मुख्यालय शिवशक्ति धाम डासना में ही रहेगा। महाकाली वाहिनी देवभूमि के ऋषिकेश में अपना पहला लव जिहाद मिटाओ बेटी बचाओ सम्मेलन करेगी जिसमें संपूर्ण भारत की प्रमुख हिंदू महिलाओं को निमंत्रित किया जाएगा। वाहिनी के सात प्रमुख उद्देश्य हैं। इसमें नारियों को मां महाकाली के आध्यात्मिक और धार्मिक के विषय में सही जानकारी देना, सनातन धर्म की मूल अवधारणा से मातृशक्ति को अवगत कराना, महिलाओं को शिक्षित कर उन्हें परिवार को बढ़ाने और मजबूत करने के लिए प्रेरित करना, जिहाद और लव जिहाद के विषय मे जागरूक करना, आत्मरक्षा और परिवार की रक्षा का प्रशिक्षण देना, महिला गुरुकुल की स्थापना और महिला वृद्धाश्रम की स्थापना करना है।



**गाजियाबाद। पूर्व केंद्रीय मंत्री व गौतमबुधनगर सांसद महेश शर्मा की पूज्य माताजी ललिता शर्मा के निधन पर पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष अमरदत्त शर्मा गुरुजी, पंडित अशोक भारतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय व्यापार मंडल, समाजसेवी आर डी त्यागी, यादव ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महामंत्री सौरभ यादव सभी ने डॉक्टर महेश शर्मा से मिलकर उनके दुख में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।**

# सिकंदर यादव ने किया पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सेवा समर्पण कल्याण समिति द्वारा संचालित सेवा समर्पण सरस्वती विद्यामंदिर विद्यालय में कक्षा 4 से 8 के विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा वायु प्रदूषण जैसी महत्वपूर्ण समस्या पर उनकी समझ को विकसित करना था। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता का विषय "एयर पॉल्यूशन (वायु प्रदूषण)" निर्धारित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी सिकन्दर यादव को आमंत्रित किया गया। विद्यालय में आगमन पर समिति और विद्यालय परिवार द्वारा उनका गर्मजोशी से



स्वागत किया गया। यादव जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वायु प्रदूषण के कारण, प्रभाव और उसके समाधान पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया तथा उनकी प्रतिभा की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में बच्चों के चेहरों पर उत्साह और प्रसन्नता देखते ही बनती थी। इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा शालू सिंह ने मुख्य अतिथि सिकन्दर यादव का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यादव जी का आना बच्चों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा और उनके विच. ारों से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक चेतना का विकास हुआ है। कार्यक्रम के समापन पर सिकन्दर यादव ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि सेवा समर्पण सरस्वती विद्यामंदिर द्वारा बच्चों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी वे बच्चों की शिक्षा, प्रगति और विद्यालय के विकास हेतु हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। समिति और विद्यालय के संयुक्त प्रयासों से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा और विद्यार्थियों में पर्यावरण जागरूकता एवं रचनात्मक सोच को नई दिशा मिली।

## गज्जी भाटी हत्याकांड मामले में सुनवाई हुई

**गाजियाबाद।** गज्जी भाटी हत्याकांड में एमपी / एमएलए कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट में पुलिस इंस्पेक्टर एवं विवेचक ने उपस्थित होकर अपने बयान दर्ज कराए। जिसके बाद 10 दिसंबर की अगली तारीख कोर्ट ने नियत की। बचाव पक्ष के अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि खोड़ा निवासी गज्जी भाटी की वर्ष 2017 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा, शूटर राजू और नरेंद्र को नामजद कराया गया था। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

## युवक को गोली मारने के मामले में 36 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस की तीन टीम मामले के खुलासे के प्रयास जुटी हैं, आसपास के सीसीटीवी कैमरे की सहायता से गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं**

**लोनी।** थाना क्षेत्र के बाग राणप गांव में बुधवार रात चाउमीन खाने गए युवक के पेट में गोली मारने वाले मामले में 36 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

बाग राणप गांव निवासी तरुण बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे पड़ोस में रहने वाले अपने साथी गोलू के साथ घर से दूर चाउमीन खाने के लिए गया था। जहां अज्ञात ने कहासुनी होने के बाद उसके पेट में गोली मार दी थी। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में जीटीबी हालत में भर्ती कराया था। चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर उसके पेट से गोली निकाल दी थी।

घायल के पिता ने मामले में लोनी थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस की तीन टीम मामले के खुलासे के प्रयास जुटी हैं। आसपास के सीसीटीवी कैमरे की सहायता से गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# कोडॉन बायोटेक एलएलपी के साथ एमओयू हस्ताक्षर समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी को यह घोषणा करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि कोडॉन बायोटेक एलएलपी, नोएडा के साथ एक सहमतिपत्र (एमओयू) पर सफलतापूर्वक हस्ताक्षर किए गए। यह समारोह विश्वविद्यालय में प्राधिकारियों, वरिष्ठ अधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया।

एमओयू पर हस्ताक्षर कोडॉन बायोटेक एलएलपी की प्रबंध निदेशक डॉ. तृप्ति भटनागर तथा एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन द्वारा किए गए। इस अवसर पर माननीय कुलपति





प्रो. (डॉ.) परसंजीत कुमार, डीन-एकेडमिक्स प्रो. (डॉ.) ए. शनमुगनाथन तथा निदेशक, स्कूल ऑफ साइंसेस डॉ. ज्योति चौधरी भी उपस्थित रहे।यह रणनीतिक सहयोग उद्योगख्र शैक्षणिक सहभागिता को सुदृढ़ करने, शोध एवं विकास को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने तथा बायोटेक्नोलॉजी और लाइफ साइंसेज के क्षेत्रों में कौशल-आधारित शिक्षण के अवसर विकसित करने के उद्देश्य से किया गया है।

यह सहभागिता पाठ्यक्रम संवर्धन, इंटर्नशिप कार्यक्रम, संकाय विकास पहलों और संयुक्त शोध परियोजनाओं का समर्थन करेगी, जिससे नवाच. ारपूर्ण सीखने और पेशेवर विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी कोडॉन बायोटेक एलएलपी का हृदयपूर्वक आभार व्यक्त करती है और आशा करती है कि यह दीर्घकालिक सहयोग अकादमिक उत्कृष्टता और प्रभावी शोध को नई दिशा प्रदान करेगा। इस आयोजन की सफलता में चेयरमैन एवं चांसलर महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रो-चांसलर (प्रशासन) विमल कुमार शर्मा, तथा प्रो-चांसलर (एडमिन) पीयूष श्रीवास्तव का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक आवासीय प्लॉट जिसका क्षेत्रफल 55 वर्ग गज यानी 45.98 वर्ग मीटर खेत नंबर 741क स्थित हल्द्वानी मोड़ तहसील दादरी ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश- 201308 उक्त मकान के प्लाट को मुझ सूचनादाता ने बैनामा इकरारी श्री समर सिंह पुत्र बलराम सिंह यादव बैनामा द्वारा खरीद कर दिनांक 06.09.2016 जिसका बही नंबर-1 जिल्द संख्या- 9836 के पृष्ठ संख्या 117-142 पर क्रमांक 14417 में सब रजिस्ट्रार दादरी में दर्ज है इस पर वर्तमान में दो मंजिला मकान बना हुआ है संपत्ति का बैनामा/ रजिस्ट्री दिनांक 08.07.2025 को कहीं गुम हो गई है काफी तलाश करने पर भी नहीं मिली जिसका प्रयोग अन्य के लिए अवैध होगा जिसकी एफ.आई.आर/ सूचना दिनांक 26.11.2025 को उत्तर प्रदेश पुलिस के पोर्टल पर दर्ज कर दी गई है। जिसका एल.ए.आर. नंबर 20250000866249 है। अगर उक्त दस्तावेजों के बारे में किसी को कोई सूचना मिले तो मेरे अधिवक्ता श्री वीरेंद्र सिंह एडवोकेट (9999708325) ऑफिस एफ.एफ.एम 632,633 अंसल सुमंगलम आरडीसी राजनगर गाजियाबाद से संपर्क करें।

**अंजलि पत्नी संजय कुमार निवासी हल्द्वानी मोड़ ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश- 201 308**

# तमिलनाडु पुलिस की बस और कार में जोरदार टक्कर

■ दोनों वाहन पूरी तरह से जलकर खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हरीनगर में दिल्ली हाट के पास शुक्रवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जहां तमिलनाडु पुलिस की एक बस और एक मारुति बलेनो कार के बीच जोरदार टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई और वे पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

डीसीपी पश्चिम दराडे शरद भास्कर ने बताया कि सुबह करीब 11.38 बजे पीसीआर कॉल के जरिए बस में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर तमिलनाडु पुलिस की बस (टीएन 15जी 0067) और पीछे से टकराई बलेनो कार (डीएल 6सीआर 7009) दुर्घटनाग्रस्त और जल चुकी अवस्था में पाई गईं। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अलावा, एफएसएल जांच और क्राइम टीम की टीम अब यह जांच कर रही है कि आग पहले किस वाहन में लगी थी और इस भीषण टक्कर का वास्तविक कारण क्या था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आगे चल रही बस के अचानक ब्रेक लगाने के कारण, पीछे से आ रही बलेनो कार जिसकी रफ्तार सामान्य से अधिक थी, का चालक समय रहते कार रोक नहीं पाया और कार तेजी से बस से जा टकराई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि तुरंत ही वाहनों में आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए दोनों वाहन को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही देर में दोनों जलकर राख हो गए। वैसे समय रहते दोनों ही वाहन में सवार लोग बाहर निकल आए, जिसे किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के पीछे के कारणों की विस्तृत जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## देर रात चल रहे 'थ्री बॉक्सेस कैफे' से 25 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी-उत्तर जिला पुलिस ने अवैध रूप से चल रहे एक बार क्लब पर कार्रवाई करते हुए 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई समयपुर बादली पुलिस स्टेशन की टीम द्वारा की गई, जहां देर रात एक कैफे में अवैध रूप से शराब और हुक्का परोसा जा रहा था।उपायुक्त (बाहरी उत्तर जिला) हर्षेश्वर स्वामी ने बताया कि 3-4 दिसंबर की मध्यरात्रि को समयपुर बादली पुलिस को समयपुर मुख्य चौक पर एक अवैध बार चलने की सूचना मिली थी।

सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह जाखड़ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें एसआई सतेंद्र, एसआई प्रमोद, एचसी करमजीत, एचसी शक्ति और एचसी विशाल शामिल थे। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची, तो उन्होंने संदिग्ध युवकों को एक इमारत में प्रवेश करते देखा। पीछा करने पर, इमारत की दूसरी मंजिल पर देर रात एक कैफे, जिसका नाम थ्री बॉक्सेस कैफे था, संचालित होता मिला। कैफे के अंदर तेज संगीत बज रहा था। पुलिस ने पाया कि 20 से 30 वर्ष की आयु के लगभग 16-17 पुरुष और 20 से 25 वर्ष की 7-8 महिलाएं सोफे पर बैठे थे और हुक्का पी रहे थे। 3-4 वेटर ग्राहकों को बीयर और व्हिस्की परोस रहे थे। कैफे के मैनेजर अनिल से पूछताछ करने पर वह शराब परोसने या कैफे चलाने का कोई वैध परमिट या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद, परिसर में मिली सभी सामग्री जब्त कर ली गई। जब्त सामग्री में 37 कैन बीयर, व्हिस्की की दो बोतलें (रेड लेबल और ब्लैक एंड व्हाइट), हुक्के (7-8) और एक म्यूजिक सिस्टम शामिल थे। पुलिस को कुछ 50 के नकली/गेमिंग करेंसी नोट भी मिले। इस संबंध में मैनेजर अनिल सहित कुल 25 लोगों को हिरासत में लिया गया। उनके खिलाफ दिल्ली आबकारी अधिनियम की धारा 33 व 38 और कोटपा की धारा 4 दिसंबर 2024 के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# काला जठेड़ी सिंडिकेट के सदस्यों पर लगा मकोका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में संगठित अपराध के खिलाफ चल रहे तेज अभियान के तहत, दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कुख्यात संदीप उर्फ काला जठेड़ी सिंडिकेट के खिलाफ कठोर मकोका कानून लगाया है और इसके सरगना सहित कई प्रमुख सदस्यों, शूटरों और सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

संयुक्त आयुक्त (क्राइम) सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि इस सिंडिकेट का गठन शुरू में पारिवारिक हत्याओं का बदला लेने के उद्देश्य से किया गया था। हालांकि, यह जल्द ही एक सुनियोजित आपराधिक उद्यम में बदल गया। इसका मुख्य उद्देश्य बदला लेने के साथ-साथ हरियाणा-दिल्ली क्षेत्र में वर्चस्व स्थापित करना और जबरन वसूली, ठेका हत्या, अवैध शराब व्यापार तथा डरा-धमकाकर जमीन विवाद निपटाने के माध्यम से वित्तीय लाभ कमाना था।

संयुक्त आयुक्त ने बताया कि सिंडिकेट ने अपनी आपराधिक गतिविधियों से बड़े पैमाने पर अवैध संपत्ति अर्जित की है। मकोका के तहत इन संपत्तियों और अपराध की आय से अर्जित परिसंपत्तियों की कुर्की के लिए उनकी पहचान की जा रही है। इस कार्रवाई की शुरुआत 09 नवंबर, 2024 को अमन विहार थाने में दर्ज एक मामले से हुई थी, जिसमें काला जठेड़ी गिरोह के जॉनी नामक सदस्य पर इंटरनेट कॉल के जरिए जबरन वसूली की धमकी देने का आरोप था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, धारा 308 (वसूली) के तहत दर्ज इस केस में बाद में मकोका की धारा 3 लगाई गई। शुरुआत में स्थानीय पुलिस ने जुगेश उर्फ योगी और रोहित लाठर को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद मामले की जाँच क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई।

जांच के दौरान, सिंडिकेट के प्रमुख सदस्यों संदीप उर्फ काला जठेड़ी (सरगना), अनिल रोहिल्ला उर्फ चिप्पी (कमांडर), और अभिषेक दहिया उर्फ मोहित उर्फ राजेश (मुख्य सदस्य भर्तीकर्ता) को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह का एक महत्वपूर्ण सदस्य अमन लाठर उर्फ जॉनी विदेश में छिपा हुआ है और अभी फरार है क्राइम ब्रांच ने बताया कि सिंडिकेट के कई सहयोगी, शूटर और सुविधा प्रदान करने वाले की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

# कार चालक की हत्या में आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के भोगल में एक सार्वजनिक शौचालय के पास पेशाब करने को लेकर हुई तीखी बहस के बाद नशे में धुत युवक एवं नाबालिगों के एक समूह ने 27 वर्षीय एक कार चालक की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह बारापुला फ्लाईओवर के नीचे हुई इस हत्या की गुत्थी मुख्य आरोपी 19 वर्षीय इमरान उर्फ घ्घ्पनवाड़ी की गिरफ्तारी और तीन नाबालिगों को पकड़े जाने के बाद सुलझी।

पुलिस ने बताया कि तीन दिसंबर सुबह हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। बाद में मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के अयोध्या निवासी कुलदीप उर्फ घ्घ्राम सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि जांचकर्ताओं ने आसपास के 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस ने बताया कि भोगल के जैन मंदिर के पास एक शौचालय के पास लगे कैमरे की महत्वपूर्ण फुटेज से पहली सफलता मिली। पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही तकनीकी निगरानी और मुखबिरों से मिली जानकारी की मदद से पुलिस ने संदिग्धों की पहचान की।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शालीमार बाग विधानसभा पीतमपुरा क्षेत्र में स्थानीय निवासियों के लिए बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

# इग्नू की वीसी प्रो. उमा कांजी लाल को मिला अवॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने घोषणा की है कि उसकी वाइस-चांसलर प्रो. उमा कांजीलाल को वर्ष 2025 के लिए डिस्टेंस एजुकेशन में उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रतिष्ठित प्रो. जी. राम रेड्डी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 4 दिसंबर 2025 को डॉ. बी. आर. अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर प्रो. घंटा चक्रपाणि द्वारा प्रदान किया गया, जिस दिन महान शिक्षाविद और भारत में डिस्टेंस एजुकेशन के अग्रणी प्रो. जी. राम रेड्डी की जयंती भी मनाई गई। यह पुरस्कार ओपन और डिस्टेंस लर्निंग में प्रो. कांजीलाल के उल्लेखनीय योगदान, टेक्नोलॉजी आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने में उनके प्रभावी नेतृत्व और नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा तक पहुंच विस्तार की प्रतिबद्धता को सम्मानित करता है। इसी अवसर पर बीआरएओयू और प्रो. जी. राम रेड्डी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा वार्षिक प्रो. जी. राम रेड्डी मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें भारत में ओपन यूनिवर्सिटी मॉडल की नींव रखने वाले इस महान शिक्षाविद को श्रद्धांजलि दी गई। प्रो. जी. राम रेड्डी को भारत की पहली ओपन यूनिवर्सिटी डॉ. बी. आर. अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और बाद में इग्नू के प्रथम वाइस-चांसलर के रूप में जाना जाता है।

## एनडीएमसी छह दिसम्बर को आयोजित करेगी सुविधा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगर पालिका परिषद 6 दिसंबर, शनिवार को एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड (पालिका केंद्र के पास) में अपना सुविधा शिविर आयोजित करेगी। यह शिविर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चलेगा। यह कार्यक्रम एनडीएमसी की नागरिक आउटरीच पहल का हिस्सा है, जिसके तहत नागरिकों को विभिन्न नगरपालिका सेवाओं से संबंधित जानकारी, सुविधा और शिकायत निवारण एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाता है।

सुविधा शिविर में एनडीएमसी क्षेत्र के निवासी, सेवा उपयोगकर्ता, आरडब्ल्यूए, एमटीए, तथा सेवारत और सेवानिवृत्त एनडीएमसी कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया है। वे बिजली कनेक्शन (नया, लोड परिवर्तन, नाम परिवर्तन), संपत्ति कर, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, कर्मचारियों के सेवा मामले, जलभराव, स्वच्छता, अपशिष्ट निपटान, सड़क मरम्मत, पेंशन योजनाएँ तथा बारात घरों व पार्कों की बुकिंग जैसी समस्याओं का समाधान पा सकेंगे। विभिन्न विभागों के हेल्पडेस्क नागरिकों की सीधे और त्वरित सहायता के लिए मौजूद रहेंगे।पालिका परिषद हर महीने के पहले शनिवार को ऐसा शिविर आयोजित करती है ताकि पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक-अनुकूल प्रशासन को प्रोत्साहित किया जा सके। इसके साथ ही एनडीएमसी "जन सुविधा पोर्टल" भी संचालित कर रही है, जिसके माध्यम से नागरिक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं, उनकी स्थिति देख सकते हैं और समाधान पर प्रतिक्रिया दे सकते हैं।

# रूस की एचएसई यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर डीयू बनाएगा स्पेस मिरर लैब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि और रूस की एच एस ई यूनिवर्सिटी मिलकर स्पेस मिरर लैब स्थापित करेंगे। इस विषय को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय और नेशनल रिसर्च यूनिवर्सिटी हायर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स , रूस के बीच 'स्टेटमेंट ऑफ कोऑपरेशन' पर शुक्रवार, 5 दिसंबर को हस्ताक्षर हुए।

इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने कहा कि यह बहुत ही खुशी का विषय है दो मित्र देशों के दो बड़े संस्थान संयुक्त रूप से अनुसंधान में आगे आए हैं। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित सहयोग एच एस ई यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर दिल्ली विश्वविद्यालय की फैकल्टी ऑफ टेक्नोलॉजी में एक स्पेस मिरर लैब बनाने के लिए है। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि एकेडमिक रिसर्च के मकसद से स्पेस स्पेक्ट्रम में डेटा स्टोरेज, प्रोसेसिंग और ट्रांसमिशन पर दिल्ली विश्वविद्यालय और एचएसई यूनिवर्सिटी के बीच एक साइंटिफिक मिरर लैबोरेटरी बनाना बहुत ही दूरदर्शी और महत्वाकांक्षी योजना है।

इस सामूहिक कार्य के तहत, दोनों यूनिवर्सिटी मिरर लैब के जरिए मिलकर ऐसे जॉइंट रिसर्च और एजुकेशनल प्रोजेक्ट पर काम करेंगी जो भारत और रूस के लिए काम के होंगे। कुलपति ने कहा कि इसके अलावा भी कई और शैक्षणिक परियोजनाएं भी पाइपलाइन में हैं। उइस अवसर पर एच एस ई यूनिवर्सिटी के रेक्टर डॉ. निकिता अनिसिमोवा और दिल्ली यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता ने कुलपति प्रो. योगेश सिंह की मौजूदगी में स्टेटमेंट ऑफ कोऑपरेशन पर हस्ताक्षर किए।

इस दौरान रूस की ओर से एचएसई यूनिवर्सिटी के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. मनोज शर्मा एवं उनके साथ सुश्री अनास्तासिया सर्गेवा उपस्थित रही, जबकि डीयू की ओर से डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, एसओएल की डायरेक्टर प्रो. पायल मागो, फैकल्टी ऑफ टेक्नोलोजी के डीन प्रो. संजीव सिंह तथा डीन अकादमिक प्रो. के. रत्नाबली सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुलजीत सिंह चहल ने पार्कों का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने सरोजिनी नगर में दो पुनर्विकसित पार्क केशव पार्क तथा सरोजिनी पार्क ख्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सरोजिनी नगर मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन्स के अध्यक्ष अशोक कुमार कालरा, उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह अरोड़ा, महासचिव नितिन भाटिया, अन्य सरोजिनी नगर मार्केट के प्रतिनिधि, एनडीएमसी विभागाध्यक्ष और सरोजिनी नगर मार्केट के बड़ी संख्या में आगंतुक उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, चहल ने सरोजिनी नगर मार्केट के महत्व को रेखांकित किया, जो दिल्ली के प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों में से एक है और प्रतिदिन हजारों आगंतुकों को आकर्षित करता है।

# मुख्यमंत्री ने विकास परियोजना कार्यों का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा पीतमपुरा क्षेत्र में स्थानीय निवासियों के लिए बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने हेतु विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कई ब्लॉकों में नई निर्मित सड़कों, नालियों और नागरिक सुविधाओं को जनता को समर्पित किया।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करते हुए सड़कों और नालियों के नव-निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने पीतमपुरा के केयू , एफ्यू, ईडी और एनडी ब्लॉकों में सड़कों और नालियों के नव-निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही बाउंड्री वॉल का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन ब्लॉकों में फ्रंट लेन और बैक लेन दोनों का विकास प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।मुख्यमंत्री ने विभिन्न नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने जीपी ब्लॉक सेवा बस्ती में जारी निर्माण गतिविधियों का जायजा लिया और शौचालय ब्लॉक, अटल कैंटीन, आरोग्य मंदिर, पेयजल एटीएम सहित सभी नागरिक संबंधित सुविधाओं की समीक्षा की। उसके जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में मल्टी-लेवल पार्किंग, कम्युनिटी हॉल, बड़ा ऑडिटोरियम, पार्कों का जीर्णोद्धार, डीडीए मार्केटों का नवीनीकरण, अटल कैंटीन और आरोग्य मंदिर जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्य किसी भी परिस्थिति में रुकेंगे नहीं और अगले पांच वर्षों में क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन लाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनका पूरा समय जनता की सेवा के लिए समर्पित है और क्षेत्र की प्रत्येक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।



दिल्ली विवि अकादमिक परिषद (एसी) की 1025वीं बैठक का आयोजन कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में।

# कॉलेज नियमित आधार पर करें स्थाई नियुक्तियां: प्रो. योगेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि अकादमिक परिषद (एसी) की 1025 वीं बैठक का आयोजन कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में 05 दिसंबर, 2025 को हुआ। बैठक के दौरान जीरो आवर में गेस्ट और एडहॉक शिक्षकों के मुद्दे पर पर बोले कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि हम डीयू का कल्चर बदलना चाहते हैं। आस्थाई नियुक्तियों की बजाए स्थायी नियुक्तियां की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि साल में दो बार शैक्षणिक की नियुक्तियां की जानी चाहिए। कुलपति ने कालेजों से कहा कि गेस्ट टीचर रखने की बजाए नियमित आधार पर स्थाई नियुक्तियां करें कॉलेज।बैठक के आरंभ में जीरो ऑवर के दौरान परिषद के सदस्यों ने अनेकों मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की और अपने-अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के दौरान रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता द्वारा एजेंडा प्रस्तुत किया गया। जिस पर सभी सदस्यों द्वारा चर्चा हुई। बैठक के दौरान एक सदस्य द्वारा मुद्दा उठाए जाने पर कुलपति ने कहा कि सभी कॉलेज अपने यहां स्पोर्ट्स के लिए कोच नियुक्त करें। इसके साथ ही कॉलेजों में इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी के मुद्दे पर कुलपति ने कहा कि जिस भी कॉलेज को ऐसी दिक्कत हो वह हिफा से अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए धन मांगे। प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि यह अच्छा मौका है, अगर यह योजना बंद हो गई तो फिर दिक्कतें हो सकती हैं इसलिए कॉलेज इस मौके का फायदा उठाएं।

# निजामुद्दीन इलाके में हत्या के मामले में एक बालिग समेत चार आरोपी पकड़े गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पुलिस ने हत्या के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें एक बालिग और तीन नाबालिग आरोपी हैं। यह गिरफ्तारी हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास शव मिलने के मामले में हुई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 3 दिसंबर की सुबह करीब 6 बजे हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास बारापुला फ्लाईओवर के नीचे एक अज्ञात पुरुष का शव मिला था। शव की शिनाख्त उत्तर प्रदेश के अयोध्या निवासी कुलदीप उर्फ राम सिंह के रूप में हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने एसटीएफ, नारकोटिक्स स्क्वाड और पुलिस स्टेशन सराय काले खान की एक टीम बनाई। इस टीम ने 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की।

इस दौरान जैन मंदिर भोगल के पास एक सीसीटीवी फुटेज मिला, जिससे मुख्य आरोपी इमरान पनवाड़ी और उसके साथी आरोपियों का चेहरा पहचानने में मदद मिली। इसके बाद इमरान पनवाड़ी (19 साल) और तीन नाबालिगों को धर दबोचा।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे इमरान का जन्मदिन मनाने के बाद इंडिया गेट जा रहे थे। भोगल में शौचालय के पास कुलदीप से उनकी कहासुनी हो गई थी। गुस्से में उन्होंने कुलदीप का मर्डर कर दिया और उसकी कार लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल किए गए चाकू, खून से सने कपड़े, और कुलदीप की चोरी हुई कार भी बरामद की।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी छुपने के लिए लगातार स्थान बदल रहे थे, लेकिन पुलिस लगातार उन पर नजर बनाए हुई थी। इससे पहले 30 नवंबर को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आली विहार के कुख्यात अपराधी विजय शर्मा उर्फ बॉबी पंडित को गिरफ्तार किया था। बॉबी पिछले दो महीने से फरार था। उस पर 28-29 सितंबर 2025 की रात सरिता विहार थाना क्षेत्र के आली विहार में रामलीला देखकर लौट रहे युवक आदित्य सिंह की पीठ में चाकू घोंपने का आरोप था।

# ठंडा मौसम बढ़ा सकता है हमारी हार्ट रेट : डॉ . कालरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** दिल के मरीजों को ठंडे महीनों में ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। ठंडे मौसम में हमारे दिल को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, क्योंकि ठंडा मौसम हमारी हार्ट रेट और ब्लड प्रेशर बढ़ा सकता है। यह उन लोगों के लिए खासकर जरूरी है जिन्हें पहले से ही दिल की बीमारी है। इस बारे में विस्तार से बताते हुए, कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल के निदेशक एवं दिल के मशहूर डॉक्टर आरएन कालरा ने बताया कि सर्दियां सांस की बीमारियों का भी समय होता है, जिससे यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि किसी को दिल की बीमारी है या नहीं। लक्षणों को जानने से लोगों को तुरंत मेडिकल मदद लेने में मदद मिल सकती है, जिससे सर्दियों में हार्ट अटैक जैसी गंभीर जटिलताओं को रोका जा सकता है। इसलिए, ठंडे मौसम में अपने दिल का ख्याल रखना हमारी पूरी सेहत के लिए बहुत जरूरी है। डॉक्टर कालरा ने बताया कि हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि सर्दियों में नसें सिकुड़ जाती हैं, जिससे दिल में खून का बहाव कम हो जाता है। कम तापमान में, ज्यादा मेहनत वाले काम दिल पर बहुत ज्यादा दबाव डाल सकते हैं और हार्ट अटैक का कारण बन सकते हैं। अगर हमें दिल की बीमारी है, तो हमें ठंडे मौसम में सीने में दर्द महसूस हो सकता है।

# बम धमाके मामले में एनआईए ने आरोपी शोएब की कस्टडी 10 दिन बढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हुए बम धमाके के मामले में आरोपी शोएब की एनआईए कस्टडी 10 दिन और बढ़ा दी गई है। पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किए गए शोएब को पहले 10 दिन की कस्टडी मिली थी, जो अब समाप्त होने के बाद अदालत ने बढ़ा दी।

एनआईए के अनुसार, शोएब पर आरोप है कि उसने आतंकवादी उमर नबी को धमाके से ठीक पहले पनाह दी थी और लॉजिस्टिक सहायता भी दी थी। इससे पहले 2 दिसंबर को एनआईए ने मुख्य आरोपी आमिर रशीद अली की कस्टडी 7 दिन और बढ़ाने की मंजूरी ली थी। आमिर को 16 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। एनआईए ने उसकी गिरफ्तारी के बाद अदालत से हिरासत बढ़ाने की मांग की थी, ताकि धमाके से जुड़े अहम सुराग और साजिश की परतों को उजागर किया जा सके। पहले उसे 10 दिन की रिमांड दी गई थी, जिसके दौरान एजेंसी ने उससे लंबी पूछताछ की।

जांच में सामने आया कि आमिर उस कार का मालिक है, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमलावर ने धमाके के दौरान किया था। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला कि आमिर ने हमलावर के साथ मिलकर पूरी साजिश रची और हमले की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाई। एनआईए ने इस मामले में दिल्ली पुलिस से केस अपने हाथ में लेने के बाद कई राज्यों में तलाश अभियान चलाया और आमिर को दिल्ली से गिरफ्तार किया। जांच एजेंसियों के दायरे में अब एक और बड़ा नाम डॉ. उमर नबी भी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस की पड़ताल में पता चला कि उमर पिछले साल से ही आत्मघाती हमलावर की भर्ती और मॉड्यूल की योजना बना रहा था। दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड से पकड़े गए जसीर ने पूछताछ में बताया कि उमर ने पूरी साजिश की योजना बनाई और हमलावरों की भर्ती में सक्रिय भूमिका निभाई।एनआईए कई राज्यों में लगातार छापेमारी अभियान चला रही है ताकि इस मॉड्यूल में शामिल हर संदिग्ध की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जा सके।

# पिता की अस्थियों को सांसद बांसुरी स्वराज ने गंगा जी में प्रवाहित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश के जाने माने अधिवक्ता एवं मिजोरम के पूर्व राज्यपाल स्वराज कौशल का कल दोपहर निधन होने के बाद शाम को अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिती में उनकी पुत्री एवं सांसद बाँसुरी स्वराज ने लोधी रोड़ शवदाह ग्रह में अंतिम संस्कार कर दिया था।

स्वराज कौशल पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुषमा स्वराज के पति थे।

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नडडा, लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला सहित अनेक गणमान्य जनों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त कर व्यक्तिगत अथवा सोशल मीडिया पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली भाजपा संगठन की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किए। शुक्रवार प्रातः सांसद बाँसुरी स्वराज उनके फूल चुनने लोधी रोड़ श्मशान घाट पहुँची और वहाँ विधि-विधान से अस्थियां चुनकर उन्हे गढ़ मुक्तेश्वर ले जा कर पुनः पिंड पूजन कर गंगा जी में प्रवाहित किया।परिजनों के आलावा गाजियाबाद से सांसद अतुल गर्ग, विधायक अनिल शर्मा, श्याम शर्मा, नीरज बसोया, उमंग बजाज एवं शिखा रॉय, डी.डी.ए. सदस्य राजीव बब्बर, दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, नई जिलाध्यक्ष रविन्द्र चौधरी, करोलबाग जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र बब्बर, मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल, आदि अस्थि चुनने एवं प्रवा हित करने के पूजन में सम्मिलित हुए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 12 वर्ष 2025-26**

अधोलिखित कार्यों के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती हैं :- **कार्यों का विवरण:** 1. इज्जतनगर मंडल के पंतनगर-लालकुआँ-हल्द्वानी खण्ड में हाथियों के मूवमेन्ट की मॉनिटरिंग एवं ट्रैकिंग तथा समपार फाटकों को एलर्ट करने हेतु Intrusion Detection System का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** ₹ 3,30,28,873.68, **बयाना राशि:** ₹ 3,15,200, **कार्य समापन अवधि:** 6 माह, **ई-निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** दिनाँक 26/12/2025 को 11:00 बजे, • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

**वरि. मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर**
**मुजाधि/सिग्नल-71 इज्जतनगर**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

# राशन डीलरों ने किया कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के बैनर तले जनपदभर के राशन डीलरों ने शुक्रवार को शामली कलक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान डीलरों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन एडीएम सत्एन्द्र सिंह को सौंपते हुए उत्तर प्रदेश के उचित दर विक्रेताओं का खाद्यान्न व चीनी पर मिलने वाला लाभांश बढ़ाने तथा मिनिमम इनकम गारंटी लागू किए जाने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि कोरोना काल जैसी विषम परिस्थितियों में भी उत्तर प्रदेश के कोटेदारों ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत निशुल्क राशन का वितरण पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से किया। कोटेदारों ने अपने तथा अपने परिवार के जीवन की परवाह किए बिना सरकार के निर्देशों के अनुसार ई-पॉस मशीन से सफलतापूर्वक वितरण कार्य को अंजाम दिया, जिसकी सराहना देशभर में की गई और भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश सरकार को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया।डीलरों ने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कोटेदारों को मात्र 90 रूपए प्रति कुंतल का लाभांश दिया जा रहा है, जबकि अन्य राज्यों में यह राशि कहीं अधिक है। हरियाणा में 200 रूपए, गोवा में 220 रूपए, केरल व दिल्ली में 200 रूपए प्रति कुंतल लाभांश, जबकि गुजरात में 20 हजार रूपए की मिनिमम इनकम गारंटी दी जा रही है।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश के कोटेदार आयुष्मान कार्ड, किसान फार्मर रजिस्ट्री, एसआईआर वोटर लिस्ट संशोधन जैसे अन्य सरकारी कार्यों में भी सहयोग कर रहे हैं। डीलरों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो 28 जनवरी से वे अनिश्चितकालीन धरना- प्रदर्शन व विधानसभा घेराव करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ठाकुर श्याम सिंह, राजेंद्र भगत, सलेक वर्मा, इमरान खान, देवेन्द्र कुमार, राममेहर सिंह, रणधीर सिंह, सोहनलाल आदि मौजूद रहे।

## मारपीट व धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव नगलाराई निवासी शाहवेज ने तहरीर देते हुए बताया था कि उसका दोस्त जुबेर अंसारी मोबाइल्स की दुकान पर फोन की किस्त आदि जमा करने के लिए गया था किसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद दुकान संचालक फुरकान ने जुबेर की बात अनसुनी करते हुए उसका मोबाइल बंद कर दिया। जुबेर द्वारा किस्त भरने के बाद फोन चालू करने का आग्रह करने पर उसका मोबाइल चालू नही किया गया और दुकान पर मौजूद शमीम नामक युवक को बुला लिया गया। आरोप है कि शमीम व एक अन्य युवक वहां पहुंचे और जुबेर को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।पीड़ित का कहना है कि उसने बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी और अपशब्द कहे। पूरा घटनाक्रम दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की बात भी पीड़ित ने कही है।

# भाकियू ने उठाए आमजन से जुड़े मुद्दे




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के पदाधिकारियों ने किसानों एवं आम नागरिकों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर देश की राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तहस. ीलदार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने किसानों की आय, सामा. जिक सुरक्षा, शिक्षा, चिकित्सा एवं कर्जमाफी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि देश का अन्नदाता किसान आज गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। महंगाई, प्राकृतिक आपदाओं, फसलों का उचित मूल्य न मिलना और कर्ज का बढ़ता बोझ किसानों की कमर तोड़ रहा है। ऐसे में किसानों के हित में ठोस एवं प्रभावी निर्णय लिया जाना आवश्यक है। भाकियू अंबावता ने प्रमुख रूप से एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की मांग करते हुए कहा कि यदि किसी भी फसल की खरीद एमएसपी से कम मूल्य पर की जाती है तो संबंधित पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए, जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके। इसके साथ ही विधवा एवं बुढ़ापा पेंशन पूरे देश में समान रूप से लागू करने की मांग की गई, ताकि बुजुर्गों और विधवा महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सके। संगठन ने शिक्षा और चिकित्सा को पूरे भारत में निशुल्क किए जाने की भी मांग उठाई, ताकि आर्थिक कमजोरी के कारण कोई भी नागरिक अपने बच्चों की पढ़ाई या इलाज से वंचित न रहे। इसके अलावा संपूर्ण किसानों का देशभर में कर्ज माफ करने की मांग करते हुए कहा गया कि किसान लगातार आर्थिक दबाव और घाटे से परेशान है। ज्ञापन में अनाज की कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाने की मांग भी की गई ताकि गरीब और मध्यम वर्ग को सस्ती दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2016 में किसानों की आय दोगुनी करने की घोषणा का हवाला देते हुए इस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विनय चौहान, जिला सचिव संजीव शर्मा, संजीव राणा, करणपाल सिंह मौजूद रहे।

# भूमि से अवैध आवासीय निर्माण को किया ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में विच. ाराधीन मूल वाद के अनुपालन में शुक्रवार को वन विभाग ने ग्राम बीबीपुर हटिया में वन भूमि पर अवैध रूप से किए गए आवासीय निर्माण को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई वन भूमि पर शमशाद द्वारा किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध नियमानुसार की गई।



शुक्रवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान के निर्देश पर पूर्व में राजस्व विभाग व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद के सात गांवों में स्थलीय पैमाइश एवं अभिलेखों का परीक्षण किया गया था। इस संयुक्त जांच के दौरान करीब 13 हेक्टेयर वन भूमि पर पक्के एवं स्थाई प्रकृति के अवैध अतिक्रमण पाए गए थे। इन सभी अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई चरणबद्ध रूप से की जा रही है। एनजीटी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि 5 जनवरी तक समस्त अवैध अतिक्रमण हटाकर उसकी अद्यतन रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की जाए। उसी क्रम में बीबीपुर हटिया में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। वन विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### फर्जी यूपीआई अकाउंट बनाकर निकाली नकदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** कस्बा निवासी एक युवक का किसी अज्ञात ठग ने फर्जी यूपीआई अकाउंट बनाकर खाते से हजारों रूपए की नगदी साफ कर दी। पीड़ित ने थाने के साइबर केंद्र पर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बा निवासी युवक आयुष ने बताया कि उसका कस्बे के इंडियन बैंक में बैंक खाता है। पीड़ित का आरोप है कि किसी अज्ञात ठग ने फर्जी तरीके से उसका यूपीआई अकाउंट बना लिया। और उसके खाते से 31 हजार रूपए की नगदी साफ कर दी। पीड़ित जैसे ही अपने बैंक अकाउंट की जांच करने के लिए बैंक में पहुंचा तो बैंक कर्मचारियों ने कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया। शुक्रवार को पीड़ित युवक ने थाने के साइबर केंद्र पर पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन देते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

### सेना में समीर का चयन होने पर परिवार सहित गांव में जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** गांव आमवाली निवासी होनह. ार युवक समीर पुत्र नन्हा का इंडियन आर्मी की संचार प्रणाली द्भपहदंसेत्र्क में असम में चयन होने पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। घर पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है और क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। समीर के चयन पर गांव वासियों ने गलियों में जुलूस निकाला। जुलूस में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तककृहर कोई शामिल रहा। रास्ते भर समीर का फूल.मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और देशभक्ति गीतों के बीच युवाओं ने उत्साह के नारे लगाए। समीर को देखकर माता-पिता की आंखें गर्व से नम हो गईं। परिजनों ने बताया कि वह बचपन से ही सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने का सपना देखता था और इसी लक्ष्य के लिए उसने निरंतर परिश्रम किया। वह छह महीने का कठिन सैन्य प्रशिक्षण पूरा कर घर लौटा है। उसकी यह सफलता गांव सहित मुस्लिम समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। सांसद इकरा हसन व विधायक नाहिद हसन ने अपने सोशल मीडिया फेसबुक हैंडल पर समीर के चयन पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि समीर ने अपनी मेहनत, लगन और देशप्रेम से क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### स्काउट गाइड को दिया व्यवहारिक प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** प्रादेशिक मुख्यालय भारत स्काउट एंड गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रगतिशील प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन स्काउट एवं गाइड को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला सचिव डॉ। हीरा सिंह के निर्देशन में जिला संगठन आयुक्त गीता रानी एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त गायत्री देवी द्वारा स्काउट-गाइड को प्राथमिक सहायता, स्ट्रेचर बनाना, पट्टी बांधना, विभिन्न प्रकार की गांठें-बन्धन तथा टेंट लगाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने आपातकालीन परिस्थितियों में घायल व्यक्ति को सुरक्षित ढंग से सहायता पहुंचाने के तरीके भी सिखाए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमित चौरसिया, प्रधानाचार्य विनोद वर्मा, पूजा मलिक, देवाशीष, अनुज सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्काउट-गाइड उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण बच्चों में अनुशासन, सेवा भावना और आपदा के समय मानव सेवा का जज्बा विकसित करने में सहायक होता है।

### बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में अंशुमन ने किया शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद सहारनपुर में जिला विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित 53वीं मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में सत्यनारायण इंटर कॉलेज शामली के छात्र अंशुमन पुत्र ब्रजपाल शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंशुमन ने जल संरक्षण एवं प्रबंधन से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहा। शुक्रवार को कॉलेज प्रबंध समिति के प्रबंधक राजीव संगल ने छात्र को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में मंडल के 326 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### मारपीट के आरोप में सात नामजद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव भूरा निवासी आर्यन पुत्र मुस्तकीम ने तहरीर देते हुए बताया कि मेरा भाई अमन गांव से बाइक पर घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के ही सात दबंग लोगों अहबाब उर्फ कुन्नी, तौफीक पुत्र खुशीर, अनस पुत्र इरशाद उर्फ सद्दाम, उस्मान उर्फ काला, इकबाल उर्फ बल्ला, तसव्वुर पुत्र कौसर उर्फ गुफरान निवासी ग्राम भूरा ने उसकी बाइक के आगे वाहन लगाकर रास्ता रोक लिया। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते उक्त आरो. पियों ने अमन को गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसके सिर, गर्दन, कंधे सहित शरीर के कई हिस्सों पर चोटें आई हैं।मारपीट के दौरान अमन के शोर मचाने पर फैसल पुत्र राशिद और आसिफ पुत्र जाविद सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि लोगों को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना में फैसल को भी चोट लगी है।

# खेलकूद में अशोका सदन ने कॉक ट्रॉफी जीती






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सिल्वर बेल्स पब्लिक स्कूल में आयोजित 24वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में अशोका सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉक ट्रॉफी अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने एथलेटिक एवं एकेडमिक दोनों वर्गों में उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया, जिसमें अशोका सदन ने दोनों ट्रॉफियां जीतकर अपना वर्चस्व कायम किया।

बेस्ट एथलीट ऑफ द ईयर सीनियर बॉयज का खिताब टैगोर सदन के आदित्य भारद्वाज ने जीता, वहीं सीनियर गर्ल्स में अशोका सदन की राधिका बेस्ट एथलीट बनीं। जूनियर वर्ग में बेस्ट एथलीट बॉयज का खिताब अशोका सदन के वारिस को और जूनियर गर्ल्स का खिताब रमन सदन की पूर्वी को मिला। स्टूडेंट ऑफ द ईयर बॉयज का पुरस्कार 12-जी-सी के ग्रंथ कपूर तथा गर्ल्स का पुरस्कार 12-जी-सी की वैभवी को प्रदान किया गया। 100 मीटर फाइनल में सीनियर गर्ल्स वर्ग में अशोका सदन की शिवांशी, सीनियर बॉयज में टैगोर सदन के आदित्य भारद्वाज प्रथम रहे। जूनियर 100 मीटर में गर्ल्स से अशो. का सदन की दिव्या और बॉयज से अशोका सदन के समर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर फाइनल में सीनियर गर्ल्स से अशोका सदन की रिया और सीनियर बॉयज से टैगोर सदन के आदित्य भारद्वाज ने जीत दर्ज की। जूनियर वर्ग में गर्ल्स से दिव्या और बॉयज से रमन सदन के वंश मलिक प्रथम रहे। 400 मीटर फाइनल में सीनियर गर्ल्स से रिया तथा सीनियर बॉयज से अशोका सदन के परम विजई रहे। जूनियर वर्ग में गर्ल्स से दिव्या तथा बॉयज से रमन सदन के आमान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर फाइनल में सीनियर बॉयज से टैगोर सदन के तरुण और जूनियर बॉयज से रमन सदन के वंश ने बाजी मारी। डिस्कस थ्रो में सीनियर गर्ल्स में सुभाष सदन की अदिति तथा सीनियर बॉयज में टैगोर सदन के आदित्य प्रथम रहे। जूनियर वर्ग में गर्ल्स से टैगोर सदन की मानवी और बॉयज से टैगोर सदन के युगल ने जीत दर्ज की। ट्रिपल जंप में अशोका सदन के देव शर्मा विजेता बने। रिले रेस के सीनियर गर्ल्स और सीनियर बॉयज दोनों वर्गों में अशोका सदन प्रथम रहा। वहीं जूनियर गर्ल्स और जूनियर बॉयज रिले में भी अशोका सदन ने बाजी मारी। लेडी टीचर्स 100 मीटर रेस में सुभाष सदन की तन्वी संगल तथा जेंट्स टीचर्स 100 मीटर रेस में सुभाष सदन के इन्द्रनाथ मजूमदार प्रथम रहे। प्रतियोगिता का संचालक विकास कपूर ने कियाा। उपप्रधानाचार्या तूलि. का गोयल ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। प्रधानाचार्य डॉ। एके गोयल ने सभी विजेताओं को बधाई दी।



# वीवी कॉलेज परिसर में सीएसडी कैंटीन शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को पहली बार सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के लिए शहर के वीवी इंटर कॉलेज परिसर में सीएसडी वितरण कैंटीन का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने रिबन काटकर किया।

चेयरमैन अरविन्द संगल ने कहा कि सैनिक चाहे डड्यूटी पर हो या सेवानिवृत्त, वह जीवनभर देश की सेवा के लिए तत्पर रहता है। ऐसे देश के प्रहरियों को हम सैल्यूट करते हैं। इस अवसर पर एक्स सर्विसमैन वेलफेयर समिति शामली एवं जनपद के लगभग 40 पूर्व सैनिकों को गोल्डन मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया गया। सीएसडी वितरण कैंटीन के शुभारंभ अवसर पर प्रथम खरीद समिति के अध्यक्ष द्वारा चेयरमैन अरविन्द संगल से कराई गई। कैंटीन से सामान लेने आए पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को टोकन नंबर वितरित किए गए। इस अवसर पर नायाब सूबेदार रविन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य एसके आर्य, संजय संगल, कैप्टन रजनीश कौरी, डॉ। मनोज शर्मा, सतेंद्र कुमार आर्य, रामपाल सिंह, विजयपाल सिंह, विनय मलिक, विदेश कुमार, नरेंद्र सिंह, ब्रजपाल, सत्य प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।



# मां- बेटे को मारपीट कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बा के आलाखुर्द में पुराने विवाद को लेकर एक महिला और उसके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता शकीला पत्नी समेदीन ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला आलखुर्द निवासी शकीला ने तहरीर देते हुए बताया कि करीब 12 दिन पहले मेरे पुत्र सद्दाम और अहसान पुत्र हासिम के बीच रिश्तेदारी को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके चलते दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते गत 28 नवंबर को दोपहर करीब दो बजे मेरा पुत्र मुकीम घर के बाहर खड़ा था तभी अहसान, जुनैद और जुबैर पुत्रगण हासिम लाठी-डंडों से लैस होकर आए और मुकीम पर एक राय होकर हमला कर दिया।चीख-पुकार सुनकर रिहान पुत्र इस्तकार और मो. हसीना बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि जब वह बचाव के लिए आगे आई, तो आरोपियों ने उसके साथ अश्लील हरकत की और बुरी तरह मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।हमले में शकीला और मुकीम को गंभीर चोटें आईं। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर बीके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

# भिखारी के साथ मारपीट का लाइव वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर भीख मांग रहे एक भिखारी के साथ दो लोगों ने जमकर मारपीट की मारपीट का लाइव वीडियो पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया और किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को सीसीटीवी फुटेज का एक वीडियो तेजी के साथ वायरल हो गया वायरल वीडियो में दावा किया गया कि दो लोग बेरहमी से एक दिव्यांग भिखारी के साथ मारपीट कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे आरोपी दिव्यांग भिखारी के साथ बेरहमी से मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं और कई लोग मारपीट का तमाशा देखते हुए नजर आ रहे हैं। इंसानियत को शर्मसार कर देना वाला यह वीडियो तेजी के साथ सोशल साइटों पर वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो पर कई लोगों ने कई तरह के कमेंट भी किए हैं। समाचार लिखे जाने तक मारपीट का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि वायरल वीडियो की जानकारी संज्ञान में आई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



# एचटी लाइन का तार टूट कर खेतों में गिरा, गन्ने की फसल जल कर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी तीन किसानों के गन्ने के खेत में एचटी लाइन का विद्युत तार टूट जाने से 14 बीघा फसल जलकर राख हो गई। राष्ट्रीय लोकदल के नेता ने मामले की शिकायत विद्युत विभाग को की। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने मुआवजे का आश्वासन दिया है। विकासखंड क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी किसान, नरेंद्र, हरपाल, सतपाल ने बताया कि उनके खेतों के ऊपर से विद्युत विभाग की एचटी लाइन जा रही है। विधुत लाइन काफी दिनों से जर्जर हालत में है और जमीन से झूल रही है। शिकायत के बावजूद भी विद्युत विभाग के कर्मचारी समस्या का निस्तारण नहीं करते। शुक्रवार को एचटी लाइन का तार टूट कर किसानों के खेत में गिर गया और चिंगारी उठ जाने से तीनों किसानों की 14 बिघा फसल जल गई। खेत में लगी आग की सूचना पाकर मौके पर दर्जनों ग्रामीण पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया मगर तब तक फसल जलकर राख हो चुकी थी। जानकारी मिलते ही मौके पर राष्ट्रीय रोक दल के नेता राजन जावला पहुंचे और मामले की शिकायत विद्युत विभाग के अधिका. रियों से की। मौके पर एसडीओ आशीष वास्तव, जैई, इरफान व अन्य कर्मचारी पहुंचे और किसानो के खेतों का मौका मुआयना किया। किसानों सहित रालोद नेता ने हंगामा किया और मुआवजे की मांग की। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने जल्दी निस्तारण का आश्वासन दिया।



# धोखाधड़ी करने वाले आठ आरोपी गिरफ्तार

## नोएडा में एसटीएफ ने पकड़ा, फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोन लेते थे, 220 बैंक अकाउंट फ्रीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा एसटीएफ ने एक बड़े बैंक धोखाधड़ी गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में गिरोह के सरगना सहित कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। यह गिरोह कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर होम लोन और पर्सनल लोन लेकर कई बैंकों को करोड़ों रुपए का चूना लगा चुका था।

एसटीएफ एसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि यह संगठित गिरोह फर्जी आधार, पैन और अन्य कागजात तैयार करता था। इन नकली दस्तावेजों का उपयोग कर वे फर्जी नामों से फ्लैटों और मकानों पर होम लोन कराते थे और फिर गायब हो जाते थे। गिरोह चंडीगढ़, उत्तराखंड, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बिल्डरों के साथ साठगांठ कर बड़े पैमाने पर



धोखाधड़ी से प्रोफाइल फंडिंग भी करा रहा था।

अब तक की जांच में सामने आया है कि इस गिरोह ने करीब 10 बैंकों से 100 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने गिरोह से जुड़े 220 बैंक खातों को फ्रीज करने के लिए संबंधित विभागों को पत्राचार किया है। एसटीएफ के द्वारा अभी इस गिरोह के अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रामकुमार (गाजियाबाद), नितिन जैन (दिल्ली), मो. वसी (झारखंड, हाल नोएडा), शमशाद आलम (बिहार), इंद्रकुमार कर्माकर (गुरुग्राम), अनुज यादव (गाजियाबाद), अशोक कुमार उर्फ दीपक जैन उर्फ रिंकी (दिल्ली) और ताहिर हुसैन (संभल) शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। इसमें 126 पासबुक और चेकबुक, 170 डेबिट कार्ड, 45 आधार कार्ड, 27 पैन कार्ड, 15 आईडी कार्ड और निर्वाचन आयोग के 5 पहचान पत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 26 मोबाइल फोन, 3 लैपटॉप, 3 गाड़ियां और विभिन्न व्यक्तियों के होम लोन व पर्सनल लोन से संबंधित दस्तावेज तथा रजिस्ट्रियां भी बरामद की गई हैं।

# ड्रोन से ब्लड भेजने का प्रोजेक्ट अटका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** चाइल्ड पीजीआई का 100 किलोमीटर की परिधि में ड्रोन के जरिए ब्लड भेजने का महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट फिलहाल कागजों में ही अटका गया है। संस्थान को इस प्रोजेक्ट के संचालन के लिए आवश्यक बजट अभी तक नहीं मिल पाया है। इसकी वजह से ट्रायल शुरू नहीं हो सका। संस्थान को उम्मीद थी कि प्रोजेक्ट पर स्वीकृति मिलने के बाद दूर दराज के अस्पतालों को ब्लड भेजकर उसकी गुणवत्ता का परीक्षण किया जा सकेगा।

ड्रोन से ब्लड भेजने के लिए तापमान नियंत्रित बॉक्स, स्पेशल फ्लाइट प्लानिंग, परीक्षण किट, डेटा रिकॉर्डिंग सिस्टम और क्वालिटी एनालिसिस लैब की तैयारी की जानी थी।

इसके अलावा ड्रोन ऑपरेटर, तकनीकी टीम और लॉजिस्टिक सपोर्ट के लिए भी अलग बजट की जरूरत है। चाइल्ड पीजीआई में

> अभी तक इस प्रोजेक्ट के लिए बजट नहीं मिल पाया है। इस वजह से इस स्कीम को शुरू होने में देरी हो रही है।
>
> **डॉ अरुण कुमार सिंह, निदेशक, चाइल्ड पीजीआई**

1000 यूनिट क्षमता वाला ब्लड बैंक मौजूद है। यहां थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया समेत रक्त संबंधी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हजारों बच्चों का इलाज चल रहा है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा सहित आसपास के राज्यों से बड़ी संख्या में बच्चे उपचार के लिए आते हैं। डॉक्टरों ने बताया कि मरीज ग्रामीण इलाकों से आते हैं, जहां उनके नजदीक अस्पताल तो होते हैं, लेकिन वहां रक्त की उपलब्धता समय पर नहीं हो पाती। इस वजह से मरीज सीधे चाइल्ड पीजीआई आते हैं। ऐसे में समस्याओं को देखते हुए अस्पताल प्रशासन इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया था।

**सूक्ष्म परतों में होना था निरीक्षण:** देश के कई हिस्सों में पहले भी ड्रोन के माध्यम से रक्त परिवहन की सफल कोशिशें हुई हैं, लेकिन चाइल्ड पीजीआई का यह प्रोजेक्ट खास इसलिए था क्योंकि इसमें न केवल ब्लड भेजना था बल्कि एक से दो दिनों तक ब्लड को स्टोर कर उसकी गुणवत्ता पर वैज्ञानिक अध्ययन भी किया जाना था।

रक्त को तापमान नियंत्रित बॉक्स में रखकर ग्रामीण क्षेत्रों के आसपास में भेजा जाता। उसके बाद रक्त में प्लाज्मा, प्लेटलेट्स लाल रक्त कोशिकाएं, श्वेत रक्त कोशिकाएं आदि की गुणवत्ता की वैज्ञानिक स्तर पर जांच की जानी थी। डॉक्टरों ने बताया कि इससे यह पता चलना था कि लंबी दूरी और ऊंचाई पर ड्रोन उड़ान ब्लड के घटकों हीमोग्लोबिन, प्लेटलेट्स, प्लाज्मा, रेड सेल्स पर क्या असर डालती है।

# निक्की हत्याकांड: जेठ रोहित की याचिका खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में हुए निक्की हत्याकांड में मृतका निक्की भाटी के जेठ रोहित भाटी की जमानत के मामले में शुक्रवार को सत्र न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में आरोपी की जमानत याचिका को खारिज कर दिया।

निक्की के परिजन के अधिवक्ता उधम सिंह तोंगड़ व दिनेश कुमार कलसन ने बताया कि मामले में कासना कोतवाली पुलिस की ओर से चार्जशीट दाखिल होने के बाद जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने आरोपी पक्ष की दलील को खारिज करते हुए जमानत याचिका को खारिज कर दिया। अदालत को अवगत कराया कि निक्की की हत्या साजिश के तहत की गई है। इसमें पूरा परिवार शामिल है। पुलिस ने भी षड्यंत्र के तहत हत्या की बात चार्जशीट में लिखी है। पुलिस ने 500 से अधिक पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। आरोपी रोहित की घटना में संलिप्तता है। कोर्ट में मजबूती से अपना पक्ष रखा। यही कारण है अदालत ने दलील को सुनते हुए आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

**चार्जशीट के मुताबिक निक्की का छह साल का बेटा भी घटनास्थल पर मौजूद था:** पुलिस द्वारा दाखिल की गई चार्जशीट के मुताबिक निक्की का छह साल का बेटा भी घटनास्थल पर मौजूद था। उसके बयान ने पूरा मामला स्पष्ट कर किया है। उसने कहा कि पापा ने मम्मी को मारा, उनके ऊपर कुछ डाला और आग लगा दी। इसके बाद वह पड़ोसी की छत से कूदकर भाग गए थे। बच्चे के बयान ने पुलिस की विवेचना को ठोस आधार दिया है। बच्चे के इस बयान ने पुलिस की विवेचना को ठोस आधार दिया है। बच्चे के कथन को मनगढ़ंत नहीं माना जा सकता क्योंकि वह घटना का प्रत्यक्षदर्शी था।

**योजनाबद्ध तरीके से की गई हत्या:** पुलिस द्वारा दाखिल की गई चार्जशीट के अनुसार यह कोई हादसा नहीं, बल्कि योजनाबद्ध तरीके से की गई हत्या है। जिसे मृतका के पति विपिन भाटी, ससुर सत्वीर, सास दया और जेठ रोहित भाटी ने मिलकर अंजाम दिया है। पूरा परिवार इस घटना में आरोपी पाया गया है। पुलिस ने मामले में विस्तृत साक्ष्य, गवाहों के बयान, सीसीटीवी फुटेज, चिकित्सकीय रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट और मृतका के बेटे के बयान के आधार पर हत्या और षड्यंत्र का मामला मजबूत किया है।

**22 अगस्त 2025 को दर्ज कराया गया था मामला:** 22 अगस्त 2025 को मामले में कंचन जो मृतका निक्की की बहन है। उसने कासना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि 21 अगस्त की शाम करीब 5:45 बजे निक्की को उसके पति विपिन, सास दया, ससुर सत्यवीर और जेठ रोहित ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। वह गंभीर रूप से झुलस गई और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। विवेचना के दौरान प्रारंभिक तौर पर अस्पताल के डॉक्टरों और नर्स के बयान आए कि निक्की ने उन्हें कहा था कि सिलेंडर फटने से वह जली है। लेकिन जब आगे जांच बढ़ी, तो यह कथन परिस्थितियों और घटनास्थल के साक्ष्यों से मेल नहीं खाया।

**नहीं मिला सिलेंडर फटने का सुराग:** फील्ड यूनिट प्रभारी और टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। निरीक्षण में पाया गया कि घर में ऐसा कोई भी चिह्न नहीं था, जिससे यह दावा सिद्ध हो सके कि गैस सिलेंडर फटा था। कोई विस्फोट के निशान, टूटा सिलेंडर, जली पाइप, या गैस लीक होने की स्थिति नहीं थी। इसके विपरीत, घटनास्थल से कपड़ों के टुकड़े, लाइटर, क्लेचर और थिनर से संबंधित साक्ष्य मिले, जो आगजनी को 'मानव-निर्मित' बताते थे। आरोपी विपिन को 23 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था।

# दो करोड़ जीएसटी क्लेम करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## 11 करोड़ की तैयार की थी फर्जी इनवायस, कंपनी का अकाउंटेंट ही निकला मास्टरमाइंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने 11 करोड़ रुपए के फर्जी इनवॉइस बनाकर करीब 2 करोड़ रुपए का जीएसटी क्लेम कर धोखाधड़ी करने वाले एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अब्दुल रजीक उर्फ अब्दुल रज्जाक है। इसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और फर्जी जीएसटी बिल भी बरामद किए गए हैं।

आरोपी पीड़ित कंपनी में अकाउंट सेक्शन में कार्य करता था। इसी दौरान उसने इनकम टैक्स रिटर्न और जीएसटी पोर्टल पर लगभग 11 करोड़ रुपए के फर्जी इनवॉइस तैयार किए और करीब 2 करोड़ रुपए का जीएसटी क्लेम कर धोखाधड़ी की।




उसने कंपनी की आईडी और पासवर्ड हैक कर फर्जी इनवॉइस बनाकर यह क्लेम किया।।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कंपनी में अकाउंटेंट के रूप में काम करता था और जीएसटी क्लेम से संबंधित कार्य भी देखता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात अभिनव त्यागी से हुई। अभिनव त्यागी ने उसे बताया कि वह जीएसटी बिल खरीदने वाले ग्राहकों का संपर्क करवा सकता है और इसके बदले एक प्रतिशत कमीशन मिलेगा।

अभिनव त्यागी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में पता चला कि पहले भी कई फर्जी बिल बन चुके थे, जिन्हें ग्राहकों को दिया गया। इसमें से कमीशन काटकर बाकी राशि अब्दुल रज्जाक द्वारा अभिनव त्यागी को दी जाती थी।

## संदिग्ध व्यवस्था में लगा युवक को चाकू

**नोएडा।** सेक्टर-73 के सर्फाबाद गांव में रहने वाले 25 वर्षीय युवक के पेट में गुरुवार देर रात संदिग्ध हालात में चाकू लग गया। पत्नी ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मनी रंजन शाह सर्फाबाद गांव में अपनी पत्नी दिशा के साथ रहते हैं। गुरुवार रात उन्हें घर पर संदिग्ध हालात में पेट में चाकू लग गया। उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, वहां से उनकी बिगड़ती हालत को देखकर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, मनी रंजन की पत्नी दिशा का कहना है कि पति को घर पर सब्जी काटने वाला चाकू लगा है।

# दलित प्रेरणा स्थल में तीन राज्यों के बसपाई जुटेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) शनिवार को डॉ. भीम राव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर नोएडा में कार्यक्रम में अपना शक्ति प्रदर्शन करेगी। सेक्टर-95 स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल पर पश्चिमी यूपी के छह मंडलों के 21 जिलों के अलावा उत्तराखंड और दिल्ली से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटेंगे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद रहेंगे। दलित प्रेरणा स्थल पर छह दिसंबर (आज) को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बसपा बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर पिछले कुछ दिनों से बड़े स्तर पर तैयारी चल रही थी।

पार्टी के अधिकांश बड़े नेता दलित प्रेरणा स्थल पर आकर तैयारियों का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश दे चुके थे। कार्यक्रम के लिए पूरे क्षेत्र को पार्टी के झंडों और होर्डिंगों से सजा दिया गया है। पार्टी के कई बड़े नेता पिछले तीन दिन से कार्यक्रम के लिए जिले में ही डेरा डाले हुए हैं। कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के छह मंडल मेरठ, सहारनपुर मुरादाबाद, बरेली, आगरा, अलीगढ़ के अलावा दिल्ली और उत्तराखंड से भी बड़ी संख्या में पार्टी के समर्थक यहां आएंगे। इस कार्यक्रम से बसपा अपना शक्ति प्रदर्शन भी करने जा रही है। इसके लिए अधिक संख्या में लोगों से यहां पहुंचकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि देने की अपील की गई है। जिलाध्यक्ष लखमी सिंह ने बताया कि शुक्रवार को भी पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी नौशाद अली, भीम राव आंबेडकर और मेरठ मंडल के प्रभारी ओमप्रकाश, श्रीकृष्ण इंदौरिया, गोपी. चंद आदि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने दलित प्रेरणा स्थल पर कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को परखा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सुबह आठ बजे से ही पार्टी समर्थकों के आने का सिल. सिला शुरू हो जाएगा जो शाम छह बजे के बाद तक चलेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बाबा साहब के अनुयायी आएंगे। इस कार्यक्रम के लिए कोई मंच नहीं बनाया गया है, लेकिन पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोगों को संबोधित करेंगे। पहले मायावती के आने की भी थी संभावना पहले इस कार्यक्रम में पूर्व में बसपा सुप्रीमो मायावती के आने की भी संभावना थी और उसी हिसाब से कार्यक्रम की तैयारी की जा रही थी। दो दिन पूर्व मायावती ने सोशल मीडिया पर कार्यक्रम में आने की संभावनाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने लिखा था कि वह इस अवसर पर किसी भी बड़े स्मारक में नहीं जाएंगी, क्योंकि उनके लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था से लोगों को असुविधा होती है।

## एक नजर

### शिक्षकों का विवरण 15 तक पोर्टल पर डालना अनिवार्य

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यूपी बोर्ड की 10वीं-12वीं की परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित होने के बाद अब केंद्रों पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। बोर्ड ने 15 दिसंबर तक वेबसाइट पर शिक्षकों का विवरण डालने ने निर्देश दिए हैं। परिषद के सचिव ने कहा है कि विद्यालयों के प्रधानाचार्य उनके विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षकों का विवरण वेबसाइट पर समय से अपलोड कर दें। विवरण अपलोड करते समय एक बार पुन: पूर्ण सतर्कता और गहनता से जांच अवश्य की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में कोई शिक्षक गलत विषय में परीक्षक के रूप में न चुना जाए और न ही कोई अपात्र शिक्षक चयनित हो सकें। यदि कोई अयोग्य शिक्षक परीक्षक नियुक्त होता है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रधानाचार्य की होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि परिषद की वेबसाइट पर शिक्षकों के विवरण अपलोड एवं अपडेट करने की प्रक्रिया 15 दिसंबर तक सक्रिय रहेगी।

### शादी का झांसा देकर कंपनीकर्मी से दुष्कर्म

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** फेज-3 स्थित पीजी में रहने वाले युवक पर दिल्ली निवासी युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। कंपनी में काम करने वाली पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती है। कुछ वर्ष पहले उसकी मुलाकात जिला बुलंदशहर निवासी जलज प्रताप सिंह से हुई। वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। वह वर्तमान में फेज-3 थाना क्षेत्र स्थित एक पीजी में रहता है। दोनों के बीच दोस्ती के बाद प्रेम प्रसंग हो गया।

दोनों अक्सर एक-दूसरे से मिलने लगे। आरोप है कि जलज प्रताप ने उसे शादी का झांसा दिया और पीजी में बुलाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। पीड़ित पिछले कई माह से युवक से शादी करने के लिए कह रही है। आरोप है कि युवक अब शादी करने से इनकार कर रहा है। पीड़िता का कहना है कि थाना स्तर से सुनवाई न होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नया आगरा बसाने से पहले खामियां दूर कर रहा यीडा

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) नए आगरा को विकसित करने की तैयारी में जुटा है। इसके लिए यीडा ने नए आगरा के मास्टर प्लान को स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर दिल्ली को परीक्षण के लिए भेजा है ताकि खामियों को सुधार कर बेहतर शहर विकसित किया जा सके। यीडा फेज-2 में न्यू आगरा अर्बन सेंटर विकसित करेगी। इसके लिए 9130.82 हेक्टेयर का मास्टर प्लान बनवाया गया है। मास्टर प्लान के अनुसार नया आगरा चंडीगढ़ की तर्ज पर विकसित होगा। नई टाउनशिप में सेवन वी सड़क कांसेप्ट को लागू किया जाएगा। इस लेआउट में सात अलग-अलग प्रकार की सड़कें होगी जो वाहनों से लेकर पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों तक की जरूरतों को पूरा करेंगी।

सड़क के किनारे ग्रीन बेल्ट होगी। इसमें से 2,501 हेक्टेयर का सबसे बड़ा हिस्सा आवासीय विकास के लिए है। 447 हेक्टेयर मिश्रित उपयोग क्षेत्रों के लिए निर्धारित किया गया है। नए शहर की जनसंख्या 14.6 लाख है, साथ ही 8.5 लाख रोजगार सृजित होने का अनुमान है। किसी तरह की कोई कमी की गुंजाइश न हो, इसलिए प्राधिकरण ने मास्टर प्लान स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर दिल्ली को भेजा है। **प्रदूषण मुक्त इकाइयां लगेंगी:** जानकारी के मुताबिक यह इलाका ताज ट्रैपेजियम जोन (टीटीजेड) में आता है। यह राज्य में लगभग 10,400 वर्ग किलोमीटर का एक परिभाषित क्षेत्र है। इसमें विश्व धरोहर स्थल ताजमहल और इसके आसपास के अन्य ऐतिहासिक स्मारक शामिल हैं। इसका उद्देश्य ताजमहल और आसपास के अन्य स्मारकों को वायु प्रदूषण, औद्योगिक उत्सर्जन और पर्यावरण क्षरण से बचाना है। ऐसे में यहां उन्हीं औद्योगिक इकाइयों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे जो प्रदूषण मुक्त होंगी।

# 'वन सिटी वन ऑपरेटर' योजना का विरोध

## 800 पंप ऑपरेटरों की नौकरी पर संकट, किसानों ने आंदोलन दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा और नलकूप संगठन ने पंप ऑपरेटरों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन 'वन सिटी वन ऑपरेटर' योजना के विरोध और समान वेतन सहित आधा दर्जन मांगों को उठाते हुए किया गया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो प्राधिकरण पर अनिश्चितक. ालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

नलकूप संगठन और किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के सदस्य जोरदार नारेबाजी करते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचे। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। प्रदर्शनकारी प्राधिकरण के गेट पर बैठ गए और अपनी मांगों को प्रमुखता से रखा।



किसान नेता कृष्ण नागर ने बताया कि यह प्रदर्शन पंप ऑपरेटरों की समस्याओं को लेकर किया गया है। उनका आरोप है कि प्राधिकरण नई योजना के तहत सभी पंप ऑपरेटरों को हटाने की तैयारी में है।।नागर ने आगे कहा कि प्राधिकरण यह काम किसी बड़े ठेकेदार के माध्यम से करवाना चाहता है, जिससे करीब 800 पंप ऑपरेटरों की नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने मांग की कि सभी ऑपरेटरों को जेम पोर्टल से जोड़ा जाए, ताकि उनका शोषण न हो सके।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी ऑपरेटर की नौकरी गई, तो उनका संगठन बड़ा आंदोलन करेगा और जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल भी की जाएगी। नागर ने कहा कि उनका संगठन हर नलकूप ऑपरेटर के साथ खड़ा है और किसी भी स्थिति में आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार है।

# 250 से ज्यादा अनफिट बसें बन सकती हैं हादसों का सबब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में बढ़ते सड़क हादसों के बाद भी परिवहन विभाग नहीं जागा। जनपद में 250 से अधिक बसें ऐसी है जो लंबे समय से अनफिट हैं। इनके संचालक इन बसों का फिटनेस कराने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। हालांकि, विभाग का कहना है कि इन्हें नोटिस भेजा जा चुका है। सभी को जल्द से जल्द फिटनेस कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जनपद में कुल 6322 बसें पंजीकृत हैं। इनमें से निजी स्कूल बसों, कंपनी बसों और रोडवेज के बेड़े में 291 ऐसी बसें हैं जिनकी फिटनेस अवधि समाप्त हो चुकी है। इनमें कुछ बसें तो डेढ़ से दो साल से बिना फिटनेस के ही सड़कों पर दौड़ रही हैं। परिवहन विभाग ने कागजी कार्रवाई के तहत इन बस मालिकों को नोटिस भेजे हैं और जल्द से जल्द फिटनेस प्रमाणपत्र नवीनीकरण कराने के निर्देश दिए हैं, लेकिन कार्रवाई अब तक कागजों तक ही सीमित दिखाई दे रही है। विभाग ने अनफिट बसों की सूची तैयार कर ली है। इनमें से कुछ बसें नियमित रूप से स्कूलों और आईटी कंपनियों के कर्मचारियों को लेकर चलती हैं। अधिकारी ने बताया कि फिटनेस न होने की वजह से ब्रेक फेल, टायर फटने और सस्पेंशन खराब होने का खतरा बढ़ जाता है, जो बड़े हादसों का कारण बन सकता है। यात्री सुरक्षा को देखते हुए विभाग की प्रवर्तन दल की टीम जगह जगह पर तैनात है। जो उन बसों की जांच करेगी जो फिटनेस नवीनीकरण नहीं करा रहीं। जरूरत पड़ने पर ऐसे वाहनों को जब्त करने और उन पर भारी जुर्माना लगाने की तैयारी है। बस मालि. कों को चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय सीमा में फिटनेस न कराई गई तो उनके परमिट रद्द भी किए जा सकते हैं।

# एक महीने में हाइड्रोजन बसें चलाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना सिटी और ग्रेटर नोएडा के बीच प्रदूषण मुक्त सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही हाइड्रोजन बसें संचालित की जाएंगी। यमुना प्राधिकरण और एनटीपीसी दादरी के सहयोग से कुल 6 बसें चलाने की योजना है। इसके लिए अगले 2-3 दिनों में एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट (म्ळ) जारी कर ऑपरेटर का चयन किया जाएगा।

इस प्रॉजेक्ट के लिए 45 सीटर 6 एसी बसें तय की गई हैं, जिनमें से 4 बसें आ चुकी है और 2 जल्द आएंगी। बसों के ड्राइवर, कंडक्टर और प्रबंधन की जिम्मेदारी चयनित ऑपरेटर की होगी। प्राधिकरण के एसीईओ नागेंद्र प्रताप के अनुसार एक माह के भीतर प्रक्रिया पूरी कर संचालन शुरू होने की उम्मीद है। शुरुआत में बसें नोएडा एयरपोर्ट और ग्रेनो के बीच अधिक सवारी वाले रूट पर चलेंगी। यह प्रॉजेक्ट तीन साल तक ट्रायलफिलहाल 6 बसों का यमुना सिटी और ग्रेटर नोएडा के बीच होगा संचालन पर रहेगा। खास बात यह है कि यमुना प्राधिकरण इसमें कोई खर्च नहीं करेगा। पूरा खर्च एनटीपीसी और ऑपरेटर वहन करेंगे। एनटीपीसी ने दादरी में हाइड्रोजन प्लांट स्थापित किया है, जहां एसटीपी के पानी से हाइड्रोजन बनेगा।

# नोएडा में प्रदूषण पर कसा शिकंजा, ग्रैप उल्लंघन पर 14.95 लाख का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के सख्त निर्देशों के बाद नोएडा प्राधिकरण ने एक्शन तेज कर दिया है। ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) को लागू कराने के लिए 14 विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो लगातार निरीक्षण कर रही हैं। प्राधिकरण ने नियमों का पालन न करने पर कुल 14,95,000 का जुर्माना वसूला है।

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, धूल प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए शहर की मुख्य सड़कों पर 60 वॉटर टैंकरों से रोजाना 260-280 किमी तक पानी का छिड़काव किया जा रहा है। वहीं 14 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनें रोज 340 किमी सड़क की सफाई कर रही हैं, ताकि उड़ती धूल को रोका जा सके।

प्राधिकरण का उद्यान विभाग भी सक्रिय है और 25 वॉटर टैंकरों से हर दिन पेड़-पौधों की सिंचाई की जा रही है। इसके अलावा 98 स्टैटिक फॉगिंग मशीनें तथा 10 मोबाइल फॉगिंग यूनिट्स कई स्थानों पर तैनात कर प्रदूषण नियंत्रण में जुटी हैं।

निर्माण एवं विध्वंस (सी-डी) कचरे के निस्तारण के लिए सेक्टर-80 स्थित प्लांट 400 ज्च्क्ष क्षमता के साथ संचालित है। प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक शहर के विभिन्न हिस्सों से 12,199 टन ब्-क वेस्ट का उठान और प्रोसेसिंग की जा चुकी है। निरीक्षण कर रही टीमें निर्माणाधीन परियोजनाओं, खुले क्षेत्रों और सड़कों पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि जहां भी ग्रैप मानकों का उल्लंघन मिल रहा है, वहां तुरंत कार्रवाई करते हुए चालान किए जा रहे हैं।

# कारोबारी संगठनों के साथ सीईओ ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में कारोबारियों की समस्याओं के निवारण के लिए औद्योगिक संगठनों के साथ प्राधिकरण सीईओ ने बैठक की। इस बैठक में नोएडा इंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन, लघु उद्योग भारती, नोएडा हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अलावा अन्य संगठन मौजूद रहे। बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणेश, सतीश पाल, विशेष कार्याधिकारी महेन्द्र प्रसाद मौजूद रहे।

बैठक में नोएडा इंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन ने कारोबारियों को भूखंडों पर दिए जाने वाले नोटिस आदि से संबंधित समस्याओं, ग्राउंड कवरेज को बढ़ाने, यूनिफाइड नीति में संबंधियों के नाम में दादा/दादी का



नाम सम्मिलित किय जाने, ट्रांसफर चार्ज, टाइम एक्सटेंशन शुल्क को कम करने, कार्य शीलता समयावधि बढ़ाये जाने, पशुचर भूमि से संबंधित तहसील से प्राप्त होने संबधित नोटिस के निवारण की समस्या रखी।

**यूनीफाइड नीति में जाएगा प्रस्ताव:** नोएडा हैंडलूम हैण्डीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने नोएडा शिल्प हाट में निर्यातक बाजार लगाने के लिए स्थान उपलब्ध कराने, लघु उद्योग भारती द्वारा औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 में ड्रेन एवं अव्यवस्थित वेडिंग जोन के निवारण संबंधित मांग की गई। उद्यमियों द्वारा समस्याओं के बारे में सीईओ लोकेश एम ने कहा कि यूनिफाइड नीति में दादा/दादी का नाम संबंधियों में सम्मिलित किये जाने का प्रस्ताव दिया जा रहा है। जिसका समस्त औद्योगिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया।

**जल्द ही नीतिगत फैसले होंगे:** इसके अलावा ग्राउंड कवरेज, ट्रांसफर फीस, टाइम एक्सटेंशन कार्य शीलता समयावधि बढाने के संबंध में जल्द ही नीतिगत निर्णय लिए जाएंगे। औद्योगिक सेक्टर से संबंधित मूलभूत सुविधाओं व अतिक्रमण आदि से संबंधित समस्याओं के त्वरित निवारण से संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश निर्गत किये गये।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत

## खाना लेने के लिए होटल गया था व्यक्ति वापस लौटते समय पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा, परिवार में शोक



मृतक का फाइल फोटो







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बडौत में देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 34 वर्षीय सचिन पुत्र रामकिशन की मौत हो गई। सचिन एक इलेक्ट्रिशियन था और बिजली की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।

जानकारी के अनुसार, सचिन रात में खाना लेने के लिए होटल गया था। वापस लौटते समय एक अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक सचिन की शादी 12 वर्ष पहले हुई थी और उसके तीन बच्चे हैं। उसके दो भाई भी हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। यह हादसा बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में हुआ। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# एम्बुलेंस के न पहुंचने पर महिला ने रिक्शा में दिया बच्चें को जन्म



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** सरकारी एम्बुलेंस के न पहुंचने पर महिला ने रिक्शे में बच्चें को जन्म दिया। एम्बुलेंस के न पहुंचने के चलते परिजन नाराज नजर आये।

रटौल निवासी सादाब की पत्नी फरीन के प्रसव का समय होने पर परिजन उसे अस्पताल ले जाने लगे तो परिजन और कस्बें की आशा नें 102 पर काल कर एम्बुलेंस मंगाने के लिए कहा लगातार काल के बाद जब एम्बुलेंस न पहुंची तो परिजन रिक्शा में लेकर महिला को रटौल सीएचसी पर जाने लगे तो रास्ते में महिला ने बेटे को जन्म दिया जिसके बाद परिजन तुरंत रटौल सीएचसी पर पहुंचे और महिला को ईलाज की अपील की जिसके बाद तुरंत डाक्टरों की टीम और आशा महिला को अस्पताल में लेकर पहुंची और महिला के प्रसव के बाद दिया जाने वाला उपचार दिलाया। एम्बुलेंस के न पहुंचने पर परिजन नाराज नजर आये। परिजनों ने बताया कि बार बार काल करने के बाद भी एम्बुलेंस नही पहुंची और न फोन रिसिव किया गया। उन्होनें कहा कि एम्बुलेंस न आने से ईलाज के अभाव के कारण महिला दर्द से तड़पती रही।

# बागपत से गाजियाबाद के लिए रोडवेज बस शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गाजियाबाद के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू होने से क्षैंत्र में खुशी की लहर है। पांची चौराहे पर विधायक योगेश धामा ने बस को हरी झड़ी दिखा रवाना किया।

पिछले बीस वर्षो से बागपत से गाजियाबाद के लिए को रोडवेज बस सेवा नही थी जिससे क्षैंत्र के लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता था जिस कारण क्षैंत्र के लोग डग्गामार वाहन के सहारे सफर करने को मजबूर थें जिसके बाद क्षैंत्र के लोगो की समस्या को देखते हुए विधायक योगेश धामा के प्रयास से बागपत से गाजियाबाद के लिए रोड़वेज बस सेवा शुरू की गयी जिसका उदधाटन विधायक योगेश धामा ने हरी झड़ी दिखाकर किया। बस के शुरू होने से ढिकोली, पांची, रटौल के लोगो को फायदा होगा। बस सेवा शुरू होने से रटौल और क्षैंत्र के लोगो को जहां जिला मुख्यालय जाना आसान होगा। वही गाजियाबाद के लिए भी सफर आसान होगा। रटौल पहुंचने पर भाजपा नेता मुंतजिर चौधरी ने बस का स्वागत किया। वही सड़क दुर्घटना से भी निजात मिलेगी। डग्गामार वाहन के चलते पिछले बीस वर्षो में सैकड़ो लोगो की मौत हो चुकी है। रोडवेज बस चलते से क्षैंत्र मे खुशी की लहर है।



# छात्र-छात्राओं को किए गए जर्सी व मोजे वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** फुलैरा गांव के नेहरू स्मारक इनटर कालिज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे समाजसेवीयो द्वारा 250 छात्र छात्राओं को उपहार में जर्सी मोजे वितरित किये गये।

नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज फुलैरा ब में आयोजित पुरातन छात्र सम्मेलन में विद्यालय के पुरातन छात्र एवं बिजनेसमैन श्रीपाल ने विद्यालय में लगभग 250 बच्चों को जर्सी और मोजे, जूते वितरित किए व छात्रों को आशीर्वाद दिया एवं जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय के छात्रों को आगे आगे भी मदद एवं पुरस्कार देने एवं विद्यालयमें भौतिक संसाधनों का सहयोग करने का आश्वासन दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जयभगवान शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा विद्यालय में सहयोग करने के लिए उनको धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक महोदय विजयपाल सिंह प्रबंध समिति के अन्य पदाधिकारी गण, सदस्य गण प्रधानाचार्य जयभगवान शर्मा विद्यालय का समस्त स्टाफ छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे ।



## एक नजर

### शौकेंद्र खोखर बदरखा बने राष्ट्रीय खोखर महासभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील के बदरखा छपरौली क्षेत्र निवासी शौकेंद्र खोखर बदरखा को राष्ट्रीय खोखर महासभा भारत की राष्ट्रीय इकाई के संस्थापक एवं प्रबंधक निदेशक सुधीर सिंह खोखर ने राष्ट्रीय संयोजक मनोनीत किया है। उनके मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रीय इकाई के पदाधिकारीयों फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया है। मेरठ में तेजस्वी बिल्डर कार्यालय पर भी मेरठ पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत हुआ है। जनपद में भी उनका जगह-जगह स्वागत किया गया। बदरका गांव के लोगों ने भी उनका भाव से स्वागत किया है। इस मौके पर शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन द्वारा मुझे दी गई है। मैं उस जिम्मेदारी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए राष्ट्रीय संस्थापक के दिशा निर्देश अनुसार कार्य करने का काम करूंगा। संगठन को गांव-गांव घर-घर पहचाने का कार्य किया जाएगा। जनवरी माह में राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन संगठन द्वारा करने का काम भी किया जाएगा इस मौके पर जनपद बागपत के लोगों ने उन्हें बधाई देकर उनका स्वागत भी किया है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू अम्बावता के कार्यकर्ताओं का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर भारतीय किसान यूनियन अम्बावता के कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

कलेक्ट्रेट पर पहुंचे भाकियू अम्बावता के कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होगा, उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उनकी प्रमुख मांगों में स्मार्ट मीटर योजना को तत्काल प्रभाव से बंद करना और देशभर में जरूरतमंदों का उपचार नि:शुल्क करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, किसानों की सभी समस्याओं का समय पर समाधान करने, मृत व्यक्तियों और विधवाओं की पेंशन समय पर बनाने तथा सुचारू रूप से चालू रखने की मांग की गई। संगठन ने जरूरतमंदों के लिए दिए जा रहे अनाज की कालाबाजारी पर तुरंत रोक लगाने और संपूर्ण भारत में शिक्षा व चिकित्सा को नि:शुल्क करने की भी मांग उठाई। भारतीय किसान यूनियन अम्बावता के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रमन सिंह ने बताया कि किसानों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो उनका विरोध प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर ट्रक के टकराने से केंटर चालक घायल



**रटौल।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वें पर रटौल अन्डरपास के समीप खड़े ट्रक में केंटर की टक्कर होने से केंटर चालक घायल हो गया। फरीदाबाद निवासी केंटर चालक अजय पुत्र नरेश पंजाब के मोहाली से फरीदाबाद केंटर लेकर जा रहा था जब वह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वें रटौल अन्डरपास के समीप पहुंचे तो केंटर साइड़ मे खड़े ट्रक से टकरा गया जिससे केंटर चालक घायल हो गया जिससे नीजि चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया है।

## पीड़ितों ने की एसपी से निष्पक्ष जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के खेला गांव निवासी रिंकू ने शुक्रवार को एसपी से शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि दो महीने पहले गांव में हुई हत्या की घटना में उनके साले को स्थानीय राजनीति के चलते झूठा फंसाया जा रहा है। बताया गया कि उनका साला मध्य प्रदेश में बीएसएफ में तैनात है और घटना के समय डयूटी पर था। पीड़ितो के अनुसार, कुछ प्रभावशाली लोग राजनीतिक रंजिश और आपसी वैमनस्य के कारण प्रदीप की छवि खराब करने और उसे अभियुक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग गलत बयानबाजी कर पुलिस को गुमराह कर रहे हैं, जबकि उनके पास ऐसे कई साक्ष्य हैं जो प्रदीप की निर्दोषता साबित करते हैं। पीड़ित ने एसपी को बताया कि उनके परिवार की प्रतिष्ठा और प्रदीप के करियर पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते सही जांच नहीं की गई, तो एक निर्दोष व्यक्ति गंभीर मामले में फंस सकता है। उन्होंने एसपी से निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाने और उनके साले को न्याय दिलाने की मांग की।

## पीड़ित परिवार ने लगाई एसपी से सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र की एक विधवा महिला ने एसपी से शिकायत कर अपनी और अपने बेटे की जान बचाने तथा कृषि भूमि की सुरक्षा की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि उसके पति पंकज की मृत्यु करीब ढाई वर्ष पूर्व हो चुकी है, जिसके बाद से ग्राम शाहपुर बड़ौली के कुछ दबंग लोग उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। महिला ने शिकायत में बताया कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और गांव के गरीब परिवारों को अक्सर डराते-धमकाते रहते हैं। आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज हो चुका है और वह जेल भी जा चुका है। महिला का आरोप है कि आरोपी उसे व्हाट्सएप पर लगातार धमकी भरे संदेश भेजते हैं, जिसमें उसके बेटे की हत्या कर जमीन हड़पने की धमकी दी जाती है। हाल ही में, 30 नवंबर को आरोपियों ने महिला को उसके खेत में बोवाई नहीं करने दी। बोवाई से पहले 15 दिनों के भीतर तीन बार खेत में पानी भर दिया गया, जिससे फसल खराब हो गई। इसके अतिरिक्त, आरोपियों ने सरकारी नाली पर पक्की दीवार बनाकर आधी नाली को अपने खेत में मिला लिया है और उसकी मेढ़ काटकर खेत के पानी का बहाव भी रोक दिया है। पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, अपनी जमीन और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

# छात्र से रास्ते में की मारपीट, वीड़ियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां स्कूल जा रहे एक छात्र पर रास्ते में हमला किया गया। मारपीट का पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों ने आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

घटना बड़ौत कोतवाली इलाके की बताई जा रही है। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक युवक पहले छात्र से गालीगलौज करता है, फिर लगातार उस पर हमला करता है। मौके पर मौजूद एक अन्य व्यक्ति बीच-बचाव की कोशिश करता नजर आता है, लेकिन आरोपी युवक बार-बार छात्र को पीटता रहता है। जैसे ही मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर फैलने लगा, लोगों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपी की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है। आरोपी की पहचान कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि छात्र के साथ दिनदहाड़े इस तरह मारपीट होना चिंता का विषय है। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में स्कूल जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं।



# नि:शुल्क नेत्र शिविर में की गई 55 मरीजों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में लायंस क्लब चेतना के द्वारा राष्ट्रीय लोकदल के नगर कार्यालय जिन्दल निवास पर आँखों का मासिक नि:शुल्क ऑपरेशन केम्प लगाया गया, जिसमे समाचार लिखने तक 55 मरीजों की जाँच की गई तथा 21 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया, क्लब के सचिव एंव रालोद व्यापारी नेता डा. योगेश जिन्दल ने अवगत कराया। यह केम्प हर महीने की 5 तारीख को लगाया जाता है जिसमे आँखों की मुफ्त जाँच और ऑपरेशन किये जाते हैं, आपरेशन मेडिसिटी हॉस्पिटल कोताना रोड बड़ौत मे प्रसिद्ध नेत्र सृजन डा.शस्या तोमर के द्वारा नि:शुल्क किये जाते है, उन्होंने बताया कि अंधता निवारण लायंस क्लब का सबसे बड़ा कार्यक्रम है जिसको दूर करने कि हर मेंबर को शपथ दिलाई जाती है, आगे भी हर महीने कि 5 तारीख को ये केम्प लगते रहेंगे।, जिन्दल ने बताया किलायंस क्लब ये केम्प 4 वर्षो से लगातार लगा रहा है और अब तक करीब 1800 से ज्यादा व्यक्तियों को आँखों के ऑपरेशन कराये जा चुके है, आँखों कि जाँच मेडिसिटी हॉस्पिटल कि टीम अंकुर गुप्ता , फरहिन, नूरबी खुशी, आरजू की टीम के द्वारा किया गया, केम्प मे लायन अंकुर जैन , डा.इरफान मलिक ललित जैन, लायन मनोज गोयल अंकुर जिन्दल, लायन सरिता जिन्दल, लायन पूजा ,जिन्दल लायन रोबिन गोयल, कृष्णा गोयल हर्ष, आदि का विशेष सहयोग रहा।



# चौकी से सौ मी. दूर देसी शराब की दुकान में चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा में पाठशाला चौकी से मात्र 100 मीटर दूर स्थित एक देसी शराब की दुकान में चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने दुकान से चार पेटी शराब और कुछ नकदी चुरा ली। इस घटना से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार, चोरों ने रात के समय दुकान में सेंध लगाई। उन्होंने शराब की चार पेटियां और कुछ नकदी चोरी की। सबूत मिटाने के लिए चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया। चोरी का पता सुबह उस समय चला जब सेल्समैन दुकान खोलने पहुंचा। उसने दुकान का ताला टूटा देखा और अंदर सामान बिखरा पाया। तत्काल इसकी सूचना स्थानीय लोगों और पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की



# डीएम ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के संबंध में बैठक कर संबंधितों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के संबंध में बैठक कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जल्द ही बागपत की सूरत निवेश और नए उद्योगों संग बदलने वाली है। बैठक में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने सभी विभागों और बैंक प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में उद्यमियों को निवेश- अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बागपत का विशिष्ट इतिहास, अनूठी भौगोलिक स्थिति, दिल्ली-एनसीआर से निकटता, मजबूत कृषि आधारित अर्थव्यवस्था और उभरते क्लस्टर इसे एक बड़े निवेश केंद्र के रूप में स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि जनपद की इन खूबियों को निवेशकों के समक्ष व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत किया जाए, क्योंकि निवेश केवल उद्योग नहीं लाता बल्कि रोजगार, कौशल विकास और समग्र आर्थिक मजबूती का आधार बनता है।

बैठक में सबसे पहले चर्चा बैंकिंग व्यवस्था पर हुई, जहां जिलाधिकारी ने सभी निजी एवं राष्ट्रीयकृत बैंकों में लंबित शिकायतों पर कड़ी नाराज़गी जताते हुए स्पष्ट किया कि निवेशकों व उद्यमियों की कोई भी फाइल अनावश्यक देरी से नहीं रोकी जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी समय पर कार्य नहीं करेगा, उसके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई अपरिहार्य होगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि शासन की प्राथमिकता की योजनाओं से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए, ताकि जनपद के युवा और उद्यमी बिना बाधा अपने व्यवसाय शुरू कर सकें। उन्होंने विभागों को यह भी निर्देश दिया कि निवेशकों के लिए एक बेहतर व्यवस्था विकसित की जाए। हर विभाग अपनी सफलता की कहानियाँ तैयार करे और यह बताए कि उनके सेक्टर में पहले किए गए उद्योगों या प्रोजेक्ट्स ने किस तरह स्थानीय जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए। जिलाधिकारी ने कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, वन, पर्यटन, आबकारी, डेयरी, एनआरएलएम, आईटीआई और पॉलिटेक्निक जैसे विभागों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि वे अपनी योजनाओं के माध्यम से निवेशकों को किस प्रकार आकर्षित कर सकते है, इसका विस्तृत ब्यौरा तैयार करें। उन्होंने डेयरी, कोल्ड चेन, स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग, ग्रामीण पर्यटन, कृषि उपकरण निर्माण, हेल्थकेयर सेवाओं, और एमएसएमई आधारित उत्पादों के लिए संभावित परियोजनाओं को निवेश साथी पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने लंबित अनुमतियों, फाइलों और विभागीय स्वीकृतियों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि सभी विभाग समयबद्ध और निवेशक-हितैषी दृष्टिकोण के साथ कार्य करे। उन्होंने कहा कि बागपत जिले को फास्ट-ट्रैक मोड पर आगे बढ़ाना आवश्यक है, ताकि यहां निवेशकों का विश्वास मजबूत हो और नये उद्योग बिना किसी बाधा के स्थापित हो सकें। बैठक में उपायुक्त उद्योग अर्चना तिवारी सहित बैंकों के अधिकारीगण अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## निवेश से बदलेगी बागपत की सूरत:डीएम

**बागपत।** जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि निवेश से बागपत की सूरत बदलेगी। जैसे ही नए उद्योग आएंगे, स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, आर्थिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी, किसानों को अपनी उपज के लिए नए बाजार मिलेंगे, डेयरी व कृषि आधारित उद्योग मजबूत होंगे और जिले की अर्थव्यवस्था पहले से कहीं अधिक विकसित और सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि बागपत पहले से ही कृषि और डेयरी में अग्रणी रहा है। यदि इसे उद्योगों और स्टार्टअप्स से जोड़ा जाए तो यह जिला उत्तर प्रदेश के आर्थिक मानचित्र पर एक मजबूत पहचान बना सकता है। जनपद में नई कंपनियों और उद्योगों के आगमन से जिले में लॉजिस्टिक्स, परिवहन, कौशल प्रशिक्षण, होटल- ढाबा- अस्पताल सेवाएं, व्यापारिक गतिविधियां और सहायक उद्योगों की मांग भी तेजी से बढ़ेगी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

निवेशक जब किसी जिले में आता है तो पारदर्शिता और सहयोग सबसे पहले देखता है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र फुरकान व उसकी पत्नि इकरा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। साहिदा पत्नि स्व. खान मौहम्मद निवासी ग्राम टेहरकी थाना सरधना जिला मेरठ हाल नि.डाबर तालाब लानी थाना लोनी जिला गाजियाबाद।

# ओवरलोड वाहन के विद्युत लाइन में टकराने पर लोगों ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** गन्ने के ओवरलोड वाहनों से गुरुवार को विद्युत लाइन में टकराने से विद्युत तारों में चिंगारी से हुए फाल्ट के कारण मोहल्ले में लोगों के विद्युत उपकरण फुंक गए। गुस्साए लोगों ने ओवरलोड गन्ने के ट्रक को रोक कर घंटे तक जमकर हंगामा किया। जिससे दोनों और वाहनों की लंबी लाइन लगने से जाम लग गया। पीड़ित सभासद मुकेश सैनी, व भाजपा नेता मोनू देवपाल, हरीश भाटी, राजकुमार, परशुराम, फैजान फरीदी, शैकी पाल आदि ने नगर पंचायत एवं थाने में तहरीर देकर कहा कि ओवरलोड गन्ने के वाहनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और प्रतिबंध लगना चाहिए। उन्होंने बताया कि नगर के खतौली मन्दवाड़ी मार्ग होली चौक पर शुक्रवार को मन्दवाड़ी गांव में मवाना शुगर मिल का गना सेंटर है वहां से गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक विद्युत लाइन से टकराने पर उपभोक्ताओं के मकानों पर लगे मीटर व केबिल उखड़ गए और विद्युत तारों में चिंगारी उठने से लोगों के विद्युत उपकरण फुंक गए। विद्युत तारों में गन्ने का ट्रक फंसा रहा जिसे जेसीबी मशीन से विद्युत तारों को हटाया गया तब जाकर वाहनों का संचालन शुरू हुआ। लोगों ने गन्ने के ओवरलोड ट्रकों पर प्रतिबंध लगाने के लिए नगर पंचायत एवं थाना पुलिस को तहरीर दी है। इस दौरान सहकारी समिति के चेयरमैन तनजैब चौधरी, राजकुमार, रोहतास सैनी, राजेश मिस्त्री, हरीश, रणबीर, ऋषिपाल, योगिंदर, भोपाल चौधरी, विकास, राहुल आदि मौजूद रहे।



# गोदाम में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर स्वाहा

## पीड़ित ने दो नामजद व एक अज्ञात युवक पर आग लगाने की दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में शुक्रवार की सुबह सवेरे पायदान व कपड़ों के गोदाम में अचानक आग लग गई जिससे लगभग पांच लाख रुपए की कीमत के पायदान व गर्म कपड़े जलकर राख हो गए, साथ ही जरूरी कागजात भी जल गए। आलमगीर पुत्र जुबैर ने बताया कि कस्बे में बंदा कॉलोनी में उसका कपड़े व पायदान का गोदाम है गोदाम के ऊपरी हिस्से में मकान है जिसमें वो परिवार सहित रहता है। आलमगीर ने बताया कि शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे वो मकान से नीचे उतरकर आया तो उसके गोदाम में आग लग रही थी जिसे देखकर वो बदहवास हो गया। आलमगीर ने आरोप लगाया कि जिस समय उसके गोदाम में आग लग रही थी तब वहां कस्बे के ही रहने वाले सुहैल पुत्र शाहनवाज, शाहनवाज पुत्र जाबिर व एक अन्य युवक गोदाम के पास ही खड़े थे। आरोप है कि तीनों युवक उसे देखकर घबरा गए ओर वहां से भाग गए। पीड़ित ने किसी तरह पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लगभग 5 लाख रुपए की कीमत के पायदान गर्म कपड़े व जरूरी दस्तावेज जलकर राख हो गए। पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पीड़ित युवक ने लावड़ चौकी पहुंचकर शाहनवाज, सुहैल व एक अज्ञात के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की।



### पीड़ित के भाई की हो चुकी है हत्या, फैसले के दबाव में आग लगाने का आरोप


आलमगीर ने शुक्रवार को पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पूर्व में उसके भाई उमैर की कस्बे के ही रहने वाले दो युवकों ने हत्या कर दी थी जिसमें दोनों युवक जेल जा चुके हैं उसने आरोप लगाया कि हत्यारोपियों के परिजनों द्वारा उन पर फैसले का दबाव बनाया जा रहा है इसी के चलते आरोपियों ने उसके गोदाम में आग लगाई गई है।

# राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर के खिलाफ लोकायुक्त के समक्ष परिवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने मेरठ दक्षिण से विधायक और यूपी के ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर तथा उनकी पत्नी की वर्ष 2017 से 2022 के बीच उनकी संपत्ति के उनकी आय से तीन गुना बढ़ने के आरोपों के संबंध में यूपी के लोकायुक्त को परिवाद प्रस्तुत किया है।

अपने परिवाद में उन्होंने कहा कि सोमेंद्र तोमर द्वारा वर्ष 2017 और 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए दाखिल शपथ पत्रों के अनुसार इस अवधि में सोमेंद्र तोमर की कुल आय रुपये 43 लाख और उनकी पत्नी की कुल आय रुपये 29 लाख अंकित है। इस प्रकार इस अवधि में उन दोनों की कुल आय 72 लाख रुपए है। इसके विपरीत इस 5 वर्ष की अवधि में सोमेंद्र तोमर की कुल चल और अचल संपत्ति की वृद्धि 1.85 करोड़ और उनकी पत्नी की चल और अचल संपत्ति की कुल वृद्धि 28 लाख रुपए दिखती है, अर्थात इस अवधि में उन दोनों के कुल संपत्ति की वृद्धि 2.13 करोड़ दिखती है, जो उनकी कुल आय से लगभग तीन गुना जान पड़ती है। अमिताभ ठाकुर ने कहा है कि सोमेंद्र तोमर से जुड़े शांति निकेतन ट्रस्ट, विनायक एजुकेशनल ट्रस्ट, नीलकंठ एजुकेशनल ट्रस्ट और साईं एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा विगत वर्षों में काफी संपत्ति खरीदे जाने के तथ्य भी सामने आए हैं, जिसके संबंध में भी उन्होंने जांच की मांग की है। साथ ही उन्होंने शांति निकेतन ट्रस्ट द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों से भूमि क्रय किए जाने के प्रकरण में तमाम गंभीर अनियमितताओं के संबंध में भी जांच की मांग की है।



# किठौर थाने में हुआ क्यूआरसीएस ड्रिल का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की 108 बटालियन ने किठौर पुलिस थाने में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता प्रणाली QRCS ड्रिल का आयोजन किया।

इस अभ्यास का उद्देश्य दंगे जैसी आपात स्थिति में आरएएफ के पहुंचने के समय का आकलन करना था। ड्रिल के दौरान, सुभारती विश्वविद्यालय के सामने स्थित आरएएफ मुख्यालय से किठौर थाने तक पहुंचने में कंपनी को 1 घंटा 20 मिनट का समय लगा। यह ड्रिल आरएएफ 108 बटालियन के कमांडेंट धन सिंह बिष्ट के निर्देश पर की गई। इसका मुख्य उद्देश्य यह जांचना था कि पुलिस के बुलाने पर आरएएफ कम से कम समय में घटनास्थल पर पहुंचकर दंगे को कितनी जल्दी नियंत्रित कर सकती है। सहायक कमांडेंट गोपाल राम राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, निरीक्षक पाल सिंह, निरीक्षक बलविंदर सिंह और निरीक्षक पवन सिंह सहित ए-108 आरएएफ कंपनी के जवान इस ड्रिल के लिए किठौर थाने पहुंचे और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। अभ्यास के बाद, सहायक कमांडेंट गोपाल राम और थाना प्रभारी प्रताप सिंह की उपस्थिति में ए-108 कंपनी आरएएफ और स्थानीय पुलिस बल ने आसपास के इलाकों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान टीम ने इलाके की स्थिति का जायजा लिया और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए।

# शोभित में आईटी उद्योग उन्मुख नवाचार पर विशेषज्ञ आशीष अग्रवाल का प्रेरक व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, में शुक्रवार को शैक्षणिक सीख को उद्योग-उपयोगी नवाचार में रूपांतरित करना विषय पर एक प्रेरक और ज्ञानवर्धक व्याख्यान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम इंस्टिट्यूशन इनावेशन काउंसिल IIC के तहत आयोजित हुआ।

जिसमें छात्रों शोधार्थियों और शिक्षकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। मुख्य वक्ता आशीष अग्रवाल, सीनियर टेक्निकल आर्किटेक्ट, ION ट्रेडिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड। फिनटेक, हाई-फ्रीक्वेंसी ट्रेडिंग और बड़े तकनीकी प्लेटफॉर्मर्स के विकास में दो दशक से अधिक अनुभव रखने वाले आशीष अग्रवाल ने छात्रों को बताया कि उद्योग वास्तविक समस्याओं को कैसे देखता है और नवाचार तभी सफल होता है जब वह उपयोगी और व्यवहारिक समाधान दे सके। उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि कक्षाओं में सीखे गए सिद्धांत तब और प्रभावी बनते हैं जब उन्हें उद्योग की परिस्थितियों के अनुसार ढाला जाए। उन्होंने टीमवर्क, संचार कौशल, समस्या की पहचान, और निर्णय क्षमता को करियर प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उदाहरणों, केस स्टडी और वास्तविक तकनीकी चुनौतियों के माध्यम से उन्होंने छात्रें को उद्योग की कार्यशैली से अवगत कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार त्यागी ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे व्याख्यान छात्रों को भविष्य की जरूरतों को समझने में मदद करते हैं और उनकी तकनीकी सोच को और परिष्कृत करते हैं। विभाग के निदेशक डॉ. संदीप कुमार ने स्वागत भाषण में तकनीकी शिक्षा में नवाचार की अहमियत पर प्रकाश डाला। प्रो. डॉ. ममता बंसल ने कहा कि उद्योग विशेषज्ञों से संवाद छात्रों की दृष्टि को व्यापक बनाता है और उन्हें प्रैक्टिकल सोच विकसित करने में सहायता करता है। कार्यक्रम के संचालन में फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. सुरभि सरोहा का सराहनीय योगदान रहा। छात्र समन्वयन भोला और सैफ ने संभाला, जबकि मंच संचालन कमल कांत पांडे और सुश्री माहि ने प्रभावी रूप से किया। व्याख्यान के दौरान छात्रों ने तकनीकी करियर से जुड़े कई प्रश्न पूछे।

# सड़क से लेकर सदन तक मिली अतुल प्रधान को जन्मदिन की बधाई

## दिव्यांगों को बांटी ट्राइसाइकिल, गरीबों को मिले कम्बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के सरधना विधायक अतुल प्रधान के जन्म दिवस पर उनके समर्थकों का जमावड़ा पूरे दिन उनके आवास पर रहा। सरधना विधानसभा क्षेत्र से अलग गांव से और गैर जनपदों से भी लोगों की भीड़ सरधना विधायक अतुल प्रधान के आवास पर पहुंची जहां पर लगभग हर मिनट उनके जन्म दिवस पर केक काटा गया दूर-ड्रा से आने वाले लोग अपने साथ केक ला रहे थे और अपनी शुभकामनाओं से अतुल प्रधान को आशीर्वाद भी दे रहे थे।

इस दौरान सरधना विधायक अतुल प्रधान के जन्म दिवस की धूम सड़क से लेकर सदन तक दिखाई दी उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने भी अतुल प्रधान को जन्म दिवस की मुबारकबाद दी उन्होंने यूपी विधानसभा के सोशल मीडिया अकाउंट से भी अतुल प्रधान के लिए एक पोस्ट डाली। जिसमें उन्होंने अतुल प्रधान को जन्मदिन की मुबारकबाद दी। शुक्रवार के दिन अतुल प्रधान का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। उनके समर्थको ने एक के बाद एक केक काटे। वहीं अतुल प्रधान ने भी सभी लोगों का आभार जताया और कहा कि जो प्यार जनता ने उन्हें दिया है उसके आभारी हैं। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी भी उनके साथ मौजूद रहे।

### विकलांगों को मिली ट्राई साइकिल

अतुल प्रधान के जन्म दिवस के अवसर पर उन्होंने जहां अपने समर्थकों का आभार जताया और जनता से हर सुख दुख में साथ रहने का वादा किय वहीं उन्होंने इस दिन को उस समय और खास बना दिया जब उन्होंने अपने जन्म दिवस के अवसर पर दिव्यांगों को ट्राई साइकिल बांटी। उन्होंने कई दर्जन ट्राई साइकिल दिव्यांगों को दी। कुछ आवास पर वितरित हुई कुछ लावड़ बांटी गई ताकि वे अपनी जिंदगी को बेहतर गुजर बसर कर सके। वहीं सर्दी का मौसम देखते हुए अतुल प्रधान ने सर्दी से परेशान लोगों को कंबल वितरित किया ताकि उन्हें सर्दी से राहत मिल सके, साथ ही साथ उन्होंने अपने आवास पर आने वाले गरीबों को मिष्ठान वितरित करने के साथ अनगिनत लोगों को आर्थिक सहायता भी दी।



### कई बार बड़ा दिल दिखा चुके अतुल प्रधान

समाजवादी पार्टी में अतुल प्रधान को एक दबंग और जुझारू नेता माना जाता है। वह लगातार दो बार विधानसभा हारे लेकिन उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी और तीसरी बार उन्होंने भाजपा के फायर ब्रांड नेता के नाम से जाने वाले संगीत सोम को धूल चटाई। अतुल प्रधान अक्सर अपनी दरिया दिली के लिए भी जाने जाते हैं राह चलते लोगों से मिलना उनकी आदत है वहीं बीती दिवाली पर भी जब भी सड़क पर एक ठेले वाले का सामान गिरा देखा था तो अतुल प्रधान अपनी कार से निकाल कर आए थे और उस ठेले वाले का सामान अपने हाथों से ठेले में भरा था और उस ठेले वालों को आर्थिक सहायता दी थी ताकि वह भी अपने घर दिवाली बना सके। अतुल प्रधान के ऐसे कई किस्से क्षेत्र में मशहूर है जिससे लोगों में उनकी छवि दरिया दिली वाली भी है। और भी चर्चाए अतुल की सरधना की जनता के बीच बनीं रहती हैं।




# जैन पंचायती मंदिर समिति के चुनाव एक माह में, डिप्टी रजिस्ट्रार ने दिए आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स कार्यालय मेरठ ने दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर समिति, आनंदपुरी के लंबे समय से लंबित चल रहे प्रबंधन विवाद पर महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। समिति का पंजीकरण वर्ष 1990 में हुआ था और इसकी प्रबंध समिति का कार्यकाल 3 वर्ष निर्धारित है, लेकिन वर्ष 2013 के बाद आज तक नियमित चुनाव नहीं हो पाए। इस दौरान दो अलग अलग पक्षों द्वारा अलग-अलग चुनाव कराए जाने की सूचनाएं कार्यालय को मिली थीं। जिससे विवाद उत्पन्न हो गया। मामला उच्च न्यायालय तक पहुंचा और निर्देशों के बाद भी 2013 के बाद कोई विधिवत चुनाव नहीं कराया गया।

डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा उपलब्ध अभिलेखों और दोनों पक्षों के बयान का परीक्षण करने पर यह स्पष्ट हुआ कि वर्ष 2013 में नामित निर्वाचन अधिकारी ने राजीव कुमार जैन को मंत्री घोषित किया था और उसके बाद कोई चुनाव मान्य रूप से नहीं हुआ। इसलिए वर्तमान समिति को कालातीत मानते हुए सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट की धारा 25(2) के अंतर्गत नए चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। आदेश के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्वाचन अधिकारी नामित किया गया है, जो एक माह के भीतर उपनियमों के अनुसार चुनाव कराएंगे। चुनाव के खर्च का वहन समिति करेगी और चुनाव संपन्न होने तक समिति के दैनिक खर्चों के अलावा अन्य खर्चों पर रोक रहेगी। नया प्रबंधन चुने जाने के बाद नवीनीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। डिप्टी रजिस्ट्रार के फैसले का स्वागत किया गया है। बतादें कि चुनाव प्रक्रिया होते रहना चाहिये इससे समिति को बल मिलेगा।

- **1990 में हुआ था समिति का पंजीकरण**
- **2013 के बाद अभी तक नहीं हुए हैं चुनाव**
- **डिप्टी रजिस्ट्रार के फैसले का समिति के सदस्यों ने किया स्वागत**

# सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक खेलकूद दिवस सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** छीपी टैंक स्थित सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद एवं पी.टी. प्रदर्शन दिवस आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अविनाश चंद और गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. प्रो. एस.पी. सिंह रहे। प्रधानाचार्या ए. डीन ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना, खेल ध्वज फहराने और मार्च पास्ट से हुई। नन्हे बच्चों ने 'सियोल स्टेप्स' पर आकर्षक प्रस्तुति दी। पहली कक्षा के बच्चों ने 'स्वे एंड स्वेट' के जरिए फिटनेस का संदेश दिया। 'डांडिया' और 'रोगीन धारा' के माध्यम से गुजरात और बंगाल की झलक दिखाई गई। व्हील्स ऑफ फायर में स्केटिंग का प्रदर्शन विशेष आकर्षण रहा। प्राइड ऑफ इंडिया में विद्यार्थियों ने एकता, अनुशासन और आत्म विश्वास का संदेश दिया। ईस्टर्न वॉरियर्स में नागालैंड का लोकनृत्य और भांगड़ा प्रस्तुत किया गया। दौड़ प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन रिट्रीट मार्च पास्ट और धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में पी.टी.आई. और वाइट हाउस कमेटी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान सेंट जेम्स स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह, सेंट जॉन्स स्कूल की प्रधानाचार्य सीमोना जैन व ऑल सेंट स्कूल की प्रधानाचार्य डोली ऑगस्टीन आदि उपस्थित रहे।





# प्रांतीय रक्षक दल ने मनाया स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रांतीय रक्षक दल पीआरडी 11 दिसंबर 1948 में स्थापित हुई थी इसी कड़ी में पीआरडी के कर्मियों ने भंडारे का आयोजन किया। सबसे पहले उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इसके बाद हलवे का वितरण हुआ। कार्यक्रम में पीआरडी की महिला छाया व रूबी व युवा वर्ग मौजूद रहा। पीआरडी के नरेश कुमार ने बताया कि प्रांतीय रक्षक दल को 77 वर्ष पूरे हो गए हैं इसी उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया है।



# सीसीएसयू में साइबर सुरक्षा कोर्स पर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

## कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने कहा, छात्रों की डिजिटल सुरक्षा सर्वोपरि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, में साइबर सिक्योरिटी के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक सफलता पूर्वक आयोजित की गई। इस बैठक में C3iHub IIT कानपुर तथा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की सात-सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने भाग लिया।

यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा स्वीकृत साइबर सिक्योरिटी पाठ्यक्रम को विश्व विद्यालयों और उनके सम्बद्ध महाविद्यालयों में लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय से संबद्ध सैकड़ों कॉलेजों के प्राचार्य एवं प्रतिनिधि ऑनलाइन-ऑफलाइन माध्यम से शामिल हुए। बैठक की शुरुआत डॉ. सचिन कुमार, कार्यक्रम समन्वयक, द्वारा सभी अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों का हार्दिक स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही का संचालन किया और प्रो. भूपेंद्र सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता और प्रो. हरे कृष्ण, आईक्यूएसी समन्वयक ने इस राज्य-स्तरीय पहल के विभिन्न तकनीकी एवं शैक्षणिक पहलुओं पर सारगर्भित विचार विमर्श की शुरुआत की। इसके अतिरिक्त परिसर के प्रमुख अधिकारी एवं संकाय सदस्य प्रो. बीरपाल सिंह, डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, प्रो. जितेन्द्र सिंह, प्रोफेसर के.के. शर्मा, डॉ. नीरज सिंघल, डॉ. विवेक त्यागी, डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. मानव बंसल, प्रो. निवेदिता, प्रो. एम के यादव, प्रो हिमांशु शर्मा, मितेंद्र गुप्ता, इंजी प्रवीण पंवार उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षक, विद्यार्थियों, किशोरों तथा महिलाओं में स्मार्टफोन व इंटरनेट उपयोग अत्यधिक बढ़ गया है, जिससे डिजिटल फ्रॉड, साइबरबुलिंग, फेक लिंक और बैंकिंग धोखाधड़ी जैसे खतरे भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार सिखाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि इस पहल से छात्रों को रोजगार, प्रशिक्षण एवं स्टार्टअप अवसरों का नया आयाम मिलेगा। बैठक में C3iHub की सीईओ डॉ. तनीमा हाजरा, सीएसओ डॉ. आनंद हांडा, वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक सुश्री नेहा श्रीवास्तव, उप परियोजना प्रबंधक डॉ. पल्लवी देते और गौरव त्रिपाठी, तथा सीएसजेएमयू, कानपुर के प्रो. आर. के. द्विवेदी एवं शैलेंद्र यादव ने सहभागिता की। टीम ने साइबर सिक्योरिटी कोर्स की संरचना, एलएमएस पहुंच, प्रशिक्षण प्रक्रिया, छात्र पंजीकरण, जिला एवं महाविद्यालय समन्वयकों की नियुक्ति तथा क्रियान्वयन रणनीति पर विस्तृत प्रस्तुति दी।



# प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड को अनिवार्य रूप से लागू करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन लोकहित के कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम डीएम को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि प्रदेश के सभी प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। जिससे सभी गरीबों का इलाज मुफ्त में हो सके। उन्होंने कहा कि आयुष्मान के कारण कुछ लोग अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं ऑपरेशन के समय उनसे आयुष्मान को लागू न करने की बात की जा रही है जिससे गरीब वर्ग परेशान है। उन्होंने पूरे प्रदेश में गांव-गांव पानी की पाइपलाइन डालने व रास्तों को तोड़ने का भी विरोध किया है। उन्होंने आवारा गोवंश से किसानों की फसल को नुकसान पहुंचने के मामले में कहा कि आवारा गोवंश को पकड़कर गौशाला में भिजवाया जाए जिससे किसान आवारा गोवंशु का शिकार न हो। उन्होंने गन्ना फैक्ट्री में लगे ट्रकों की जांच की भी मांग की है। जिनका परमिट समाप्त हो चुका है।

# चौधरी बशीर खां इंटर कॉलेज में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया संस्थापक दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** शुक्रवार को चौधरी बशीर खां इंटर कॉलेज हर्रा में संस्थापक दिवस बड़े ही श्रद्धापूर्ण और गरिमामयी माहौल में मनाया गया। कॉलेज के संस्थापक चौधरी बशीर खां के जन्मदिवस पर आयोजित इस समारोह में उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने शिक्षा के प्रति उनके योगदान को याद किया।

कार्यक्रम के तहत कॉलेज परिसर में विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिनमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और ऊर्जा स्पष्ट झलक रही थी। समारोह की विशेष उपलब्धि यह रही कि कॉलेज के पूर्व छात्रों का भारतीय सेना में चयन होने पर उन्हें मंच पर बुलाकर प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए। इस सम्मान के पल ने न केवल उपस्थित पूर्व छात्रों को गौरवान्वित किया, बल्कि पूरे कॉलेज परिवार में गर्व और उत्साह की भावना भर दी। प्रबंधक कुंवर मोहम्मद अली और प्रधानाचार्य अकील अहमद ने संस्थापक चौधरी बशीर खां के जीवन दर्शन, संघर्षों और शिक्षा क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब ने शिक्षा को गांव-देहात तक पहुंचाने का जो सपना देखा था, कॉलेज आज भी उसी मार्ग पर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है। समारोह में कस्बा हर्रा सहित आसपास के क्षेत्रों के गणमान्य नागरिक, विद्यालय स्टाफ और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने चौधरी साहब की स्मृति को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।




संस्थापक दिवस में अध्यापकगण के साथ छात्राएं।

# निर्णायक मुकाबले में टीम संयोजन में बदलाव करेगा भारत!

**दोनों मैचों में एक बड़ी सीख भारतीय टीम को मिली है कि उनका गेंदबाजी आक्रमण दोनों ही मौकों पर कमजोर साबित हुआ है**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच विशाखापत्तनम में वनडे सीरीज का निर्णायक मुक़ाबला शनिवार को खेला जाना है। रांची में करीबी जीत हासिल करने के बाद भारतीय टीम को रायपुर में करारी हार मिली थी। 359 रनों के लक्ष्य को दक्षिण अफ्रीका ने चार गेंद शेष रहते हासिल कर लिया था।

इन दोनों मैचों से एक बड़ी सीख भारतीय टीम को यह मिली है कि उनका गेंदबाजी आक्रमण दोनों ही मौक़ों पर कमजोर साबित हुआ है। हालांकि यह भी तथ्य है कि दोनों मैचों में टॉस हारकर भारतीय गेंदबाजों को ओस के समय दूसरी पारी में गेंदबाजी करनी पड़ी थी। इस मैच में एक बार फिर भारत की गेंदबाजी पर ही सभी की निगाहें रहने वाली हैं। इसके साथ ही टीम का मध्यक्रम भी अब तक आलोचकों के निशाने पर रहा है। इस सीरीज के पहले दो मैचों में लगातार बल्लेबाजी आसान रही है और खूब रन बने हैं। अब यह देखना होगा कि निर्णायक मैच के लिए पिच किस तरह रहने वाली है। हालांकि इसके बाद भी भारत को कुछ चीजों पर काम करने की सख्त जरूरत है। खास तौर से भारत का तेज गेंदबाजी आक्रमण उतना डरावना नहीं लग रहा है, जितना जसप्रीत बुमराह की मौजूदगी में लगता है। हर्षित राणा ने पहले मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी और दूसरे मैच में भी उनकी गेंदबाजी ठीक रही थी। हालांकि प्रसिद्ध कृष्णा टीम को वह लाभ नहीं दिला पाए हैं, जिसकी उनसे अपेक्षा थी। अर्शदीप और हर्षित की जोड़ी का बने रहना तय है, लेकिन हो सकता है कि तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में प्रसिद्ध की जगह नीतीश रेड्डी को मौका मिले। इसके साथ ही वॉशिगटन सुंदर का जिस तरह से इस्तेमाल मध्यक्रम में किया जा रहा है, उसका लाभ भी भारत को नहीं मिल रहा है। भारत के पास बेंच पर नीतीश रेड्डी के रूप में एक ऑलराउंडर है, लेकिन वह तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका को कितने अच्छे से निभा पाएंगे यह देखना होगा। इस हालत में भारत प्रसिद्ध के विकल्प के बारे में सोचेगी भी तो उन्हें काफी मुश्किल होगी। तिलक वर्मा बेंच पर हैं और उन्हें लाकर मध्यक्रम को मजबूत किया जा सकता है। दक्षिण अफ्रीका अपने विजई एकादश में बदलाव तो नहीं करना चाहेगी, लेकिन उन्हें मजबूरी में ऐसा करना पड़ सकता है। पिछले मैच में नांद्रे बर्गर को हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी और वह अपना कोटा पूरा नहीं कर पाए थे। हालांकि, जब रन चेज तनावपूर्ण हुआ था तब वह बल्लेबाजी के लिए तैयार दिख रहे थे। हालांकि, इस मैच में फटि होकर पूरे 10 ओवर डाल पाना उनके लिए बड़ी चुनौती होगी। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका को यह एक बदलाव करना पड़ सकता है। बल्लेबाज टोनी डीजॉर्जी भी हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए थे।

# तीसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका की प्लेइंग इलेवन में बदलाव तय

**● भारत को ओस ने दोनों मैचों में परेशान किया है और इस बार वे कोशिश करेंगे कि किसी तरह टॉस जीत जाए**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों के ही पास वनडे सीरीज अपने नाम करने का मौक़ा है। सीरीज 1-1 से बराबरी पर है और निर्णायक मुक़ाबला विशाखापट्टनम में शनिवार को खेला जाना है। पहले दो मैचों में खूब रन बने हैं और अंतिम मैच भी कुछ ऐसा ही होने की उम्मीद है। भारत को ओस ने दोनों मैचों में परेशान किया है और इस बार में वे कोशिश करेंगे कि किसी तरह टॉस जीत जाएं। हालांकि, विशाखापत्तनम में कितनी ओस आती है ए भी देखने वाली बात रहेगी। आइए इस मैच में दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवन और पिच रिपोर्ट पर एक नजर डालते हैं। टीम न्यूज: बर्गर और डीजॉर्जी पर निगाहें भारत के पास अपनी प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव करने की वजह नजर नहीं आती। प्रसिद्ध 8.48 की इकॉनमी से रन दे रहे हैं, लेकिन भारत के पास दल में उनका कोई विकल्प नहीं है और वे किसी विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह ऑलराउंडर को शामिल नहीं करेंगे।

**भारत (संभावित):** 1 यशस्वी जायसवाल, 2 रोहित शर्मा, 3 विराट कोहली, 4 ऋतुराज गायकवाड़, 5 केएल राहुल (कप्तान व विकेटकीपर), 6 वॉशिंगटन सुंदर, 7 रवींद्र जडेजा, 8 हर्षित राणा, 9 कुलदीप यादव, 10 अर्शदीप सिंह, 11 प्रसिद्ध, दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका के दो खिलाड़ी हैमस्ट्रिंग चोट की वजह से मैदान से बाहर चले गए थे। दोनों में से कोई भी आगे मैच में नहीं खेल पाया। हैमस्ट्रिंग इतनी जल्दी ठीक नहीं होती, इसलिए उम्मीद है कि बर्गर और टोनी डीजॉर्जी की जगह ऑटनील बार्टमैन और रायन रिकल्टन खेलेंगे।

**दक्षिण अफ्रीका (संभावित):** 1 एडन मारक्रम, 2 क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), 3 टेम्बा बावुमा (कप्तान), 4 मैथ्यू ब्रीत्जके, 5 रायन रिकल्टन, 6 डेवॉल्ड ब्रेविस, 7 मार्को यानसन, 8कॉर्बिन बॉश, 9 केशव महाराज, 10 लुंगी एन्गिडी, 11 ऑटनील बार्टमैन पिच और परिस्थितियां विशाखापत्तनम में भारत की पिछली दो वनडे पारियां इस मैदान की परिस्थितियों के दो अलग रूप दिखाती हैं।

# 2026 विंटर गेम्स के लिए ओलंपिक फ्लेम इटली पहुंची

**रोम, वार्ता।** 2026 विटर गेम्स के लिए ओलंपिक फ्लेम गुरुवार दोपहर को इटली के रोम पहुंची, जिसके साथ ही टॉर्च रिले इवेंट्स की एक सीरीज शुरू हो गई। एक लालटेन में सुरक्षित, फ्लेम शाम करीब 5 बजे रोम के फिमिसिनो एयरपोर्ट पर उतरी, और इसे इटैलियन ओलंपिक टेनिस चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी और मिलान-कॉर्टिना 2026 ऑर्गनाइजिग कमिटी के प्रेसिडेंट जियोवानी मालागो ने हवाई जहाज से उतारा।

शाम करीब 7 बजे, इटली के प्रेसिडेंट सर्जियो मटेरेला ने क्विरिनाले पैलेस में फ्लेम रिसीव की, जिससे 6 दिसम्बर को फ्लेम जर्नी की ऑफिशियल शुरुआत की सेरेमनी की शुरुआत हुई। मैलागो ने कहा कि इटली में ओलंपिक फ्लेम का आना और प्रेसिडेंट मटेरेला को इसे सौंपना, मिलान-कॉर्टिना 2026 की राह पर बहुत इमोशनल पल हैं। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में, फ्लेम उत्साह, तालमेल और कलेक्टिव पार्टिसिपेशन का सिबल बन जाएगा, जो हमें स्पोर्ट्स की एकजुट करने, इंस्पायर करने और फ्यूचर बनाने की यूनिक पावर की याद दिलाएगा। फ्लेम शुक्रवार सुबह ऑफिशियल लाइटिग सेरेमनी तक पैलेस में रहेगी, जब इटली के प्राइम मिनिस्टर जियोर्जिया मेलोनी और इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी की प्रेसिडेंट क्रिस्टी कोवेंट्री की मौजूदगी में अग्निकुंड जलाई जाएगी। टॉर्च रिले की शुरुआत शनिवार सुबह रोम के स्टेडियो देई मार्मी में होने वाली है। इसके बाद, रिले 60 दिनों में इटली में 12,000 किलोमीटर का सफर तय करेगी, 300 से जडादा नगर पालिकाओं से गुजरेगी और 60 शहरों में जश्न मनाएगी, सभी 110 इतालवी प्रांतों तक पहुंचेगी।

# स्टार्क बने नंबर-1 लेफ्टआर्म पेसर



**● मिशेल स्टार्क पाक के दिग्गज वसीम अकरम का 414 विकटों का रिकॉर्ड तोड़कर टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल गेंदबाज बन गए है**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क पाकिस्तान के दिग्गज वसीम अकरम का 414 विकेटों रिकॉर्ड तोड़कर टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बन गए है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, 35 साल के स्टार्क ने इंग्लैंड के खिलाफ 6/71 का शानदार स्पेल डाला, जिससे उनके टेस्ट विकेटों की संख्या 418 हो गई और इसके साथ उन्होंने दो दशक से कायम अकरम के 414 विकेट के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इस प्रदर्शन से स्टार्क टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बन गए हैं। वसीम ने सोशल मीडिया पर स्टार्क की तारीफ की और कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के करियर में अभी और भी कई उपलब्धियां हासिल करना बाकी हैं।

अकरम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि सुपर स्टार्क। तुम पर गर्व है, दोस्त। तुम्हारी अविश्वसनीय कड़ी मेहनत तुम्हें दूसरों से अलग बनाती है और यह तो बस समय की बात है कि तुम मेरे रिकॉर्ड को तोड़ोगे। मुझे यह रिकॉर्ड तुम्हें देते हुए खुशी हो रही है। अपने शानदार करियर में नई ऊंचाइयों को छूते रहो। अपने रिकॉर्ड को लेकर स्टार्क ने कहा कि मैं इस बारे में बाद में सोचूंगा। वसीम मुझसे कहीं बेहतर गेंदबाज हैं। जहां तक मेरा सवाल है, वह अभी भी लेफ्ट-आर्मर्स में सबसे ऊपर हैं और अब तक खेले गए महानतम गेंदबाजो में से एक हैं। इस मुकाम के आसपास बात होना अच्छा लगता है, लेकिन मैं बस कुछ और विकेट लेने की कोशिश करता रहूंगा। 418 विकेट के साथ स्टार्क ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक टेस्ट विकेट लेने वालों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। उनसे आगे केवल शेन वार्न (708), ग्लेन मैकग्रा (563), और नाथन लियोन (562) हैं। अपनी घातक स्विग, यॉर्कर और मैच का रुख पलटने वाली गेंदों के लिए माने जाने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज अब लेफ्ट-आर्म तेज गेंदबाजो की सूची में सबसे ऊपर हैं एक ऐसी स्थिति जिसके वे पूरी तरह हकदार हैं, ऐसा कई लोग मानते हैं।

# इस वर्ष गुगल पर सबसे अधिक सर्च हुआ क्रिकेट

**नई दिल्ली, वार्ता।** वैश्विक स्तर पर इस वर्ष सर्च इंजन गुगल पर क्रिकेट के विभिन्न प्रारूपों एशिया कप, चैंपियंस ट्रॉफी, महिला क्रिकेट विश्वकप और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की दो टीमों को सबसे अधिक खोजा गया। शुक्रवार को जारी हुई इस रिपोर्ट में एथलीट, स्पर्धा और टीमों के बीच टॉप ट्रेंडिग ग्लोबल सर्च का प्रमुख आकर्षण रहे क्रिकेट के बढ़ते डिजिटल फुटप्रिट देखने को मिला। यह खेल लॉस एंजेलिस 2028 में ओलंपिक में वापसी करने वाला है।

एशिया कप, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 दूसरे से चौथे स्थान पर रहे। ए तीनों टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट टीमों ने जीते। एशिया कप 2025 ने तीन भारत बनाम पाकिस्तान मैचों के बाद हुआ रोमांचक फाइनल भी शामिल था जिसका फैसला आखिरी ओवर में हुआ, यह सब तिलक वर्मा की मैच जिताने वाले प्रयास की वजह से काफी सुर्खियां में रहा। आठ साल के अंतराल के बाद हुई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर खिताब फिर से हासिल किया। महिला क्रिकेट विश्व कप में, भारत ने अपना पहला ग्लोबल खिताब जीता। यह देश में महिला खेलों के लिए एक ऐतिहासिक पल था। इस बीच, गुगल पर सबसे अधिक खोजे जाने वाले स्पोर्ट्स टीमों की रैंकिग में दो आईपीएल फ्रेंचाइजी 'पंजाब किग्स और दिल्ली कैपिटल्स' टॉप पांच में शामिल हो गईं। क्रिकेट के अलावा, फुटबॉल और गोल्फ ने भी अपनी मजबूत मौजूदगी बनाए रखी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### वर्ल्ड टेनिस लीग का फॉर्मेट और मैच शेड्यूल जारी

**बेंगलुरु, वार्ता।** वर्ल्ड टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) ने आज भारत में अपने पहले एडिशन के लिए फॉर्मेट, शेड्यूल और टिकट की डिटेल्स की घोषणा की। यह टूर्नामेंट 17 से 20 दिसम्बर तक बेंगलुरु के एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होगा, और भारत और दुनिया भर के फैंस के लिए एक नया, हाई-एनर्जी वाला टेनिस शो पेश करने के लिए तैयार है। फेज 1 के टिकट अब लीग के ऑफिशियल टिकटिग पार्टनर बुकमाई शो पर उपलब्ध हैं। वर्ल्ड टेनिस लीग 2025 एक तेज औरकॉम्पिटिटिव चार-सेट फॉर्मेट में खेला जाएगा जिसमें मेन्स सिगल्स, विमेंस सिगल्स और दो डबल्स सेट शामिल हैं। जो कप्तान मैच से पहले टॉस जीतेगा, वह डबल्सकॉम्बिनेशन तय करेगा, जिससे खेल शुरू होने से पहले ही थोड़ी स्ट्रेटेजी जुड़ जाएगी।

### वीर ने 62 के शानदार कार्ड के साथ जीता जयपुर ओपन

**जयपुर, वार्ता।** गुरुग्राम के वीर अहलावत, जो रात भर चौथे स्थान पर थे और लीड से पांच शॉट पीछे थे, ने चौथे राउंड में आठ-अंडर 62 के अपने टूर्नामेंट के सबसे कम स्कोर की बराबरी की और जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में खेले गए 1 करोड़ रुपये के इवेंट, शुभशीष होम्स द्वारा प्रस्तुत विक्टोरियस चॉइस जयपुर ओपन 2025 में पीछे से आकर शानदार जीत हासिल की। वीर अहलावत (67-62-70-62), जिन्होंने दूसरे राउंड में भी 62 का स्कोर बनाया था, ने इस हफ्ते कुल 19-अंडर 261 का स्कोर किया और अपना पांचवां खिताब और 15 लाख रुपये का विजेता पुरस्कार जीता, जिससे वह पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 38वें से 18वें स्थान पर पहुंच गए। शुक्रवार को वीर के असाधारण बोगी-फ्री राउंड ने उन्हें रामबाग गोल्फ क्लब में सबसे कम जीतने वाले कुल स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ने में भी मदद की।

# शेफाली वर्मा नवम्बर के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ के नामितों में



**● पुरुष वर्ग में दो स्पिनर साइमन हॉर्मर और तैजुल इस्लाम व ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज इस दौड़ में हैं**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल की प्लेयर ऑफ द मैच, शैफाली वर्मा ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड की दौड़ में महिलाओं की शॉर्टलिस्ट में जगह बनाई है। पुरुष वर्ग में दो स्पिनर - साइमन हार्मर और तैजुल इस्लाम - और ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज इस दौड़ में हैं। वर्मा की बल्लेबाजी की शानदार परफॉर्मेंस, खासकर फाइनल में, जिसने भारत को पहली बार आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने में मदद की, उन्हें नवम्बर की लिस्ट में शामिल किया गया। महिलाओं की शॉर्टलिस्ट में, हाल ही में खत्म हुई पहली आईसीसी विमेंस इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी की दो दावेदार, ईशा ओझा और थिपत्चा पुत्थावोंग शामिल हैं। हार्मर और इस्लाम ने क्रमशः भारत और आयरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश की टेस्ट सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई थी। नवाज ने हाल ही में श्रीलंका और जम्बिाब्वे के साथ हुई ट्राई-सीरीज में बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दिया था। पुत्थावोंग ने विपक्षी टीम को अपनी गेंदबाजी से परेशान कर दिया, जिससे थाईलैंड ने बैंकॉक में हुई पहली विमेंस इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी प्रतियोगिता में एक शानदार जीत हासिल की, जहां ऑलराउंडर ओझा ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को रनर-अप बनाया।

# एफसी गोवा मुंबई सिटी को हराकर एआईएफएफ सुपर कप के फाइनल में

**गोवा, वार्ता।** एफसी गोवा ने यहां पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक रोमांचक सेमीफाइनल में मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराकर तीसरी बार एआईएफएफ सुपर कप फाइनल में जगह बनाई। डिफेंडिग चैंपियन को अपनी पूरी ताकत लगानी पड़ी, लेकिन गुरुवार रात ब्रिसन(20') और डेविड (23') के पहले हॉफ में किए गए दो शुरुआती गोल ईस्ट बंगाल के साथ फाइनल मुकाबले के लिए काफी साबित हुए। मुंबई सिटी एफसी, जिसने दूसरे हॉफ में जोरदार वापसी की और ब्रैंडन फर्नांडिस के गोल से एक गोल कम किया, इस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल से बाहर हो गई। मैच शुरू होने से पहले ही काफी ड्रामा हुआ, जब एफसी गोवा के कप्तान को टनल में मैच से पहले हुई एक घटना के लिए बाहर कर दिया गया।

# मांडविया ने घुड़सवारी विजेताओं को किया सम्मानित



**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को पटाया में एफईआई एशियाई घुड़सवारी चैंपियनशिप 2025 में ऐतिहासिक प्रदर्शन कर टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं में पांच पदक जीतने वाले छह सदस्ईय दल को सम्मानित किया। आशीष लिमाए ने व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण और टीम स्पर्धा में एक रजत पदक जीता। जबकि श्रुति वोरा ने तीन रजत पदक जीते। इनमें दो व्यक्तिगत और एक टीम ड्रेसेज में । स्पर्धा करने वाले टीम के अन्य सदस्य शशांक सिंह कटारिया और शशांक कनमूरी और ड्रेसेज में दिव्याकृति सिंह और गौरव पुंडीर थे। आज यहां एथलीटों को सम्मानित करते हुए डा. मांडविया ने घुड़सवारी खेलों में भारत की हालिया प्रगति पर बल देते हुए कहा कि भारत उन खेल विधाओं में भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है जिनमें पहले हमारी वैश्विक उपस्थिति बहुत कम थी। मैं आप सभी की उस जुनून के लिए सराहना करता हूं जिसके साथ आपने एक ऐसी विधा को आगे बढ़ाया है जिसका भारत में सीमित पारिस्थितिकी तंत्र रहा है। हालांकि, यह 10 साल पहले वाला भारत नहीं है। आपने पिछले दशक में खेल पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव देखे होंगे। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि सरकार एक एथलीट और उसके पदक के बीच आने वाली किसी भी बाधा को दूर करेगी। हम भारत में एक घुड़सवारी-अनुकूल खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाएंगे, ताकि एथलीटों को विदेश में प्रशिक्षण न लेना पड़े।

# शाई होप के शतक और जस्टिन ग्रीव्स के अर्द्धशतक ने विंडीज को संभाला

**● शाई होप ने नाबाद ने 116 और जस्टिन ग्रीव्स ने नाबाद 53 रनों की शानदार पारियां खेली**

**क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड), वार्ता।** शाई होप (नाबाद 116) की शतकीय और जस्टिन ग्रीव्स (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड द्वारा दिए गए 531 रनों के लक्ष्य के जवाब में पहले टेस्ट के चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय दूसरी पारी में चार पर विकेट 212 रन बना लिए है। यहां न्यूजीलैंड के कल के चार विकेट पर 417 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में न्यूजीलैंड का पहला विकेट विल यंग (23) के रूप में गिरा। उन्हें जेडेन सील्स ने आउट किया। इसके बाद माइकल ब्रेसवेल (24) , मैट हैनरी (11) और जेकब डफी (आठ) रन बनाकर आउट हुए। 109वें ओवर में जेकब डफी के आउट होने के साथ ही न्यूजीलैंड ने आठ विकेट पर 466 के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। वेस्टइंडीज को मैच जीतने के लिए 531 रनों का लक्ष्य मिला। वेस्टइंडीज के लिए केमार रोच ने 78 रन देकर पांच विकेट लिए। ओजय शील्ड्स को दो विकेट मिले। जेडेन सील्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और उसने एक-एक करके अपने चार विकेट 72 के स्कोर तक गंवा दिए। वेस्टइंडीज का पहला विकेट जॉन कैंपबेल (15) के रूप में गिरा। उन्हें जेकब डफी ने आउट किया। तेजनारायण चंद्रपॉल (छह) को भी डफी ने अपना शिकार बनाया। 24वें ओवर में माइकल ब्रेसवेल ने ऐलेक ऐथनेज (पांच) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान रॉस्टन चेज (चार) चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। ऐसे संकट के समय शाई होप और जस्टिन ग्रीव्स की जोड़ी ने जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया।

# आईपीएल 2026 नीलामी: कई बड़े नाम रहेंगे गायब




**● ग्लेन मैक्सवेल, आंद्रे रसेल, रवि अश्विन सहित कई हाई प्रोफाइल खिलाड़ियों को टीमों ने कर दिय था रिलीज**

**अबू धाबी, वार्ता।** 6 दिसम्बर को अबू धाबी में होने वाली आईपीएल 2026 नीलामी में 10 फ्रेंचाइजी 77 स्लॉट भरने के लिए एक-दूसरे को पछाड़ती नजर आएंगी, जिसमें 31 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। कुल 1355 क्रिकेट खिलाड़ियों - जिसमें 1,062 भारतीय और 293 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं - ने पहले ही आने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है। नीलामी में शामिल होने वाले खिलाड़ियों की फाइनल शॉर्टलिस्ट 5 दिसम्बर के बाद सभी टीमों की दिलचस्पी जानने के बाद तय की जाएगी। हालांकि, कुछ बड़े नाम आने वाली आईपीएल नीलामी से गायब रहेंगे क्योंकि कई हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों, जिन्हें उनकी संबंधित टीमों ने रिलीज कर दिया था, ने आईपीएल 2026 नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराने का फैसला किया है। कुछ और जाने-पहचाने चेहरे भी लीग या क्रिकेट से पूरी तरह रिटायरमेंट के कारण भविष्य के आईपीएल सीजन में वापस नहीं आएंगे। यहां उन टॉप क्रिकेटरों की पूरी लिस्ट दी गई है जो आईपीएल 2026 नीलामी का हिस्सा नहीं होंगे। ग्लेन मैक्सवेल ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट स्टार ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल 2026 नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराने का फैसला किया है, जिससे फ्रेंचाइजी टी20 क्रिकेट लीग में उनके लगातार 13 सीजन का सिलसिला खत्म हो गया, जो 2012 में दिल्ली कैपिटल्स (उस समय दिल्ली डेयरडेविल्स) के साथ शुरू हुआ था। मैक्सवेल ने अपने आईपीएल करियर का ज्यादातर हिस्सा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किग्स के लिए खेला। हालांकि, उनका एकमात्र आईपीएल खिताब 2013 में मुंबई इंडियंस के साथ आया था। दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक माने जाने वाले मैक्सवेल ने आईपीएल में भी अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई, और पिछले कुछ सालों में कुछ यादगार पारियां खेलीं। हालांकि, उन्होंने इस टूर्नामेंट में लंबे समय तक खराब दौर भी झेला है। 141 आईपीएल मैचों में, मैक्सवेल ने 23-89 की औसत और 155-15 के स्ट्राइक रेट से 2819 रन बनाए हैं। उनकी शानदार राइट-आर्म ऑफ-ब्रेक बॉलिग से उन्हें 41 विकेट भी मिले, जिससे एक असरदार ऑलराउंडर के तौर पर उनकी पहचान बनी। आईपीएल में ग्लेन मैक्सवेल का सबसे अच्छा प्रदर्शन 2014 सीजन में था जब उन्होंने 552 रन बनाए और पंजाब किग्स (तब किग्स इलेविन पंजाब) को फाइनल तक पहुंचाया। वह आईपीएल 2025 में भी पंजाब फ्रेंचाइजी का हिस्सा थे, लेकिन उंगली टूटने की वजह से उनका सीजन समय से पहले खत्म हो गया। ऑस्ट्रेलियन खिलाड़ी पंजाब किग्स की आईपीएल 2026 रिटेंशन लिस्ट से भी गायब थे।

**आंद्रे रसेल**-वेस्टइंडीज के पावरहाउस आंद्रे रसेल ने 12 सीजन के बाद एक खिलाड़ी के तौर पर अपने इंडियन प्रीमियर लीग करियर को अलविदा कह दिया है, जिससे टी20 लीग के सबसे विस्फोटक करियर में से एक का अंत हो गया है।रसेल, जिन्होंने 2012 में दिल्ली डेयरडेविल्स के साथ आईपीएल में डेब्यू किया था, उन्हें सुपरस्टार का दर्जा 2014 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में शामिल होने के बाद ही मिला। विडीज के ऑलराउंडर केकेआर की आक्रामक, हाई-इम्पैक्ट क्रिकेट का चेहरा बन गए और टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे खतरनाक फिनिशर्स में से एक के रूप में खुद को स्थापित किया। अपनी मर्जी से बाउंड्री पार करने, असरदार स्पेल फेंकने और मैदान पर एथलेटिक पल बनाने की उनकी क्षमता ने उन्हें हर डिपार्टमेंट में मैच विनर बनाया। 140 आईपीएल मैचों में, रसेल ने 174-18 के शानदार स्ट्राइक रेट से 2,651 रन बनाए और 123 विकेट लिए, जिससे उन्हें सबसे बेहतरीन टी20 ऑलराउंडरों में से एक के रूप में पहचान मिली। रसेल को दो बार आईपीएल मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया - 2015 और 2019 में, जिससे वह यह अवॉर्ड कई बार जीतने वाले कुछ ही क्रिकेटरों में से एक बन गए। उन्होंने 2014 में, फ्रेंचाइजी के साथ अपने डेब्यू सीजन में केकेआर को आईपीएल ट्रॉफी जीतने में भी मदद की, और 2024 में दूसरा खिताब जीता था।

# महंगाई पर चतुराई

दो बार पॉलिसी रेट को फ्रीज रखने के बाद आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती की है। इस तरह आरबीआई ने मौजूदा साल में रेपो रेट में 1.25 फीसदी की कटौती की है, जबकि महंगाई अनुमान में मौजूदा वित्त वर्ष के लिए फरवरी की पॉलिसी से अब तक 2.20 फीसदी की कटौती देखने को मिल चुकी है। अक्टूबर के महीने में देश में महंगाई 0.25 फीसदी देखने को मिली थी। जानकारों का मानना है कि अगर अक्टूबर के महीने गोल्ड के दाम पीक पर ना होते, तो रिटेल महंगाई माइनस में चली गई होती, लेकिन आज इसपर चर्चा करने की जरुरत क्यों आ पड़ी, कारण है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की शुक्रवार को समाप्त तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में एमपीसी ने कैलेंडर ईयर की आखिरी एमपीसी में मौजूदा वित्त वर्ष में महंगाई अनुमान को 2 फीसदी पर कर दिया है। जबकि फरवरी की पॉलिसी मीटिंग में यही अनुमान 4.20 फीसदी पर था। इसका मतलब है कि आरबीआई ने अपने महंगाई अनुमान को आधे से भी ज्यादा कम कर दिया है। वहीं दूसरी ओर पॉलिसी रेट में ये कटौती इतनी तेज देखने को नहीं मिल रही है। फरवरी पॉलिसी मीटिंग से पहले आरबीआई का रेपो रेट 6.5 फीसदी पर था। कई महीनों के बाद फरवरी की पॉलिसी मीटिंग में आरबीआई रेट में कटौती की थी। मौजूदा कैलेंडर ईयर की बात करें तो आरबीआई ने 6 पॉलिसी मीटिंग में से 4 में कटौती की है। मौजूदा समय में रेपो रेट 5.25 फीसदी पर आ गए हैं। ऐसे में आप समझ सकते हैं कि आरबीआई ने जितना आक्रामक रुख महंगाई के अनुमान को कम करने पर दिखाया, उतना पॉलिसी रेट या यूं कहें कि आम लोगों की लोन ईएमआई को कम करने में नहीं दिखाया। आखिर महंगाई कम होने और पॉलिसी रेट के कम होने के आंकड़ों में इतना फर्क क्यों देखने को मिल रहा है। साल के शुरूआत में आरबीआई एमपीसी की अपनी पहली मानेटरी पॉलिसी में संजय मल्होत्रा ने ब्याज दरों के अनुमान को घटाने का प्रयास किया। तब उन्होंने मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए महंगाई अनुमान में 10 बेसिस प्वाइंट की कटौती की थी और महंगाई अनुमान को 4.50 फीसदी पर लेकर आए थे और मौजूदा वित्त वर्ष 2026 के लिए महंगाई के अनुमान को 4.20 फीसदी पर रखा था। अप्रैल की पॉलिसी मीटिंग में मौजूदा वित्त वर्ष की महंगाई के अनुमान में 0।20 फीसदी कटौती की गई और महंगाई दर को 4 फीसदी पर कर दिया गया। जून की आरबीआई मानेटरी पॉलिसी मीटिंग में आरबीआई ने महंगाई को लेकर फिर से अपने रुख को स्पष्ट कर दिया है और 0.30 फीसदी की कटौती कर डाली। जिसके बाद महंगाई का अनुमान 3।70 फीसदी पर आ गया। इसका मतलब है ये हुआ महंगाई लगातार तीन मीटिंग में अनुमान के अनुमान में 0.50 फीसदी की कटौती कर दी गई। अगस्त की पॉलिसी मीटिंग में आरबीआई एमपीसी ने महंगाई के अनुमान में काफी बड़ी कटौती। अब तक आरबीआई ने जितनी 3 पॉलिसी मीटिंग में कटौती की थी। अगस्त के महीने में एक साथ कटौती कर डाली। आरबीआई ने महंगाई अनुमान में 0.60 फीसदी की कटौती कर वित्त वर्ष का अनुमान 3.10 फीसदी पर लेकर आ गए। अक्टूबर के महीने में आरबीआई एमपीसी ने एक बार फिर से 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती और वित्त वर्ष की महंगाई के अनुमानित आंकड़े को 2.60 फीसदी पर लेकर आ गए। दिसम्बर में इसी आंकड़ों को 2 फीसदी पर लाया गया है। इसका मतलब है कि महंगाई अनुमान में मौजूदा वित्त वर्ष के 60 बेसिस प्वाइंट की बड़ी कटौती की गई है। आरबीआई ने जितनी दिलचस्पी महंगाई के अनुमान को कम करने में दिखाई, उतनी लोन ईएमआई को कम करने में नहीं। आरबीआई की चतुराई आंकड़ों से आसानी से समझी जा सकती है।


## मैच फिक्सिंग करने वाली एकाधिकार नीति



देश के विभिन्न हिस्सों से उड़ानों के रद्द होने तथा देरी के कारण हवाई यात्रियों की परेशानी और इंडिगो एयरलाइंस की विफलता सरकार की एकाधिकार नीति का परिणाम है, इस संकट के बुनियाद सरकार की एकाधिकार की नीति में है और सरकार की इस नीति को अपनाने ने के कारण ही इंडिगो के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इंडिगो की विफलता मोदी सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है, एक बार फिर, इसकी कीमत आम भारतीयों को चुकानी पड़ रही है, जिसके कारण विमान सेवाओं में देरी हो रही है और उड़ानें एक के बाद एक करके रद्द की जा रही हैं, भारत हर क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हकदार है, मैच फिक्सिंग करने वाली एकाधिकार की नीति ठीक नहीं है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# इतिहास का जख्म बाबरी विध्वंस



## बहुसंख्यक और मुसलमान मुल्क के बराबर के नागरिक



**कारी महबूब हसन**

6 दिसंबर 1992 यह तारीख किसी कैलेंडर का महज एक पन्ना नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र पर लगा वह कलंक है जो तीन दशक बीत जाने के बाद भी आज ताजा है। आज बाबरी मस्जिद की शहादत को 33 साल पूरे हो गए, लेकिन वक़्त का यह सफर न हमारे जख्म भर सका और न ही इस वतन के संविधान को इस सदमे को भुलाने की इजाजत दे सका।

बाबरी मस्जिद का ढहाया जाना महज एक इमारत की शहादत नहीं था यह कानून की सर्वोच्चता पर हमला, संविधान की रूह की बे-हुरमती और एक पूरी कौम के सुरक्षित होने के एहसास के छिन्न-भिन्न हो जाने का हादसा था। सब जानते हैं कि जिस जगह पर जिन दावों की बुनियाद पर मस्जिद गिराई गई, उनके पक्ष में न कोई ऐतिहासिक और न ही पुरातात्विक कोई पक्का सबूत मौजूद था। अदालत भी इस हकीकत से वाकिफ थी कि 1949 में एक सुनियोजित साजिश के तहत मस्जिद के अंदर मूर्तियां रखी गई थीं और उसके बाद माहौल को धार्मिक उन्माद की आग में झोंक दिया गया।

बाबरी मस्जिद के ढहाए जाने के बाद देश के गंभीर हलकों को उम्मीद थी कि शायद इस भयानक हादसे ने हमें झकझोर दिया होगा, शायद अब सांप्रदायिक राजनीति अपनी मौत आप मर जाएगी, शायद अब हम एक-दूसरे के मजहब, जान और इबादतगाहों को ज्यादा इज्जत की नजर से देखेंगे, लेकिन अफसोस ऐसा नहीं हुआ। सांप्रदायिक ताकतों ने लगातार इस देश के मुसलमानों को जुल्म का निशाना बनाया। कभी दंगे, कभी निशाना बनाई गई मस्जिदें, कभी बेगुनाहों की गिरफ्तारियां, कभी आर्थिक बहिष्कार की मुहिमें और कभी कानून के नाम पर खड़ी की गई नई दीवारें हर दौर में जख्म ताजा होते रहे। आज भी वही माहौल, फर्क सिर्फ इतना कि बयानिया बदल गया है। 33 साल बाद फिर हालात 1992 जैसे नजर आने लगे हैं। धुएं की वही बू, नफरत की वही सरगोशियां, बहुसंख्यकवाद के वही नारे, अल्पसंख्यक को कमजोर करने की वही साजिशें बस चेहरे और तरीके बदल गए हैं, इरादे नहीं। आज भी मस्जिदों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। नई मुहिमों के नाम पर माहौल गरम किया जा रहा है।

इतिहास को राजनीतिक फायदे के ताबेदार बनाया जा रहा है। मुस्लिम पहचान और दीन की निशानियों को निशाना बनाया जा रहा है। कानून से ज्यादा जज्बात का राज दिखाई देता है। यह सब देखकर लगता है कि 1992 महज एक तारीख नहीं, बल्कि एक जहनियत थी और वह जहनियत आज भी जिंदा, सक्रिय और सरगर्म है। 1992 से आज तक मुस्लिम कौम की हालत बेहतर होने के बजाय और नाजुक होती गई। शिक्षा में पिछड़ापन, आर्थिक कमजोरी, मीडिया की नकारात्मक इमेज, नागरिक अधिकारों में कमी, और राजनीतिक नुमाइंदगी का खात्मा इन सबने इस कौम को और कमजोर किया है।

दंगे, भीड़ द्वारा हिंसा और लंबी कानूनी लड़ाइयां आज भी हमारे घरों की हकीकत हैं। हालात का जायजा लें तो अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आने वाले वक्त में भी कोई बड़ी रोशनी नजर नहीं आती। जब तक नफरत की राजनीति को वोट मिलते रहेंगे, जब तक मजहब को हुकूमत और सत्ता का रास्ता समझा जाता रहेगा, जब तक इंसाफ की कुर्सी पर बराबरी की जगह जज्बात हावी रहेंगे। तब तक बाबरी मस्जिद जैसे हादसे याद तो रहेंगे मगर कहीं दोबारा न हो जाएं, यह डर भी साथ-साथ चलता रहेगा, लेकिन यह कौम कमजोर नहीं जज्बात के साथ-साथ शऊर भी है। मुसलमान इस वतन के बराबर के नागरिक हैं और हमेशा रहेंगे। हमारी तारीख, हमारी तहजीब, हमारे इदारे, हमारी मस्जिदें सब इस मुल्क की रूह का हिस्सा हैं। हमने जख्म सहे हैं मगर हौसला नहीं हारा।

हम आज भी संविधान पर यकीन रखते हैं, इंसाफ पर ईमान रखते हैं और अमन के साथ जीने की जद्दोजहद कर रहे हैं। बाबरी मस्जिद हमारी तहजीबी की याद है और उसकी शहादत एक सबक। यह सबक कि अगर हम गफलत करें, अगर हम बेदार न रहें, अगर हम अपने आइनी हुकूक के लिए मुंतजिम तरीके से खड़े न हों, तो इतिहास खुद को दोहराने में देर नहीं लगाता। मुल्क की सलामती और भाईचारा सिर्फ मुसलमानों की नहीं, बल्कि हर इंसाफ-पसंद हिंदुस्तानी की जिम्मेदारी है।


आने वाली नस्लें हमसे सवाल करेंगी कि हमने नफरत के मुकाबले में क्या किरदार अदा किया और हमने इतिहास के जख्मों को भरने के लिए क्या कदम उठाया। अल्लाह करे कि इस मुल्क में इंसाफ गालिब हो, अमन कायम रहे और बाबरी मस्जिद जैसा हादसा दोबारा कभी न हो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अद्‌भुतः मन की बात बोल देने वाला यंत्र

**शोध पत्र में इस बात को समझने की कोशिश हुई हैं कि आंतरिक वाणी कैसे निर्मित होती है। पिछले कुछ दशकों में इंजी. नियर्स ऐसे लोगों के लिए कंप्यूटर सिस्टम्स बनाने में सफल हुए हैं जो लकवाग्रस्त होने की वजह से बोल नहीं पाते। इन सिस्टम्स में यह क्षमता है कि वे मस्तिष्क में चल रही गतिविधियों से शब्द निर्मित कर सकते हैं।**

हम मन ही मन कई बातें सोचते हैं लेकिन वे किसी को सुनाई नहीं पड़ती। क्या हो यदि मन की इन बातों को बाहर सुना जा सके और हाल ही में सेल पत्रिका में प्रकाशित एक शोध पत्र में इसी करिश्मे का उल्लेख किया गया है। इसमें शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क में लगाए गए इम्प्लांट्स और डैटा विश्लेषण की मदद से चार लोगों की मन की बातों से सम्बंधित तंत्रिका संकेतों को अलग करने की जुगाड़ जमाई है। ये चारों व्यक्ति गति संबंधी दिक्कतों से पीड़ित थे जो उनकी बोलने की क्षमता को बाधित कर रही थी। शोधकर्ताओं ने मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस स्थापित किया जो उनके मन की बातों को वाणी दे सकता है। आप देख ही सकते हैं कि इसकी अपनी समस्याएं हैं-यह तकनीक किसी व्यक्ति के ऐसे विचारों को भी मुखर कर सकती है जो वह मन में ही रखना चाहे।



दरअसल शोध पत्र में इस बात को समझने की कोशिश हुई हैं कि आंतरिक वाणी कैसे निर्मित होती है। पिछले कुछ दशकों में इंजीनियर्स ऐसे लोगों के लिए कंप्यूटर सिस्टम्स बनाने में सफल हुए हैं जो लकवाग्रस्त होने की वजह से बोल नहीं पाते। इन सिस्टम्स में यह क्षमता है कि वे मस्तिष्क में चल रही गतिविधियों से शब्द निर्मित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ महीने पहले कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक यंत्र प्रस्तुत किया था जो एमायोट्रॉफिक लेटरल स्क्लेरोसिस ALS से पीड़ित एक व्यक्ति के दिमाग के मोटर कॉर्टेक्स में लगे इलेक्ट्रोड्स के संकेतों से शब्दों का सटीक व त्वरित पुनर्निर्माण कर सकता था। इस मशीन को गति देने के लिए उस व्यक्ति को अपने मुंह से उन शब्दों को बोलने की भरसक कोशिश करनी होती थी, यानी उसे बोलने का प्रयास होता है। इस गतिविधि के संकेतों को यंत्र पकड़ सकता है। लेकिन सहभागियों का कहना था कि बोलने की कोशिश करना काफी थकाने वाला होता है। हालांकि, अंदरुनी वाणी उत्पन्न करना कम थकाने वाले होता है लेकिन उसके संकेतों से शोधकर्ता बहुत थोड़े से शब्द पकड़ पाए थे। शोधकर्ताओं ने कोशिश जारी रखी। स्टैनफर्ड विश्वविद्यालय के एरिन कुंज ने सबसे पहले तो गति-बाधित लोगों के मस्तिष्क में लगे इलेक्ट्रोड्स का विश्लेषण किया। ये इलेक्ट्रोड मोटर कॉर्टेक्स के उस हिस्से में लगे थे जिसका सम्बंध बोलने के प्रयास से है। शोधकर्ताओं ने दो स्थितियों के रिकॉर्डिंग की तुलना की-एक तब जब सहभागी शब्दों को जोर से बोलने का प्रयास कर रहे थे और दूसरी तब जब वे मन ही मन वे शब्द सोच रहे थे। शोधकर्ताओं ने पाया कि इन दोनों स्थितियों (बोलने का प्रयास और मन में सोचना यानी अंदरुनी वाणी) में इसी क्षेत्र की तंत्रिकाएं सक्रिय हुईं। अंदरुनी वार्तालाप पर ध्यान केंद्रित करके कुंज व साथियों ने एक एल्गोरिद्म विकसित किया जो इन संकेतों को ध्वनि में बदल सकता था। अब बारी आई इस मॉडल को प्रशिक्षित करने की। टीम ने सहभागियों से कहा कि वे सवा लाख शब्दों की एक सूची के शब्दों को मन ही मन बोलें और उनकी तंत्रिका गतिविधि को रिकॉर्ड कर लिया। फिर सहभागियों से कहा गया कि वे उन शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कुछ पूरे-पूरे वाक्य बोलने की कल्पना करें। परिणाम यह रहा कि उनका मॉडल अंदरुनी वार्तालाप को तत्काल वाक्यों में बदल सका। इसमें गलती होने की दर 26 से 54 प्रतिशत रही जो आज तक के प्रयासों में सबसे बेहतर है। हालांकि गलती की दर काफी अधिक है, लेकिन यह अध्ययन मनोगत वार्तालाप की अच्छी छानबीन है। वैसे इस तरह के अध्ययनों के साथ एक समस्या निजता सम्बंधी भी है। कहीं ऐसा न हो कि वाणी-बाधित लोगों के सारे विचार खुलकर उजागर होने लगें। एक विचार तो यह है कि सारे मनोगत विचारों को नहीं बल्कि सिर्फ उन विचारों को एल्गोरिद्म तक पहुंचने दिया जाए, जिन्हें बोलने की कोशिश वह व्यक्ति कर रहा हो। दूसरा विचार है कि कोई ऐसा पासवर्ड हो जो वह व्यक्ति सोचे तभी विचारों को ध्वनि में तबदील किया जाए। एक व्यक्ति के मामले में यह पासवर्ड वाली व्यवस्था 99 प्रतिशत बार कारगर रही। मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस के विकास के साथ ऐसी व्यवस्थाएं निजता को सुरक्षित रखने के लिए अधिकाधिक जरूरी होती जा रही हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# घुसपैठिये भाजपा के लिए एक प्रमुख राजनीतिक हथियार





**एम हसन**

दुनिया बड़े पैमाने पर जनसंख्या पलायन की चपेट में है। वैध और अवैध दोनों। यह समस्या उत्तर प्रदेश के सुदूर इलाकों से लेकर बिहार, असम, पश्चिम बंगाल और अन्य क्षेत्रों के सुदूर इलाकों तक विकराल रूप धारण कर चुकी है। अगर अमेरिका ने तीसरी दुनिया के सभी देशों से होने वाले प्रवास को स्थाई रूप से रोकने की घोषणा की है, तो उत्तर प्रदेश ने बांग्लादेश, म्यांमार और अन्य पड़ोसी देशों से आने वाले सभी अज्ञात अवैध प्रवासियों घुसपैठिए-घुसपैठियों को हिरासत में लेने के लिए सभी मंडल मुख्यालयों पर डिटेंशन सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है।

अमेरिका के लिए लाखों अप्रवासी अवैध और विघटनकारी आबादी बन गए हैं और प्रशासन ने गैर-नागरिकों को मिलने वाले सभी संघीय लाभ और सब्सिडी समाप्त करने का संकल्प लिया है। अमेरिकी सरकार ने यह भी घोषणा की है कि घरेलू शांति को भंग करने वाले प्राकृतिक अप्रवासियों से अमेरिकी नागरिकता छीन ली जानी चाहिए और उन लोगों को निर्वासित करने का आह्वान किया है जिन्हें सरकार पश्चिमी सभ्यता के अनुकूल नहीं मानती है। अवैध अप्रवासियों का संकट यूरोप के लिए भी उतना ही खतरा है। भारत में भी हाल ही में अमेरिका से बड़ी संख्या में निर्वासन देखा गया है, जब अमेरिका में घुसपैठिए रहे हथकड़ी लगाए भारतीय युवकों को हिरासत में लिया गया और उन्हें वापस दिल्ली लाया गया। अब सुर्खियां उत्तर प्रदेश में आ गई हैं क्योंकि आदित्यनाथ योगी सरकार ने भी ऐसे लोगों की पहचान करने और उनके मामलों का फैसला होने तक उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखने के लिए इसी तरह की कवायद शुरू करने का फैसला किया है। इन अवैध प्रवासियों को कानूनी सत्यापन, न्यायिक प्रक्रिया और उनके देशों में प्रत्यावर्तन तक इन केंद्रों में रखा जाएगा। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव के दौरान बिहार के सीमांचल क्षेत्र में बांग्लादेश और म्यांमार से अवैध घुसपैठ भाजपा का प्रमुख राजनीतिक मुद्दा था। बिहार चुनाव के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बार-बार इन घुसपैठियों को बाहर निकालने की घोषणा की थी और यह प्रक्रिया उत्तर प्रदेश में, जहां 2027 में चुनाव होने हैं, जोर-शोर से शुरू हो गई है। अगले साल पश्चिम बंगाल और असम में होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घुसपैठिए के लिए डिटेंशन सेंटर बनाने की योजना इन चुनावी राज्यों में भाजपा के लिए एक राजनीतिक हथियार बन सकती है। अमेरिका में रिपब्लिकन के MAGA समूह के लिए जो अवैध आव्रजन मायने रखता है, वही भाजपा के लिए घुसपैठ है। दोनों के लिए यह एक राजनीतिक हथियार है।

15 अगस्त, 2025 को लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज मैं देश को एक चिंता, एक चुनौती से आगाह करना चाहता हूं। एक सोची-समझी साजिश के तहत, देश की जनसांख्यिकी को बदला जा रहा है। एक नए संकट के बीज बोए जा रहे हैं। ये घुसपैठिए मेरे देश के युवाओं की रोजी-रोटी छीन रहे हैं, ये घुसपैठिए मेरे देश की बहनों-बेटियों को निशाना बना रहे हैं, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ये घुसपैठिए भोले-भाले आदिवासियों को गुमराह कर उनकी जमीन हड़प रहे हैं। यह देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने इस संकट से निपटने के लिए एक उच्चस्तरीय जनसांख्यिकी मिशन शुरू करने का फैसला किया है। आज लाल किले की प्राचीर से, मैं कहना चाहता हूं कि हमने एक उच्चस्तरीय जनसांख्यिकी मिशन शुरू करने का निर्णय लिया है। यह मिशन निश्चित रूप से भारत पर मंडरा रहे गंभीर संकट से निपटने के लिए निर्धारित समय-सीमा में सुविचारित तरीके से अपना काम करेगा और हम उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मोदी ने चेतावनी दी कि जब जनसांख्यिकीय परिवर्तन होते हैं, खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में, तो वे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संकट पैदा करते हैं। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक स्वर और भाव पहले ही तय हो चुके हैं। 4 नवंबर को ममता बनर्जी की एसआईआर विरोधी रैली के दौरान ये खामियां स्पष्ट रूप से उजागर हुईं, जिसे भाजपा ने तुरंत जमात-प्रायोजित या घुसपैठिए बचाओ प्रदर्शन बताकर खारिज कर दिया, जो कथित मुस्लिम अवैध प्रवासियों का परोक्ष संदर्भ था। इस बीच, माकपा ने अपने कार्यकर्ताओं को दक्षिणपंथी विचारधारा के इर्द-गिर्द संगठित किया है ताकि वे रवींद्रनाथ टैगोर के आमार सोनार बांग्ला को खुलकर गा सकें, जिसकी हाल ही में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बांग्लादेश का राष्ट्रगान कहकर आलोचना की थी। हालांकि, भाजपा का कथानक एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय विवरण को नजरअंदाज करता है। अवैध प्रवासी माने जाने वाले लोगों का एक बड़ा हिस्सा हिंदू है। इनमें मतुआ समुदाय भी शामिल है, जो एक अनुसूचित जाति का हिंदू संप्रदाय है और जिसके लगभग 2.5 करोड़ अनुयाई हैं, जिनमें लगभग 1.2-1.5 करोड़ पंजीकृत मतदाता शामिल हैं। पश्चिम बंगाल के भाजपा नेताओं ने दावा किया है कि लगभग दो करोड़ अयोग्य मतदाता मतदाता सूची में हो सकते हैं, यह आंकड़ा एसआईआर प्रक्रिया को मुस्लिम प्रवासियों की पहचान से कहीं अधिक जटिल बना देता है। हालांकि, 21 नवंबर को भुज गुजरात में एक सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, आज मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हम इस देश से हर एक घुसपैठिए को एक-एक करके बाहर निकालेंगे। मोदी सरकार का संकल्प है कि देश के हर एक घुसपैठिए को बाहर निकाला जाए। शाह ने कहा, देश के किसी भी राज्य का मुख्यमंत्री कौन होगा या प्रधानमंत्री कौन होगा, यह निर्णय केवल भारत के नागरिक ही ले सकते हैं। घुसपैठियों को हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रदूषित करने और हमारे लोकतांत्रिक निर्णयों को प्रभावित करने का कोई अधिकार नहीं है। शाह ने कहा, मैं उन राजनीतिक दलों को भी चेतावनी देना चाहता हूं जो इन घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं। बिहार चुनाव देश की जनता का जनादेश था और यह जनादेश हमारे देश में घुसपैठियों की मौजूदगी के खिलाफ है।

(लेखक हिंदुस्तान टाइम्स, लखनऊ के ब्यूरो प्रमुख रह चुके हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### 30 देशों पर ट्रेवल बैन लगाने की तैयारी कर रहे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ट्रेवल बैन को बढ़ाकर 30 देशों से अधिक करने की तैयारी कर रहे हैं। अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने फाक्स न्यूज के कार्यक्रम 'द इंग्राहम एंगल' में कही। क्रिस्टी नोएम ने कहा कि मैं संख्या के बारे में स्पष्ट नहीं कहूंगी, लेकिन यह 30 से अधिक है, राष्ट्रपति इन देशों का मूल्यांकन जारी रखे हुए हैं। यह बयान ट्रम्प के साथ उनकी हालिया बैठक के बाद आया है। जिसमें नोएम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की थी, जिसमें उन्होंने हर उस देश पर पूर्ण यात्रा प्रतिबंध लगाने की मांग की थी जो अमेरिका में अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं।

### शिजो आबे की हत्या के आरोपी ने मांगी माफी

**टोक्यो।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिजो आबे की 2022 में हुई हत्या के मामले में गुरुवार को अदालत में पेश हुए आरोपी ने पहली बार आबे के परिवार से माफी मांगी और कहा कि उसके मन में उनके प्रति 'कोई भी बुरी भावना' नहीं थी। नारा जिला अदालत में 14वीं सुनवाई के दौरान तेत्सुया यामागामी ने कहा कि उन्हें आबे की पत्नी अकी आबे और परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति 'सहानुभूति' है। सुअकी हालांकि गुरुवार को सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद नहीं थीं।

### 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की संपत्ति जब्त

**बैंकॉक।** थाईलैंड में अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध सिडिकेट और प्रमुखकॉल सेंटर घोटाला नेटवर्क से जुड़ी 10 अरब बाट (31.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से अधिक मूल्य की संपत्तियों को जब्त करने एवं फ्रीज करने का आदेश दिया है। अंतर्राष्ट्रीय घोटालेबाजों को जड़ से उखाड़ फेंकना विषय पर बुधवार को आयोजित एक मीडिया ब्रीफिंग में थाई प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल ने इस बात पर बल दिया कि सरकार संदिग्धों की सामाजिक स्थिति की परवाह किए बिना कानूनी कार्रवाई करेगी।

# इमरान पागल घोषित, मुनीर आर्मी ने गद्दार भी कहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने आडियाला जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पागल घोषित कर दिया है। सेना के प्रवक्ता ने बकायदा इसको लेकर एक बयान जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि इमरान अब मानसिक रोगी हो चुके हैं।

वे गद्दारों की भाषा बोल रहे हैं। इमरान खान जेल से आम नागरिकों को सेना के खिलाफ भड़काने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे अब टॉलरेट नहीं किया जाएगा। जियो टीवी उर्दू के मुताबिक आर्मी के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा: इमरान खान दुश्मन की भाषा बोल रहे हैं। अपने हर बयान में शेख मुजीब-उर रहमान का जिक्र कर रहे हैं। ये मुल्क के साथ गद्दारी है।

**■ सेना के प्रवक्ता ने बकायदा इसको लेकर बयान जारी किया, कहा: इमरान अब मानसिक रोगी हो चुके हैं, वे गद्दारों की भाषा बोल रहे हैं**

दरअसल, मुजीब उर रहमान की वजह से ही 1971 में पाकिस्तान का विभाजन हुआ था। यह घोषणा इमरान खान और उनकी बहन उज्मा के बीच हुई मुलाकात के ठीक 3 दिन बाद की गई है। उज्मा ने अपने भाई से मुलाकात के बाद उन्हें पूर्ण रूप से स्वस्थ्य बताया था। सवाल उठ रहा है कि क्या 3 दिन बाद ही इमरान खान पागल हो गए हैं? अहमद शरीफ चौधरी के मुताबिक अनुच्छेद 19 में सिर्फ अभिव्यक्ति की आजादी की बात नहीं कही गई है।

# तीन सेनाओं के चीफ बने आसिम मुनीर

## नियुक्ति को राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने मंजूरी दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने गुरुवार को आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) और चीफ आफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) नियुक्त किया। दोनों पदों पर उनका कार्यकाल पांच साल का होगा। नियुक्ति को राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने मंजूरी दी।

मुनीर पाकिस्तान के पहले सैन्य अधिकारी हैं जो एक साथ सीडीएफ और सीओएएस दोनों पद संभालेंगे। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नियुक्ति की सिफारिश करते हुए राष्ट्रपति को समरी भेजी थी। मुनीर को इसी साल फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया था। इसके अलावा एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू के लिए दो साल के एक्सटेंशन को भी मंजूरी दी गई, जो मार्च 2026 में



**एयरफोर्स चीफ को भी दो साल का एक्सटेंशन**

**विपक्ष बोला: शहबाज के पास अब सेना पर कंट्रोल नहीं, पाक आर्मी के हाथों में परमाणु कमांड**

उनके मौजूदा पांच साल के कार्यकाल के पूरा होने के बाद लागू होगा। पाकिस्तानी संसद ने 12 नवम्बर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था। इसके तहत मुनीर को सीडीएफ बनाया गया। इस पद के मिलते ही उन्हें पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की कमान भी मिल गई यानी वे देश के सबसे ताकतवर शख्स बन गए हैं। दरअसल 29 नवम्बर 2022 को जनरल आसिम मुनीर को सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उनका मूल कार्यकाल तीन साल का था, यानी 28 नवम्बर 2025 को खत्म हो गया। मुनीर को सीडीएफ बनाने के लिए 29 नवम्बर तक नोटिफिकेशन जारी होना था, तब मीडिया रिपोर्ट्स ने दावा किया था कि शहबाज शरीफ ने खुद को इस प्रक्रिया से इसलिए दूर कर लिया है, ताकि उन्हें आसिम मुनीर की नई नियुक्ति वाले आदेश पर साइन न करने पड़े।

# H-1B वीजा सोशल मीडिया अकाउंट के जांच के बाद मिलेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एच-1बी वीजा नियमों में सख्ती के आदेश दिए हैं। एच-1बी आवेदकों को अपना सोशल मीडिया अकाउंट सार्वजनिक करना होगा, ताकि अमेरिकी अधिकारी आवेदक की प्रोफाइल, सोशल मीडिया पोस्ट और लाइक्स को देख सकें।

यदि आवेदक की कोई भी सोशल मीडिया एक्टिविटी अमेरिकी हितों के खिलाफ दिखी तो एच-1बी वीजा जारी नहीं किया जाएगा। एच-1बी के आश्रितों (पत्नी, बच्चों और पेरेंट्स) के लिए एच-4 वीजा के लिए भी सोशल मीडिया प्रोफाइल को पब्लिक करना जरूरी होगा। ऐसा पहली बार है, जब एच-1बी वीजा के लिए सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच जरूरी की गई है। नए नियम 15 दिसम्बर से लागू

**■ ट्रम्प ने एच-1बी वीजा नियमों में सख्ती के आदेश दिए, 15 दिसम्बर से लागू होगा नया नियम भारतीयों पर पड़ेगा सबसे ज्यादा असर**

होंगे। ट्रम्प प्रशासन ने सभी दूतावासों को निर्देश जारी किए हैं। अगस्त से स्टडी वीजा एफ-1, एम-1 और जे-1 साथ ही विजिटर वीजा बी-1, बी-2 के लिए सोशल मीडिया प्रोफाइल को पब्लिक करने की अनिवार्यता लागू की जा चुकी है एच-1 बी वीजा हाई स्किल्ड प्रोफेशनल्स जैसे डाक्टर्स, इंजीनियर, साफ्टवेयर प्रोफेशनल्स को एच-1 बी वीजा जारी होता है। 1990 में अमेरिकी कांग्रेस में बिल के जरिए ये वीजा अस्तित्व में आया।

# मोदी और पुतिन 24 घंटे में 3 बार मिले, डिफेंस डील नहीं

## मोदी ने कहा: रूस सबसे करीबी दोस्त, पुतिन बोले: हम सिर्फ तेल-गैस की बात करने नहीं आए

**नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 23 घंटे में 3 बार मुलाकात की है। दोनों नेताओं ने साथ में प्राइवेट डिनर, द्विपक्षीय बातचीत, जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस और इंडिया-रूस बिजनेस फोरम की बैठक को संबोधित किया। हालांकि इस दौरान दोनों देशों के बीच भी किसी बड़े डिफेंस डील का ऐलान नहीं किया गया।



**पुतिन ने मोदी को रूस आने का न्योता दिया**

**पुतिन के दौरे पर बीबीसी ने कहा: अमेरिकी दबाव के बीच पुतिन भारत पहुंचे, यूक्रेनी मीडिया ने लिखा: भारतीय डिप्लोमेसी की परीक्षा**

इससे पहले कई रिपोर्ट्स में भारत-रूस के बीच किसी लड़ाकू विमान या बड़े रक्षा सौदा होने की बात कही जा रही थी। भारत-रूस के बीच 19 समझौतों पर मुहर लगी हैं। इनका मकसद भारत-रूस व्यापार बढ़ाना है। भारत-रूस के बीच शिप बिल्डिंग, भारतीय नाविकों को बर्फीले (पोलर) समुद्री इलाकों में जहाज चलाने की ट्रेनिंग, नई शिपिंग लेन पर निवेश, सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) पर समझौते और एमओयू साइन किए गए। पीएम मोदी ने रूस को सबसे करीबी सहयोगियों में से एक बताया है। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच दोस्ती को ध्रुव तारे की तरह स्थिर और अटल है। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनकी टीम सिर्फ तेल और गैस पर बात करने या सौदे करने के लिए भारत नहीं आई है।

वे भारत के साथ हर क्षेत्र में रिश्ते और व्यापार बढ़ाना चाहते हैं। पुतिन ने अगले साल मास्को में होने वाले भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए पीएम मोदी को न्योता दिया है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन गुरुवार को 4 साल बाद भारत दौरे पर पहुंचे। पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर उनका गले लगाकर स्वागत किया। अमेरिका से लेकर यूक्रेन तक की मीडिया इस दौरे को प्रमुखता से कवर कर रही है। बीबीसी ने कहा कि यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका लगातार भारत पर दबाव डाल रहा है कि वह रूस से तेल खरीद कम करे। भारत और रूस की दोस्ती बहुत पुरानी है और दोनों देश एक-दूसरे के लिए कई मायनों में जरूरी हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और लगभग डेढ़ अरब की आबादी वाला मार्केट है। यही वजह है कि रूस भारत को अपने लिए महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। खासकर तेल के कारोबार में रूस को भारत से बड़ी उम्मीदें हैं। आयल के अलावा डिफेंस सेक्टर में भी भारत-रूस साझेदारी काफी मजबूत है। कई सालों से भारत रूसी हथियार खरीदता आया है। इस यात्रा से पहले ऐसी खबरें आई थीं कि भारत रूस से नए लड़ाकू विमान और एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने पर विचार कर रहा है। रूस में स्किल वर्कर्स की कमी है और वह भारत को इस कमी को पूरा करने वाले एक बड़े सोर्स के तौर पर देखता है।

इस यात्रा का एक बड़ा राजनीतिक संदेश भी है। रूस दुनिया को यह दिखाना चाहता है कि पश्चिमी देशों के विरोध और यूक्रेन युद्ध के बावजूद वह अकेला नहीं है। पुतिन का भारत आना और इससे पहले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी मुलाकातें इसी संदेश का हिस्सा हैं। रूस जोर देकर कहता है कि उसकी चीन के साथ 'नो-लिमिट पार्टनरशिप' है और भारत के साथ उसका रिश्ता भी 'स्पेशल और स्ट्रैटेजिक' है। इस हफ्ते भारत की कूटनीति की बड़ी परीक्षा है, क्योंकि वह रूस और यूक्रेन के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मेजबानी कर रहा है। भारत पर दुनिया की नजर इसलिए भी है क्योंकि उसे रूस के साथ एनर्जी और रक्षा संबंध मजबूत रखने हैं, जबकि यूक्रेन, अमेरिका और यूरोपीय देश चाहते हैं कि भारत, रूस पर दबाव बनाए ताकि युद्ध कमजोर पड़े।



**बीकानेर।** मदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए गणना प्रपत्र भरने में मतदाताओं की सहायता करता बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ)।







